अधिकतम :30°C
न्यूनतम :22°C

# शाह टाइम्स

मेरठ, शनिवार 6 जून 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 364 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2083 | 19 जिलहिज्जा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**प्रकृति विरोधी माफिया से सतर्क रहें: सीएम योगी** पेज 2



**भारत-अफगानिस्तान टेस्ट से शुरू होगा गिल का दौर** खेल टाइम्स



**दिल्ली की गर्मी से बचना है, तो यहां जाएं** सम्पादकीय



**10 न्यूक्लियर बम बना सकता है ईरान: आईएईए** पेज 12

# रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भारत को सुखोई-57 ऑफर किया

**सेंट पीटर्सबग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत को सुखोई एसयू-57 स्टेल्थ फाइटर जेट को लेकर बड़ा ऑफर दिया है। उन्होंने कहा है कि रूस, भारत के साथ मिलकर इस विमान का विकास और उत्पादन करने के लिए तैयार है। साथ ही रूस जरूरी रक्षा तकनीकें साझा करने के लिए भी तैयार है।

पुतिन ने सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम के दौरान अंतर्राष्ट्रीय मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले भी भारत को इसे बनाने के प्रोजेक्ट में साझेदार बनने का ऑफर दिया था। उस समय भारत ने कहा था कि रूस पहले इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाए, उसके बाद भारत इसमें शामिल होने पर विचार करेगा। पुतिन ने कहा कि यह विमान हमारा जॉइंट प्रोजेक्ट हो सकता था। हमने इसे अपने दम पर विकसित किया, लेकिन अब भी हम भारत के साथ इस क्षेत्र में काम करने के लिए तैयार हैं। हम भारत को यह विमान देने और इसके आगे के विकास में साझेदारी करने के लिए तैयार हैं। इसमें हमें कोई समस्या नजर नहीं आती। यही बात एयर डिफेंस सिस्टम पर भी लागू होती है। पुतिन ने अमेरिका-भारत के संबंधों पर कहा कि यूएस कई मुद्दों पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन इस तरह की कोशिशें बेकार हैं। भारत इसका विरोध करेगा।



- **5G जनरेशन फाइटर जेट की तकनीक भी शेयर करेंगे**
- **अमेरिका से बोले- भारत पर दबाव डालना बेकार**

> सुखोई एसयू-57 पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान है और उनकी नजर में दुनिया के सबसे अच्छे फाइटर जेट्स में से एक है। इसमें स्टेल्थ क्षमता, उच्च गतिशीलता, आधुनिक एवियोनिक्स और मल्टी-रोल कॉम्बैट क्षमताएं हैं...
> **-व्लादिमीर पुतिन**

# पीएम मोदी मेरे अच्छे दोस्त: ट्रम्प

## भारत के साथ जल्द होगी ट्रेड डील

**वॉशिंगटन, वार्ता**



- **अमेरिकी राष्ट्रपति बोले- मोदी मुझे बहुत पसंद हैं, हमारे बीच अच्छा तालमेल है**

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने उम्मीद जताई है कि भारत और अमेरिका जल्द ही एक व्यापार समझौते पर पहुंच जाएंगे। ट्रम्प ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दोनों देश जल्द ही एक व्यापार समझौते पर पहुंच जाएंगे।

उन्होंने कहा कि हम एक समझौते तक जरूर पहुंचेंगे, क्योंकि मैं भारतीय प्रधानमंत्री को बहुत पसंद करता हूं। वे मेरे अच्छे दोस्त हैं। हमारे बीच बेहतरीन तालमेल है और हम मिलकर यह डील करने जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अब 'भारत के साथ काफी मुनाफा कमा रहा है।' पहले स्थिति अलग थी और भारत भारी टैरिफ लगाकर अमेरिका से पैसे कमाता था। अपनी बात को समझाने के लिए डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिकी मोटरसाइकिल ब्रांड 'हार्ले-डेविडसन' का उदाहरण दिया। उन्होंने तर्क दिया कि अतीत में भारत के लगाए गए ऊंचे टैरिफ के कारण इस प्रतिष्ठित निर्माता के लिए भारत में अपने वाहन बेचना बेहद मुश्किल हो गया था। ट्रम्प ने कहा कि अतीत में, वे हार्ले-डेविडसन को अपनी मोटरसाइकिलें **शेष पृष्ठ दो पर**

## अमेरिका ने इस वर्ष 1076 भारतीय नागरिकों को किया निर्वासित

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां मीडिया ब्रीफिंग में एक सवाल के जवाब में कहा कि इस वर्ष अब तक अमेरिका से 1076 भारतीय नागरिक वापस भेजे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष अमेरिका ने 3567 भारतीय नागरिकों को वापस भेजा था। प्रवक्ता ने कहा कि दोनों देशों के बीच प्रवासियों और लोगों के आवागमन को लेकर बातचीत चल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में तेज आंधी के साथ बारिश

**नई दिल्ली।** देश के 11 राज्यों में गुरुवार को आंधी-बारिश ने तबाही मचाई। मध्य प्रदेश के भोपाल में 70 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से तूफान आया। इससे कई इलाकों में 80 से ज्यादा पेड़ गिरे। उत्तर प्रदेश के भी 12 शहरों में बारिश हुई, नोएडा में भी दोपहर बाद तेज हवाओं के कारण 400 पेड़ उखड़ गए। पेड़ गिरने कई जगह गाड़ियां दब गईं। रास्ते घंटों जाम रहे। राजस्थान के जयपुर में दिल्ली से 4 फ्लाइट डायवर्ट करनी पड़ीं। श्रीगंगानगर में ओले गिरे। दिल्ली-एनसीआर में भी खराब मौसम के कारण 11 उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा। इधर, हरियाणा के फरीदाबाद में फ्लाईओवर बनाने लगाई गई क्रेन तेज हवाओं के कारण पलट गई। इसमें 3 मजदूरों की मौत हो गई।

### राहुल गांधी के मानहानि मामले में 25 जून को सुनवाई

**सुलतानपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी से जुड़े मानहानि के मामले में शुक्रवार को सुलतानपुर की एमपी-एमएलए स्पेशल एडीजे कोर्ट में सुनवाई हुई। रिवीजन याचिका (पुनरीक्षण अर्जी) पर कोर्ट ने अगली सुनवाई और बहस के लिए 25 जून की तारीख तय की है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि उनके द्वारा दाखिल की गई रिवीजन याचिका (पुनरीक्षण अर्जी) पर कोर्ट ने अगली सुनवाई और बहस के लिए 25 जून की तारीख तय की है।

# RBI को महंगाई बढ़ने का अंदेशा

## नए वित्त वर्ष की दूसरी बैठक में रेपो रेट में बदलाव नहीं, लोन नहीं होगा महंगा व EMI नहीं बढ़ेगी

**मुंबई, वार्ता**

**रिजर्व बैंक** ने नए वित्त वर्ष की दूसरी मीटिंग में रेपो रेट में बदलाव नहीं किया है। इसे 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। इससे लोन महंगे नहीं होंगे और ईएमआई नहीं बढ़ेगी। वहीं 2027 में महंगाई के अनुमान को 4.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया है।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 5 जून को इसकी जानकारी दी। वेस्ट एशिया (मध्य पूर्व) में चल रहे तनाव और सप्लाई चेन में रुकावटों के चलते आरबीआई ने आर्थिक विकास दर यानी जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को घटा दिया है। अब चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए जीडीपी ग्रोथ अनुमान को 6.9 फीसदी से घटाकर 6.6 फीसदी कर दिया गया है। महंगाई के बढ़ते जोखिमों के बावजूद मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी ने अपनी नीति का रुख न्यूट्रल (तटस्थ) बनाए रखने का फैसला किया है। कमेटी स्थिति पर नजर रखते हुए डेटा के आधार पर आगे कदम उठाएगी। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बताया कि हालांकि रिटेल महंगाई अभी टारगेट के दायरे में है, लेकिन वैश्विक तनाव के कारण फ्यूल (ईंधन) और एनर्जी की बढ़ती कीमतें आगे चलकर खुदरा बाजार और आम जनता की जेब पर दबाव डाल सकती हैं। पश्चिम-दक्षिण मानसून में कमी (कम बारिश) के अनुमान को लेकर भी चिंता जताई गई है। इसका सीधा असर खेती-किसानी की पैदावार और ग्रामीण इलाकों में मांग पर पड़ सकता है। हालांकि, सरकार की फसल विविधीकरण यानी डायवर्सिफिकेशन जैसी योजनाएं इसके असर को कम करने में मदद करेंगी। अच्छी बात यह है कि घरेलू आर्थिक गतिविधियां अब भी मजबूत बनी हुई हैं। मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर का प्रदर्शन बेहतर है और जीएसटी रेशनलाइजेशन व स्थिर रोजगार के चलते शहरी क्षेत्रों में कंजम्पशन (खपत) को सहारा मिल रहा है। गवर्नमेंट सिक्योरिटीज के तहत फुली एक्सेसिबल रूट (एफएआर) का दायरा बढ़ा दिया गया है। अब इसमें 10 साल तक के अलावा 15, 30 और 40 साल की अवधि वाले नए सरकारी बॉन्ड्स को भी शामिल किया जाएगा। पब्लिक सेक्टर कंपनियों द्वारा लिए जाने वाले एक्सटर्नल कमर्शियल बारोइंग को बढ़ावा देने के लिए 13 सितम्बर 2026 तक रियायती फारेक्स स्वैप की सुविधा दी जाएगी।





- **चालू वित्त वर्ष-2026-27 के लिए जीडीपी ग्रोथ अनुमान भी 6.9 से घटाकर 6.6 % किया**

# नेपाल के विदेश मंत्री के साथ वार्ता में सभी मुद्दों पर होगी बात: विदेश मंत्रालय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत यात्रा पर आए नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल की विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता में विकास के क्षेत्र में सहयोग, लोगों के बीच परस्पर संबंधों और व्यापार तथा निवेश के साथ-साथ अन्य सभी मुद्दों पर बात होगी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां सवालों के जवाब में कहा कि नेपाल के विदेश मंत्री भारत यात्रा पर आए हैं और उनकी विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता होगी। उन्होंने कहा कि नेपाल के साथ भारत के व्यापक मुद्दे हैं, जैसे विकास में सहयोग, लोगों के बीच परस्पर संबंध और व्यापार तथा निवेश आदि। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रियों की मुलाकात में इन सभी विषयों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि भारत नेपाल के साथ बहुआयामी साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने का उत्सुक है। प्रवक्ता से विदेश मंत्री की भारत यात्रा के एजेन्डे के साथ साथ यह पूछा गया था कि क्या भारत नेपाल के प्रधानमंत्री के सीमा विवाद पर दिए गए बयान के मुद्दे को भी उठाएगा।

- **भारत नेपाल के साथ बहुआयामी साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने का उत्सुक**

## कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर आज दिल्ली लौटेंगे



**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने 6 जून (आज) को भारत लौटने से पहले अपने पुरानी अपील से यूटर्न ले लिया है। उन्होंने 4 जून को रात 10 बजे सोशल मीडिया पर एक वीडियो मैसेज जारी कर समर्थकों से दिल्ली एयरपोर्ट पर न आने की अपील की है। कुछ दिन पहले उन्होंने खुद समर्थकों से एयरपोर्ट पहुंचने का आह्वान किया था। उम्मीद से ज्यादा समर्थन मिलने के कारण बड़ी भीड़ जुट सकती है, जिससे आम लोगों और सुरक्षा व्यवस्था को परेशानी हो सकती है।

# जनता कांग्रेस से नाराज, इसलिए कर्नाटक सीएम बदला: मोदी

**सूरत।** पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस 12 सालों से अराजकता और अनिश्चितता फैला रही है। कर्नाटक की जनता भी कांग्रेस की नकारात्मकता के नाराज है। इसलिए कर्नाटक में सीएम बदलना पड़ा।

मोदी बोले कि दूसरों पर निर्भर रहने वाले देश विकसित नहीं होते है। आज देश में कुछ निराशावादी लोग हैं, जिन्होंने देश को दूसरों पर निर्भर रखा। आज वो आत्मनिर्भर भारत का मजाक उड़ा रहे हैं।



पीएम ने शुक्रवार को गुजरात के सूरत में ये बातें कही। उन्होंने वहां से 18 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया।

# बीते वित्त वर्ष 7.7 प्रतिशत रही जीडीपी वृद्धि दर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सेवा और विनिर्माण क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन के दम पर वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत दर्ज की गई, जो 2022.23 आधार वर्ष पर शुरू नई सीरीज में सबसे तेज है।

वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत और 2024-25 में (पहला संशोधित अनुमान) 7.1 प्रतिशत रही थी। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2025-26 और उसकी चौथी तिमाही के जीडीपी के प्राथमिक अनुमान जारी किए। अनुमान में बताया गया है कि गत 31 मार्च को समाप्त पिछले वित्त वर्ष में वास्तविक जीडीपी 323.12 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई। यह एक साल पहले 299.89 लाख करोड़ रुपये थी। वर्तमान मूल्यों पर आधारित नॉमिनल जीडीपी या सांकेतिक जीडीपी 346.36 लाख करोड़ रुपये रही, जो सालाना 8.9 प्रतिशत की वृद्धि दिखाता है। वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में स्थिर मूल्य पर आधारित वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही और यह 87.77 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई। तीसरी तिमाही में वृद्धि दर आठ प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 8.3 प्रतिशत और पहली तिमाही में 6.8 प्रतिशत रही थी। चौथी तिमाही में नॉमिनल जीडीपी 9.1 प्रतिशत बढ़कर 94.65 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई। प्राथमिक अनुमानों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में सकल पूंजी निर्माण 9.9 प्रतिशत बढ़कर 110.64 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया।





- **2024-25 में 7.1 प्रतिशत थी जीडीपी वृद्धि दर**

IFTM UNIVERSITY
(Established under Section 2 (f) of UGC Act 1956 by UP Govt. Act No. 24 of 2010)
Lodhipur Rajput, Delhi Road, Moradabad - 244102 (U.P.)
A NAAC
30 Years of Excellence in Quality Education
REGISTRATIONS / ADMISSIONS OPEN FOR THE SESSION 2026-27

MANAGEMENT 9458032396, 9837350198, 8791090789
• BBA -3 yrs. • MBA
• BBA (Hons. with Research) - 4yrs.
• B.Com -3 yrs. • M.Com
• B.Com (Hons. with Research) - 4yrs.
• Diploma in Hotel Mgmt. (DHM)
• Bachelor of Hotel Mgmt. & Catering Technology (BHMCT)
• Master of Hotel Management (MHM)

PHARMACY 9451751810, 7906044144, 9927111259
• D. Pharm
• B. Pharm
• B. Pharm (2nd Year Lateral Entry)
• M.Pharm - Pharmaceutics - Pharmacology - Pharmaceutical Chemistry - Pharmacognosy

COMPUTER 9412809445, 9410013261, 9927048126
• BCA/BCA (Data Sci.) - 3 yrs. • MCA
• BCA (Hons. with Research) - 4yrs.
• B.Tech • M.Tech
Computer Science & Engineering
Artificial Intelligence & Machine Learning
• B.Tech (2nd Year Lateral Entry) • PGDCA

ENGINEERING 9997998354, 9897445775, 9997474743
• B.Tech - Electronics & Comm. Engineering - Electrical Engineering - Mechanical Engineering - Civil Engineering
• B.Tech (2nd Year Lateral Entry)
• M.Tech - Electronics & Comm. Engineering - Electrical Engineering (Power Sys. Engg.) - Mechanical Engineering - Civil Engineering (Structural Engg.)

BIOTECHNOLOGY 9837612666, 7017344483, 9760353953
• B.Tech • M.Tech - Biotechnology
• B.Sc. - 3 yrs. • M.Sc. - Biotechnology - Food Technology - Microbiology
• B.Sc. (Hons. with Research) - 4yrs. - Biotechnology - Microbiology - Food Technology

AGRICULTURE 8477061540, 9451350323, 9758531198
• B.Tech - Agricultural Engineering
• M.Tech - Farm Machinery & Power Engineering - Soil & Water Conservation Engineering - Process & Food Engineering
• B.Sc. (Hons.) - Agriculture
• M.Sc. (Ag.) - Agronomy - Horticulture (Veg. Sci., Floriculture & Landscaping, Genetic & Plant Breeding)

POLYTECHNIC 7310703861, 9457636158, 8923771133
• Diploma in Engineering - Electronics Engineering - Electrical Engineering - Computer Engineering - Computer Engg (Artificial Intelligence) - Mechanical Engineering - Civil Engineering - Production Engineering - Refrigeration & Airconditioning
• Diploma in Engineering (2nd Year Lateral Entry)

nirf NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK

SCIENCES 8279818760, 9259410042, 8077580771
• B.Sc. - 3 yrs.
• B.Sc. (Hons. with Research) - 4yrs. - Physics - Zoology - Chemistry - Botany - Mathematics - Home Science
• M.Sc. - Physics - Zoology - Chemistry - Botany - Mathematics - Home Science

HUMANITIES 9997473840, 7505488018, 7906392179
• BA -3 Yrs.
• BA (Hons. with Research) - 4yrs - English - Hindi - Economics - Sociology - Geography - Education - Political Science - Home Science - History - Sanskrit
• MA - English - Hindi - Economics - Sociology - Geography - Education - Political Science
• Master of Social Work (MSW)
• B.Lib. M.Lib.
• BA (Journalism)
• MA (Journalism)

EDUCATION 8126543884, 7906512226, 8445230387
• BA-B.Ed.- ITEP (Foundation/Preparatory/Secondary) • B.Ed.
• B.Sc.-B.Ed.- ITEP (Foundation/Preparatory/Secondary) • M.Ed.

LAW 8791491123, 9837589666, 9412565607
• B.A.-LL.B. • B.B.A.-LL.B.
• LL.B. • LL.M.

SPECIAL FACILITIES
• Free Uniform to the students
• Fee waiver to meritorious students
• Separate Hostels for Girls and Boys
• Career- Oriented and Skill Development Courses
• Convenience of lift in most of buildings of the University
• Banking facility with ATM
• Post Office facility on Campus
• Wi-Fi / Internet facility
• Canteen / Cafeteria facility for students
• Medical facility (Dispensary and Ambulance)
• Sports facility (In-door & Out-door games)
छात्राओं के लिए ट्यूशन फीस में 10% की छूट
SUNDAY OPEN
Free Bus Service for Pick and Drop from the City and places nearby, namely, Hasanpur, Gajraula, Dhanaura, Nauganva Sadaat, Amroha, Bilari, Chandausi, Kanth, Seohara, Sherkot, Dhampur, Nagina, Noorpur, Ganva, Chandpur, Singhpur Sahni, Asmoli, Sambhal, Rampur, Thakurdwara, Milak, Behjoi, Bisauli, Saidnagli, Dilari, Shahbad, Tanda, Bhawalpur, Agwanpur, MDAColony and Lajpatnagar.
Telephone- 9639004077, 9837504666, (0591)- 2360817/18
E-mail : admissions@iftmuniversity.ac.in Website : www.iftmuniversity.ac.in

## संक्षिप्त समाचार

### बिरला ने पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का किया आह्वान

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोगों से पर्यावरण संरक्षण का आह्वान करते हुए कहा है कि अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव लाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। बिरला में शुक्रवार को कहा कि पर्यावरण केवल हमारे अस्तित्व का आधार नहीं, बल्कि इसका संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा षविश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर आइए देखें कि किस प्रकार भारत की संसद पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास और हरित भविष्य के संकल्प को साकार कर रही है। संसद परिसर की हरियाली, स्वच्छ वातावरण, पेपरलेस कार्यप्रणाली, सिगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध तथा पर्यावरण-अनुकूल संसदीय भवन जैसी पहलें प्रकृति और प्रगति के संतुलित संगम का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करती हैं।

### मोदी ने सुरहा ताल के देश का 100वां रामसर स्थल बनने पर जताई खुशी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के बलिया स्थित जयप्रकाश नारायण पक्षी अभयारण्य (सुरहा ताल) को भारत के 100वें रामसर स्थल के रूप में मान्यता मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि यह देश की आर्द्रभूमियों और प्राकृतिक पर्यावरण के संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सुरहा ताल जैव विविधता, विशेषकर पक्षी प्रजातियों की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध आर्द्रभूमि है, जहां बड़ी संख्या में प्रवासी और स्थानीय पक्षी आते हैं।

# उप्र में फिर बदलेगा मौसम, लू फिर करेगी परेशान

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मेघगर्जन, वज्रपात तथा 50 से 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले दो दिनों के दौरान मौसम में बदलाव के आसार हैं। मौसम विभाग ने राज्य के पश्चिमी और पूर्वी दोनों हिस्सों में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना व्यक्त की है। वहीं नौ जून से प्रदेश के कई इलाकों में पुन: लू का प्रभाव बढ़ने की चेतावनी जारी की गई है।

मौसम केंद्र लखनऊ द्वारा शुक्रवार दोपहर जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार 5 और 6 जून को पश्चिमी तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा अथवा बौछारें पड़ सकती हैं। इसके बाद 7 से 9 जून तक अधिक. ांश क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में 10 जून को एक बार फिर कहीं-कहीं वर्षा और गरज-चमक की गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं, जबकि 11 जून को प्रदेश के दोनों हिस्सों में छिटपुट वर्षा के आसार हैं। मौसम विभाग ने आज यानी पांच जून के लिए विशेष चेतावनी जारी करते हुए पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं मेघगर्जन, वज्रपात तथा 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना जताई है। इसके साथ ही कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हो सकती है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी मेघगर्जन, बिजली चमकने और 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से तेज हवाएं चलने की संभावना है। छह जून को पूर्वी उत्तर प्रदेश में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ मेघगर्जन और वज्रपात की संभावना बनी रहेगी, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए कोई विशेष चेतावनी जारी नहीं की गई है। मौसम विभाग के अनुसार 9 जून से 11 जून के बीच पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर उष्ण लहर (लू) चलने की संभावना है। ऐसे में लोगों को दोपहर के समय धूप में निकलने से बचने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने तथा स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां बरतने की सलाह दी गई है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आगामी सप्ताह के दौरान प्रदेश में मौसम का मिजाज लगातार बदलता रहेगा। शुरुआती दिनों में आंधी, बारिश और वज्रपात की गतिविधियां राहत पहुंचा सकती हैं, लेकिन इसके बाद तापमान में वृद्धि के साथ लू का असर फिर से महसूस किया जा सकता है।

# खूबसूरत पर्यटन स्थलों को किया जा रहा है बर्बाद: राहुल

नई दिल्ली, वार्ता



■ जनजातीय समुदायों की जमीन वनाधिकार कानून का उल्लंघन कर छीनी जा रही

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ग्रेट निकोबार परियोजना को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि देश के सबसे खूबसूरत पर्यटन स्थलों में से एक ग्रेट निकोबार परियोजना के लिए करीब 1.5 करोड़ पेड़ काटकर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर इस क्षेत्र की खूबसूरती को बर्बाद किया जा रहा है।

गांधी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को लिखा कि मैं भारत के दक्षिणतम छोर इंदिरा प्वाइंट गया। वहां सदियों पुराने वृक्षों के बीच चहल कदमी की, समृद्ध समुद्री जीवन और जैव विविधता से भरपूर प्रवाल (कोरल रीफ) भित्तियां और वहां रहने वाले लोगों से बातचीत भी की। जनजातीय समुदायों की जमीन वनाधिकार कानून का उल्लंघन कर छीनी जा रही है और इन द्वीपों पर बसाए गए अनेक पूर्व सैनिकों को भी उचित मुआवजा नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी लोगों को बता रही है कि ग्रेट निकोबार परियोजना रक्षा जरूरतों के लिए है, जबकि ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि आईएनएस बाज के विस्तार की आवश्यकता है, तो कांग्रेस सरकार इसका पूरा समर्थन करेगी, लेकिन नौसेना की यह मांग पिछले पांच वर्षों से लंबित है। कांग्रेस नेता ने कहा कि परियोजना को ट्रांसशिपमेंट पोर्ट के नाम पर भी उचित नहीं ठहराया जा सकता क्योंकि ऐसा बंदरगाह केरल में पहले से विकसित किया जा रहा है।

### कांग्रेस ने कर्नाटक से खड़गे और खेड़ा को बनाया राज्यसभा उम्मीदवार

**बेंगलुरु।** कांग्रेस ने राज्यसभा के लिए 18 जून को होने वाले द्विवार्षिक चुनावों में कर्नाटक से पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा को उम्मीदवार बनाया है। इसके साथ ही पार्टी ने संगठन के प्रमुख चेहरों और रणनीतिकारों को भी मैदान में उतारा है। खड़गे को इसी राज्य से दोबारा उम्मीदवार बनाया गया है। कर्नाटक से खड़गे की उम्मीदवारी कांग्रेस के लिए राजनीतिक रूप से ऐसे संवेदनशील समय पर आई है, जब पार्टी बेंगलुरु में हाल ही में कैबिनेट स्तर पर असंतोष सामने आने के बाद अपने इस प्रमुख दक्षिणी गढ़ में गुटीय कलह से जूझ रही है। अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए कर्नाटक राज्य चुनकर पार्टी आगामी महत्वपूर्ण चुनावी लड़ाइयों से पहले अपने राजनीतिक समीकरणों में इस राज्य की केंद्रीय भूमिका को और मजबूत करने की इच्छुक दिखाई दे रही है।

# कांग्रेस ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगा

■ जयराम रमेश ने सीबीएसई की ओएसएम प्रणाली के टेंडर में अनियमितताओं का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली के टेंडर में कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा देने की मांग की करते हुए कहा है कि उनके पद पर बने रहते इस मामले की निष्पक्ष जांच संभव नहीं है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सीबीएसई की गवर्निंग बॉडी ने दिसम्बर 2024 की बैठक में ओएसएम प्रणाली को लागू करने के वित्तीय प्रभावों पर चिंता जताते हुए माना था कि इसकी लागत मौजूदा व्यवस्था की तुलना में काफी अधिक होगी। इसके बावजूद ओएसएम प्रणाली को बढ़ी हुई दरों पर लागू किया गया। रमेश ने एक अंग्रेजी दैनिक में इस बारे में छपी रिपोर्ट का हवाला देते हुए दावा किया कि ओएसएम प्रणाली के टेंडर का अनुमानित मूल्य पहले दो निविदाओं में 28 करोड़ रुपये था, लेकिन अंतिम कार्यादेश में इसे बढ़ाकर 38.46 करोड़ रुपये कर दिया गया। उन्होंने आरोप है कि वास्तव में स्कैन की गई उत्तर पुस्तिकाओं और वास्तविक दरों के आधार पर कार्य का मूल्य लगभग 25.39 करोड़ रुपये बैठता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि शिक्षा संबंधी संसदीय स्थाई समिति के समक्ष व्हिसलब्लोअर सार्थक सिद्धांत की प्रस्तुति के बाद उठाए गए सवालों का सीबीएसई ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया है।

## मुख्यमंत्री की वन्यजीव तस्करों के प्रति सजग रहने की अपील

# प्रकृति विरोधी माफिया से सतर्क रहें: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: प्रकृति और जलस्रोतों को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों को रोकना सजग नागरिकों का दायित्व

**लखनऊ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से भूमाफिया, वन माफिया, खनन माफिया और वन्यजीव तस्करों के प्रति सजग रहने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि प्रकृति और जलस्रोतों को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों को रोकना सजग नागरिकों का दायित्व है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को पांच संकल्प भी दिलाए- 'एक पेड़ मां के नाम' लगाना, पेड़ों को शरारती तत्वों और जीव-जंतुओं से बचाना, जल संरक्षण, सिगल यूज प्लास्टिक का त्याग और प्रकृति के अनुरूप जीवनशैली अपनाना। मुख्यमंत्री शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'उत्तर प्रदेश में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का समाधान' विषय पर आयोजित राज्यस्तरीय संगोष्ठी का शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया, बच्चों को चॉकलेट वितरित कीं, आमजन को कपड़े के झोले देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और स्कूली बच्चों के साथ सेल्फी लेते हुए वृक्ष कलश में जल अर्पित किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जल और वन जीवन चक्र के अभिन्न अंग हैं, लेकिन विकास के नाम पर हमने पर्यावरण की सर्वाधिक उपेक्षा की है। 40 वर्ष से अधिक आयु के लोग सहज ही महसूस कर सकते हैं कि पर्यावरण से खिलवाड़ की कीमत आज दुनिया चुका रही है। 25 वर्ष पहले की तुलना में मौसम चक्र में डेढ़ महीने का अंतर आ चुका है। योगी ने कहा कि कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था वाले उत्तर प्रदेश में इसका सीधा असर किसान पर पड़ेगा-अतिवृष्टि, अनावृष्टि, आय में कमी और खाद्यान्न संकट जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। असमय आने वाली आपदाएं चेता. वनी हैं कि अब भी समय रहते सुधार किया जाए। मुख्यमंत्री ने भगवान राम के उद्घोष 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' का उल्लेख करते हुए कहा कि मां और मातृभूमि के प्रति कर्तव्य और कृतज्ञता हर भारतीय का धर्म है।

### 54 के हुए योगी, राजनाथ, मायावती समेत कई दिग्गजों ने दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को 54 वर्ष के हो गए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती समेत देश की तमाम दिग्गज राजनीतिक हस्तियों ने मुख्यमंत्री योगी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी हैं। भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्रियों के साथ-साथ विपक्षी नेताओं ने भी सोशल मीडिया पर उनके कुशल नेतृत्व, सुशासन और प्रदेश के विकास की सराहना की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर लिखा, उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय एवं कर्मठ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने सुशासन, सुरक्षा, विकास एवं जनकल्याण के क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



# आईटी और धातु कंपनियों के दबाव से शेयर बाजारों में गिरावट

मुंबई, वार्ता



आईटी, धातु और तेल एवं गैस कंपनियों में बिकवाली के कारण शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही। बीएसई का सेंसेक्स 116.67 अंक (0.16 प्रतिशत) टूटकर 74,243.34 अंक पर बंद हुआ। यह छह अप्रैल के बाद का इसका निचला स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 49.85 अंक यानी 0.21 प्रतिशत नीचे 23,366.70 अंक पर बंद। यह इसका भी सात अप्रैल के बाद का निचला स्तर है। वृहत बाजार में भी बिकवाली हावी रही।

निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.38 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.06 प्रतिशत लुढ़क गया। निफ्टी आईटी सूचकांक 0.99 प्रतिशत, धातु सूचकांक 1.60 प्रतिशत और तेल एवं गैस सूचकांक 0.48 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। बैंकिंग, वित्त, मीडिया, रियल्टी, स्वास्थ्य और अन्य सभी सूचकांक ऊपर रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट का शेयर करीब सवा दो प्रतिशत गिर गया। टीसीएस, टाटा स्टील, एनटीपीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर एक से दो प्रतिशत तक टूटे। एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंडिगो, बीईएल, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा और इंफोसिस के शेयर भी गिरावट में रहे। हिंदुस्तान यूनीलिवर का शेयर दो प्रतिशत से ज्यादा चढ़ा। एक्सिस बैंक, अडानी पोर्ट्स और बजाज फाइनेंस में भी पौने दो प्रतिशत से ज्यादा तेजी रही। एशियन पेंट्स, इटरनल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, सन फार्मा और एलएंडटी के शेयर भी ऊपर रहे।

### चांदी एक दिन में 6,138, सोना 1,896 सस्ता, चांदी 2.55 लाख, सोना 1.54 लाख प्रतिग्राम हुआ

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में 5 जून को गिरावट दर्ज हुई है। एक किलो चांदी 6,138 रुपये घटकर 2.55 लाख रुपये पर आ गई है, जो गुरुवार को 2.61 लाख रुपये पर थी। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,896 रुपये घटकर 1.54 लाख रुपये आ गया है। इससे पहले 4 जून को यह 1.66 लाख पर था। सोना आल टाइम हाई से 127 दिन में 21,931 रुपये और चांदी 1,30,983 रुपये सस्ती हुई है। 29 जनवरी को सोना 1.76 लाख रुपये/10 ग्राम और चांदी 3.86 लाख रुपये /किलो थी। एक शहर से दूसरे शहर सोना ले जाने में ईंधन और सुरक्षा खर्च जुड़ता है, जिससे दूरी बढ़ने पर दाम बढ़ते हैं।

# वैश्विक आपूर्ति श्रंखलाओं में बिखराव सबसे बड़ा जोखिम: आरबीआई गवर्नर

मुंबई, वार्ता

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि अर्थव्यवस्था के सामने इस समय सबसे बड़ा जोखिम वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थितियों के चलते वैश्विक आपूर्ति की श्रृंखलाओं में उत्पन्न व्यवधान है क्योंकि इसका अवसर मुद्रास्फीति पर पड़ता है।

मल्होत्रा आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्वैमासिक समीक्षा बैठक के बाद परंपरागत संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। आरबीआई की द्वैमासिक समीक्षा रिपोर्ट में जगह-जगह जोखिमों के उल्लेख के बारे में पूछे गए स्पष्टीकरण पर उन्होंने कहा कि ऐसी कई बातें हैं, जो मुद्रास्फीति और अर्थिक वृद्धि के लिए जोखिम पैदा कर सकते हैं, इनमें भू-राजनी. तिक संघर्ष और मानसून की कमी के अनुमान जैसे जोखिम शमिल हैं। उन्होंने कहा, 'देखना है कि आगे स्थिति कैसी बनती है, पश्चिम एशिया में संघर्ष कब खत्म होता है और आपूर्ति श्रृंखलाओं की बहाली में कितना समय लगता है। इसी संदर्भ में आरबीआई गवर्नर ने कहा कि इन सब बातों को देखते हुए हमारी सबसे बड़ी चिंता आपूर्ति श्रंखलाओं को लेकर है। मुद्रास्फीति के बारे में पूछे गए सवाल पर मल्होत्रा ने कहा कि आरबीआई मुद्रास्फीति की प्रत्याशाओं पर निगाह बनाए रखेगा। इसके लिए आरबीआई परिवारों के बीच अपनी सर्वे रिपोर्ट के साथ दूसरे स्रोतों से मिलने वाली सूचनाओं (डाटा) पर भी ध्यान देता है। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पिछली समीक्षा के बाद वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें नरम हुई है जो मुद्रा स्फीति पर आरबीआई के ताजा अनुमानों में झलकता है। आरबीआई का ताजा अनुमान इस मान्यता पर आधारित है कि कच्चे तेल का भाव फिल हाल 95 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर रहेगा। उल्लेखनीय है कि आरबीआई-एमपीसी ने नीतिगत ब्याज दर (रेपो रेट) 5.25 प्रतिशत के पिछले स्तर पर तथा बैंकों के लिए उधार की सीमांत सुवधा (एमएसएफ) और बैंक दरों को 5.0, 5.50 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# मायावती ने हिमाचल, जम्मू कश्मीर यूनिट की लगाई क्लास



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने शुक्रवार को पार्टी की हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर यूनिट की अहम समीक्षा बैठक की।

बैठक में पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, सर्वसमाज में जनाधार बढ़ाने और आगामी चुनावों में सफलता हासिल करने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। मायावती ने बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से पेश की गई प्रगति रिपोर्ट की गहन समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए अब केवल बयानबाजी नहीं, बल्कि जमीनी काम और चुनावी नतीजों पर पूरा ध्यान देना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि बहुजनों को अपने वोट की सुरक्षा को अपने आत्म-सम्मान, इज्जत, जान-माल और मजहब की तरह समझना होगा। तभी अंबेडकरवादी मिशन का कारवां अपनी मंजिल तक पहुंच पाएगा। उन्होंने कहा कि बसपा को आगे बढ़ाने के लिए तन, मन और धन से पूरी मुस्तैदी लानी होगी और चुनावी सफलताओं को भी उतना ही महत्व देना होगा, जितना संगठनात्मक काम को।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**पीएम मोदी...**

नहीं बेचने देते थे। उन्होंने 200 प्रतिशत का टैरिफ लगा रखा था, जिससे हार्ले-डेविडसन के लिए रास्ते बंद हो गए थे। आखिरकार कंपनी को भारत जाकर अपने खुद के प्लांट लगाने पड़े। जो हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण था, लेकिन ऐसा हुआ। यह सब मेरे कार्यकाल से पहले की बात है। उन्होंने कहा कि वे भी यहां मोटरसाइकिलें बेचते थे। क्या आप जानते हैं कि हम उनसे कितना शुल्क लेते थे? कुछ भी नहीं। और अब स्थिति इसके बिल्कुल उलट है। हम भारत के साथ काफी मुनाफा कमा रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी आरोप लगाया कि भारत सालों से अमेरिकी नीतियों का फायदा उठा रहा था और भारी-भरकम टैरिफ वसूल रहा था। उन्होंने कहा कि वे हमारी कंपनियों से भारी मात्रा में टैरिफ वसूलते थे और हम उनसे कुछ भी नहीं लेते थे। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली में एक अंतरिम द्विपक्षीय समझौते पर चार दिनों तक चली बातचीत को गुरुवार को पूरा किया है। भारत के वाणिज्य मंत्रालय ने इस वार्ता के बारे में कहा कि व्यापार वार्ता सहयोग और व्यावहारि. कता की भावना से भरी रही। दोनों पक्षों ने एक ऐसे पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते पर पहुंचने की प्रतिबद्धता दोहराई, जो द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंधों को मजबूत करे।

# दिल्ली में 18 नमो ऑक्सीजन पार्कों की शुरूआत, इसी वर्ष लगेंगे 15 लाख पेड़

नई दिल्ली, वार्ता



पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव तथा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 18 नमो ऑक्सीजन पार्कों का उद्घाटन करते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत कई पर्यावरणीय पहल शुरु की।

यादव ने यहां मैदनगढ़ी स्थित नमो ऑक्सीजन पार्क में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता में कमी और भूमि क्षरण मानवता के समक्ष तीन बड़ी पर्यावरणीय चुनौतियां हैं और इन चुनौतियों के बीच भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व के कारण ही देश ने सौर ऊर्जा, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन, अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस तथा रामसर आर्द्रभूमि स्थलों के विस्तार जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास और जनभागीदारी आवश्यक बताते हुए उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का उल्लेख किया और कहा कि यह अभियान वृक्षारोपण को जन-आंदोलन में बदलने में सफल रहा है। उन्होंने नागरिकों से पौधारोपण के साथ-साथ पेड़ों के संरक्षण और देखभाल की भी अपील की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ᳚सीएक्यूएम᳛ वायु प्रदूषण के प्रमुख्ाे तों से निपटने के लिए अनेक कदम उठा रहे हैं। इनमें ऑनलाइन निरंतर उत्सर्जन निगरानी प्रणाली, वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों की स्थापना, सड़कों की मशीनीकृत सफाई तथा इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना शामिल है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में विकसित किए गए 18 नमो ऑक्सीजन पार्क शहरी हरित 'फेफड़ों' के रूप में कार्य करेंगे तथा वायु गुणवत्ता में सुधार, जैव विविधता संरक्षण और नागरिकों को प्रकृति से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। श्री यादव ने कहा कि पर्यावरण सरंक्षण के लिए जो भी कदम उठाए जा रहे हैं ए सारे प्रयास राजधानी में पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता प्रबंधन और सतत विकास को मजबूती प्रदान करेंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय राजधानी की वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए हरित क्षेत्र के विस्तार को जरूरी बताया और कहा कि दिल्ली सरकार ने इस वर्ष पूरे शहर में 15 लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण अभियान की सफलता के लिए पौधों की देखभाल और संरक्षण में भी जनभागीदारी आवश्यक है। कार्यक्रम में दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए 2026-27 से 2036-37 तक की कार्ययोजना, असोला भट्टी वन्यजीव अभयारण्य की प्रबंधन योजना तथा दिल्ली बर्ड एटलस का भी विमोचन किया गया।

### सुरक्षित अमरनाथ यात्रा के लिए पहचान एप लॉन्च

**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा के दौरान पर्यटकों और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को बढ़ाने के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 'अनंतनाग जिले में पहचान एप' लॉन्च किया है। यह एक क्यूआर आधारित मोबाइल एप्लिकेशन है, जिसका उद्देश्य यात्रा मार्ग और प्रमुख पर्यटन स्थलों पर काम करने वाले सेवा प्रदाताओं का पंजीकरण और सत्यापन करना है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह एप्लिकेशन सेवा प्रदाताओं का तुरंत, मौके पर ही सत्यापन करने में सक्षम बनाता है और पंजीकृत एवं सत्यापित व्यक्तियों को अपंजीकृत लोगों से स्पष्ट रूप से अलग करके एक सुरक्षित माहौल तैयार करता है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि पहचान एप लॉन्च करने के पीछे मुख्य उद्देश्य सेवा प्रदाताओं के भेष में असामाजिक तत्वों के प्रवेश को रोककर यात्रा की अवधि के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना है।

# हस्तिनापुर से चुनाव लड़ना मेरा सौभाग्यः चंद्रशेखर आजाद

## सत्ता परिवर्तन यात्रा में दलित मुस्लिम गठजोड़ ने बढ़ाया यूपी में सियासी पारा

**शाहवेज खान/शाह टाइम्स**

**मेरठ/हस्तिनापुर।** नगीना से सांसद और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने शुक्रवार को मेरठ में अपनी 'सत्ता परिवर्तन यात्रा' के जरिए पश्चिमी यूपी में सियासी हलचल तेज कर दी। यात्रा की शुरुआत ऐतिहासिक नगरी हस्तिनापुर से हुई, जहां से होते हुए मवाना, इंचौली और शेरगढ़ी से मेरठ शहर तक उनका काफिला पहुंचा। यात्रा के दौरान उमड़ी भीड़, खासकर मुस्लिम समाज की बड़ी भागीदारी ने विपक्षी दलों की चिंता बढ़ा दी है। साथ ही साथ दलित समाज के युवाओं ने भी इस यात्रा के महत्व को और गहरा कर दिया है।

चंद्रशेखर ने मवाना पहुंचकर सबसे पहले 1857 के नायक शहीद धन सिंह कोतवाल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। यहां जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने हस्तिनापुर विधानसभा से चुनाव लड़ने के संकेत भी दे दिए। उन्होंने कहा कि हस्तिनापुर का वोट बेहद खास होता है। यह सत्ता की दिशा तय करता है। हमारी पार्टी में लोकतंत्र है। अगर पार्टी चाहेगी तो मैं हस्तिनापुर से विधानसभा चुनाव लड़ूंगा। यह मेरा सौभाग्य होगा।

### शेरगढ़ी से मेरठ शहर तक 'नीला सैलाब'

शेरगढ़ी से जैसे-जैसे यात्रा मेरठ शहर की ओर बढ़ी, काफिले के पीछे समर्थकों का 'नीला सैलाब' दिखने लगा। सड़कों पर नीले झंडे और चंद्रशेखर के पोस्टरों की भरमार थी। सबसे खास बात यह रही कि यात्रा में मुस्लिम समाज की भागीदारी बड़ी संख्या में दिखी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह भीड़ सीधे तौर पर समाजवादी पार्टी के कोर वोट बैंक में सेंध का संकेत है और दलित समाज के युवा बसपा की सियासत को भी खिला सकते हैं हालांकि चंद्रशेखर के पीछे नीले सैलाब में सर्व समाज के लोग मौजूद थे।

### आजाद समाज पार्टी के 'नीले सैलाब' से कई राजनीतिक पार्टी को हुई टेंशन

### 2027 के लिए बढ़ी सपा की टेंशन

चंद्रशेखर की इस यात्रा ने सबसे ज्यादा टेंशन बसपा और समाजवादी पार्टी की बढ़ा दी है। वहीं मेरठ की सड़कों पर उमड़ी मुस्लिम भीड़ को देखकर सपा नेता पूरी तरह चिंतित हुए होंगे। सियासी गलियारों में चर्चा है कि अगर आजाद समाज पार्टी ने इसी तरह दलित-मुस्लिम समीकरण साध लिया तो 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा को भारी नुकसान हो सकता है। हस्तिनापुर को लेकर चंद्रशेखर का बयान भी इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। चंद्रशेखर ने अपने संबोधन में भाजपा सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह 'सत्ता परिवर्तन यात्रा' उन लोगों के हक की लड़ाई है जिन्हें आज तक सिर्फ वोट बैंक समझा गया।

### क्यों अहम है यह यात्रा?

चंद्रशेखर की इस यात्रा ने सबसे ज्यादा टेंशन समाजवादी पार्टी की बढ़ा दी है। मेरठ की सड़कों पर उमड़ी मुस्लिम भीड़ को देखकर विपक्ष चिंतित है। सियासी जानकार मानते हैं कि अगर आजाद समाज पार्टी ने दलित-मुस्लिम समीकरण साध लिया तो 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा को सीधा नुकसान होगा। हस्तिनापुर को लेकर चंद्रशेखर का बयान भी इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। यात्रा को 2027 के लिए ग्राउंड तैयार करने के तौर पर देखा जा रहा है।




### फूल तो दे रहे हो बदर को वोट भी दे देनाः चन्द्रशेखर

शहर में आजाद समाज पार्टी के नेता बदर अली के नेतृत्व में चंद्रशेखर का कई जगह जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान बुलडोजर से फूलों की वर्षा करवाई गई। बदर अली ने अनोखे अंदाज में बुलडोजर पर ही फूलों की माला रखी थी। जगह-जगह यात्रा का स्वागत हुआ और लोगों ने चंद्रशेखर को समर्थन देने का वादा किया। इस दौरान चंद्रशेखर ने बदर अली को सुरक्षा घेरे में लिया और अपने साथ रखा। लोगों ने चंद्रशेखर को फूल दिए तो उन्होंने कहा कि फूल तो दे रहे हो लेकिन बदर को वोट भी दे देना। इस दौरान शहर में भारी भीड़ रही। शहर में सत्ता परिवर्तन यात्रा को कामयाब बनाने की जिम्मेदारी बदर अली पर थी जिसे बदर अली ने बखूबी निभाया। उनके नेतृत्व में पूरा शहर नीले रंग के होर्डिंगों से पहले ही भर चुका था।



### इंचौली में 'बाबर' की तारीफ, स्थानीय मुद्दों पर फोकस

मवाना के बाद यात्रा इंचौली पहुंची। यहां चंद्रशेखर ने स्थानीय नेता बाबर चौहान की जमकर तारीफ की। जनता से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि आप मेरे सामने कोई ऐसा काम लाइए जिसे मैं देश के सामने उठा सकूं और अगर क्षेत्र की कोई समस्या है तो उसके लिए बाबर काफी है। आप बाबर को अपने काम बता सकते हैं। इस पर बाबर के समर्थकों ने चंद्रशेखर का आभार जताया।



# पौधारोपण कर मनाया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय मतदाता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सदस्य स्पेशल ओलंपियाड भारत वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित आदेश फौजी के नेतृत्व में शुक्रवार को गांव कक्केपुर में भाजपा नेता कार्यक्रम संयोजक मंडल मंत्री जितेंद्र गोस्वामी द्वारा पंचायत भवन में विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 54वां जन्मदिन मनाया गया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाने वाली 54 मातृ-शक्तियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकुमार त्यागी ने की मंच का सुन्दर संचालन प्रदीप शर्मा ने किया। कार्यक्रम में रामकुमार त्यागी ने विचार रखते हुए प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को कहा अनुशासित जीवन सफलताओं की कुंजी है। पंडित आदेश फौजी ने योगी आदित्यनाथ के संत जीवन एवं राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डालते कहा उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने में उनका अनूठा योगदान है साथ ही 2027 में पुनः भाजपा की सरकार बनाने जाने का उपस्थित जनसमूह से आग्रह किया इस दौरान दीपक शर्मा ,रवि बटजेवरा, संदीप प्रधान, योगेश गोस्वामी, सुमित बाल्मीकि, निमेष त्यागी, रविन्द्र, रामकुमार त्यागी धन सिंह आदि मौजूद रहे। इसके अलावा गांव बनवारीपुर में भाजपा नेता दयाल त्यागी के आवास पर विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 54वा जन्मदिन मनाया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाने वाली 54 मातृ-शक्तियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद त्यागी ने की मंच का सुन्दर संचालन प्रदीप शर्मा ने किया। इस दौरान वैघ सुरेश पूनिया, दीपक शर्मा, नितिन शर्मा, रवि बटजेवरा, सचिन प्रधान आदि मौजूद रहे।



# भाजपा नेता संजय चौधरी ने वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर शुक्रवार को सरधना स्थित श्री गुरु हर गोविंद साहब जी मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन के संस्थापक एवं भाजपा नेता संजय चौधरी ने वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। संजय चौधरी ने कहा कि स्वच्छ, हरित और संतुलित पर्यावरण ही मानव जीवन, समृद्ध जैव विविधता तथा हमारी आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की असली आधारशिला है। भाजपा नेता संजय चौधरी ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान का जिक्र करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण को एक जनआंदोलन का रूप देने के लिए प्रधानमंत्री ने देशवासियों से 'एक पेड़ माँ के नाम' लगाने की जो आत्मीय अपील की है, वह न केवल प्रकृति का संरक्षण करती है बल्कि हमारी मातृशक्ति का भी सच्चा सम्मान है। उन्होंने यह भी कहा कि आज लगाया गया यह पौधा न केवल पर्यावरण को शुद्धता देगा, बल्कि हमारी भावी पीढ़ी के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भी प्रतीक बनेगा। संजय चौधरी ने सभी से कहा कि इस अभियान से जुड़कर अपनी धरती माँ को हरा-भरा बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दें। इस मौके पर सुगन शर्मा, हिमांशु त्यागी, नितिन कुमार, प्रवीण सैनी सहित अन्य कॉलेज स्टाफ व कर्मचारी उपस्थित रहे।



### जानी खुर्द में धूमधाम से मना पर्यावरण दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शुक्रवार को जानी क्षेत्र में पर्यावरण दिवस बड़े उत्साह से मनाया गया। गांव-शहर में वृक्षारोपण कर 'पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ' का संदेश दिया गया। समाजसेवी मोनु तोमर ने स्कूल परिसर में पौधा लगाया। स्कूल, कॉलेज और सरकारी कार्यालयों में भी लोगों ने पेड़ लगाए। रसूलपुर धौलडी के एनएचएम पब्लिक स्कूल में सभी शिक्षकों ने वृक्षारोपण किया। डॉ. नफीस अहमद राजपूत ने कहा कि पर्यावरण ही जीवन है। कोरोना काल में ऑक्सीजन की किल्लत ने पेड़ों का महत्व समझाया। उन्होंने अपील की कि हर व्यक्ति अपने घर में एक पेड़ जरूर लगाए और पर्यावरण को नुकसान न पहुंचाए, क्योंकि ऑक्सीजन के बिना जीवन संभव नहीं।

# मेरठ में 200 मीटर निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार का आरोप, जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कुंज विहार, जागृति विहार सेक्टर-6 के निवासियों ने अधिवक्ता विजय बहादुर के नेतृत्व में नगर निगम मेरठ को पत्र लिखकर सड़क, नाली व सीवर निर्माण में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि 15 साल से जर्जर पड़ी 200 मीटर लंबी, 40 फुट चौड़ी सड़क के निर्माण में स्वीकृत मानकों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। शिकायत के अनुसार, स्वीकृत 40 फुट की जगह केवल 18 फुट चौड़ी सड़क बनाई जा रही है। नाली और सीवर लाइन का काम योजना के अनुरूप नहीं हो रहा। सड़क की लेवलिंग में घटिया व अवैध कच्चा मलबा डाला गया है। ठेकेदार गौरव राणा निर्माण कार्य अधूरा छोड़कर फरार है, जिसके चलते पिछले दो माह से काम पूरी तरह बंद पड़ा है। इससे क्षेत्र में जलभराव, आवागमन की समस्या और दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। निवासियों ने आरोप लगाया कि अधिकारियों व ठेकेदार की मिलीभगत से सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। समस्त क्षेत्रवासियों ने नगर आयुक्त से स्वतंत्र तकनीकी समिति द्वारा उच्च स्तरीय जांच, दोषियों पर मुकदमा दर्ज करने और भुगतान रोकने की मांग की है।



# किठौर पुलिस ने दबोचा शातिर, फर्जी पुलिसकर्मी बनकर झाड़ता था रौब

### कार, पुलिस कैप और फर्जी पहचान पत्र बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** किठौर पुलिस ने एक ऐसे शातिर युवक को गिरफ्तार किया है जो स्वयं को उत्तर प्रदेश पुलिस का कर्मचारी बताकर लोगों पर धौंस जमाता था और पुलिसकर्मी होने का झूठा प्रभाव दिखाकर विभिन्न स्थानों पर लाभ लेने की कोशिश करता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक टाटा पंच कार, पुलिस पी-कैप, उत्तर प्रदेश पुलिस का परिचय पत्र (आईडी कार्ड) और मोबाइल फोन बरामद किया है। गुरुवार को थाना किठौर पुलिस टीम मवाना तिराहे पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध टाटा पंच कार को रोककर जांच की। वाहन चालक ने अपना नाम अमित पुत्र नेपाल सिंह निवासी ग्राम अमीनाबाद ऊॅं बड़ा गांव, थाना परीक्षितगढ़, जनपद मेरठ बताया। पूछताछ के दौरान उसने खुद को पुलिस विभाग का कर्मचारी बताते हुए मोबाइल फोन में पुलिस वर्दी पहने अपनी तस्वीरें दिखाईं और पुलिसकर्मी होने का दावा किया। हालांकि जब पुलिस टीम ने उससे विभागीय जानकारी और सेवा संबंधी प्रश्न पूछे तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। संदेह होने पर पुलिस ने उसकी गहन जांच और तलाशी ली, जिसमें उसके पास से एक पुलिस पी-कैप, उत्तर प्रदेश पुलिस का परिचय पत्र (आईडी कार्ड) और मोबाइल फोन बरामद हुआ। जांच में स्पष्ट हुआ कि आरोपी पुलिस विभाग में कार्यरत नहीं है। वह अपनी कार पर पुलिस का स्टीकर लगाकर चलता था और चेकिंग, टोल प्लाजा समेत विभिन्न स्थानों पर पुलिसकर्मी होने का प्रभाव दिखाकर अनुचित लाभ लेने का प्रयास करता था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी के मोबाइल फोन में पुलिस वर्दी में उसकी कई तस्वीरें मौजूद थीं, जिनमें कुछ तस्वीरें एआई तकनीक की सहायता से तैयार की गई थीं। इन तस्वीरों का इस्तेमाल वह लोगों को भ्रमित कर स्वयं को पुलिसकर्मी साबित करने के लिए करता था।

थाना प्रभारी सुबोध कुमार सक्सेना के अनुसार आरोपी के कब्जे से बरामद टाटा पंच कार, सैमसंग मोबाइल फोन, पुलिस पी-कैप और उत्तर प्रदेश पुलिस का परिचय पत्र कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई के तहत वाहन को सीज कर दिया गया है। उनका का कहना है कि सरकारी पद का फर्जी प्रतिरूप धारण कर लोगों को गुमराह करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। आमजन से भी अपील की गई है कि किसी भी व्यक्ति द्वारा स्वयं को सरकारी कर्मचारी बताने पर उसकी पहचान की पुष्टि अवश्य करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि उसने अब तक कितने लोगों को अपने झांसे में लिया और फर्जी पहचान का उपयोग किन-किन उद्देश्यों के लिए किया। यह कार्रवाई फर्जी पुलिसकर्मियों और वर्दी का दुरुपयोग करने वाले तत्वों के खिलाफ किठौर पुलिस की एक महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है।




# ओवरलोड वाहनों से लग रहा जाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर में ओवरलोड वाहनों के चलते जाम की स्थिति बन रही है। घंटो घंटो जाम लगा रहता है। जिसमें वाहन चालक परेशान हो रहे हैं। 2 दिन पूर्व पुलिस ने सड़क किनारे लगे अतिक्रमण को हटाया था। उसके बावजूद भी ओवरलोड वाहनो के चलते जाम लग रहा हैं। पुलिस का कहना है कि जल्दी समस्या का समाधान कराएंगे। बताते चले कि शुक्रवार की दोपहर करीब 5 बजे भुसा से भरे ट्रॉले की वजह से जाम लग गया। जाम इतना लंबा था कि मौके पर पहुंची पुलिस ने घंटो के बाद वाहनों को एक दूसरे को हटाकर जाम को खुलवाया। पुलिस का कहना है कि भूसे से भरे वाहनों के खिलाफ संघन अभियान चलाकर कार्रवाई करेंगे।

### कारीगरी बाय शेफ हरपाल सिंह सोखी ने मेरठ में भव्य 'राज तिलक उत्सव' के साथ की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कारीगरी बाय शेफ हरपाल सिंह सोखी, उत्तर भारतीय व्यंजनों के लिए प्रसिद्ध और पुरस्कार-विजेता फाइन डाइनिंग ब्रांड, भारत में अपने 13वें आउटलेट तथा मेरठ में अपनी पहली उपस्थिति के भव्य शुभारंभ की गर्वपूर्वक घोषणा करता है। यह उद्घाटन न केवल ब्रांड की विस्तार यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि मेरठ शहर के लिए भी एक नया अध्याय है, क्योंकि करिगरी शहर का पहला शेफ-लीड फाइन डाइनिंग रेस्टोरेंट लेकर आया है, जो पाक-कला और आतिथ्य अनुभवों के नए मानक स्थापित करेगा। शुक्रवार को आयोजित होने वाला भव्य उद्घाटन समारोह राज तिलक उत्सव थीम पर आधारित था, जो भारत के कारीगरों शिल्पकारों, कलाकारों, खिलाड़ियों, रचनाकारों और दूरदर्शी व्यक्तित्वों को समर्पित है। यह आयोजन करिगरी की उस मूल भावना को दर्शाता है, जिसमें हर प्रकार की कारीगरी और उसे साकार करने वाले लोगों का सम्मान किया जाता है। उद्घाटन से एक दिन पूर्व गुरुवार को करिगरी ने 'शरबत-ए-शाम, मेरठ के नाम' शीर्षक से एक विशेष निजी संध्या का आयोजन किया, जिसमें मेरठ के प्रतिष्ठित उद्यमियों, सामाजिक हस्तियों और शहर के प्रमुख व्यक्तियों ने भाग लिया। इस अवसर पर अतिथियों को करिगरी के अनूठे कॉन्सेप्ट और अनुभव की पहली झलक देखने का अवसर मिला। लगभग 3,000 वर्ग फुट में फैला यह नया रेस्टोरेंट भारत के करिगारों को समर्पित एक जीवंत श्रद्धांजलि के रूप में डिजाइन किया गया है।



# एक पेड़ मां के नाम' अभियान में जुटे भाजपाई, संगीत सोम ने किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सरधना में विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया। शुक्रवार सुबह नगर स्थित जैन इंटर कॉलेज में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में पूर्व विधायक संगीत सोम ने पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगीत सोम ने कहा कि प्रकृति और मानव जीवन का संबंध अटूट है। वृक्ष न केवल हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण संत. ुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री नितिन शर्मा, मंडल अध्यक्ष विनोद जैन सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



# राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल हत्याकांड पर सियासत हुई तेज...

## न्याय की मांग को लेकर चिरौड़ी पहुंचे सत्ता और विपक्ष के दिग्गज





■ पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान और सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने परिजनों से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल की हत्या का मामला अब प्रदेशभर में चर्चा का विषय बन गया है। मेरठ के दौराला थाना क्षेत्र स्थित गांव चिरौड़ी में मातम पसरा हुआ है और पीड़ित परिवार न्याय की उम्मीद लगाए बैठा है। शुक्रवार को सत्ता और विपक्ष के कई वरिष्ठ नेताओं ने गांव पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की तथा मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। अनुष्का पाल हत्याकांड अब केवल एक आपराधिक घटना नहीं रह गया है, बल्कि राजनीतिक और सामाजिक बहस का बड़ा मुद्दा बन चुका है। एक ओर भाजपा नेताओं ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया, वहीं समाजवादी पार्टी ने मामले को विधानसभा से लेकर संसद तक उठाने की बात कही है।

### डेढ़ माह तक लापता रही राष्ट्रीय खिलाड़ी फिर मिला शव

गांव चिरौड़ी निवासी नेमपाल की पुत्री अनुष्का पाल राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी खिलाड़ी थीं। खेल के साथ-साथ वह इंटरमीडिएट की पढ़ाई भी कर रही थीं। बेहतर प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए वह पिछले दो वर्षों से मेरठ के कंकरखेड़ा क्षेत्र स्थित शोभापुर में अपने भाई अनमोल के साथ किराये पर रह रही थीं। परिजनों के अनुसार 15 अप्रैल को वह अचानक लापता हो गई थीं। काफी तलाश और पुलिस कार्रवाई के बावजूद लंबे समय तक उनका कोई सुराग नहीं लग सका। बाद में जब मामले का खुलासा हुआ तो परिवार सहित पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश फैल गया। अनुष्का क्लास दलदली क्षेत्र में बोरे में मिली थी शव पूरी तरह गल गया था और कंकाल जैसी स्थिति हो गई थी

### सच्चाई सामने आनी चाहिए: संजीव बालियान

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा नेता डॉ. संजीव बालियान ने चिरौड़ी पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि अनुष्का जैसी प्रतिभाशाली खिलाड़ी के साथ हुई घटना अत्यंत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष और गहन जांच होनी चाहिए ताकि किसी भी पहलू की अनदेखी न हो। परिजनों ने यह सवाल भी उठाया कि यदि पुलिस के अनुसार मोबाइल फोन बरामद हो चुका है तो अन्य सामान और दस्तावेज कहां हैं।

### सपा ने सरकार को घेरा, विधानसभा और संसद में उठेगा मुद्दा

समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल, सरधना विधायक अतुल प्रधान तथा अन्य नेताओं ने भी गांव पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। सपा नेताओं ने कहा कि मामले में अभी कई ऐसे सवाल हैं जिनके जवाब सामने आना बाकी हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पीड़ित परिवार को शीघ्र और निष्पक्ष न्याय मिलना चाहिए। विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि अनुष्का पाल हत्याकांड का मुद्दा विधानसभा में प्रमुखता से उठाया जाएगा। वहीं प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि पार्टी इस मामले को राष्ट्रीय स्तर तक ले जाएगी और दोषियों को कठोर सजा दिलाने के लिए संघर्ष करेगी।

### न्याय की मांग पर एकजुट हुआ गांव

गांव चिरौड़ी में लगातार लोगों का पहुंचना जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि अनुष्का केवल एक परिवार की बेटी नहीं थीं, बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव थीं। राष्ट्रीय स्तर पर कबड्डी में पहचान बनाने वाली बेटी के साथ हुई इस घटना ने हर किसी को झकझोर दिया है। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि दोषियों को कठोर सजा मिलने तक न्याय की लड़ाई जारी रखी जाएगी।

### मात्र 3600 रूपये के लिए की गई हत्या

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी श्याम धानक ने पूछताछ में बताया कि उसके और अनुष्का के बीच पैसों का लेन-देन था। आरोपी का दावा है कि करीब ''3,600 रुपये के उधार'' को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद उसने हत्या की वारदात को अंजाम दिया। हालांकि पीड़ित परिवार इस दावे से संतुष्ट नहीं है। परिजनों का कहना है कि मात्र 3,600 रुपये के विवाद को हत्या का कारण मानना कई सवाल खड़े करता है। उनका आरोप है कि मामले में अभी कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आना बाकी हैं और पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष एवं वैज्ञानिक जांच कराई जानी चाहिए। वहीं परिजनों का कहना है कि इस घटना से परिवार ही नहीं ब्लकि आसपास के लोगों में भी गहरा रोष है। लोग सही खुलासे की मांग कर रहे हैं।

# कांग्रेस ने लगाए निगम ठेकेदार पर भ्रष्टाचार के आरोप

■ बनते ही उखड़ने लगी 55 लाख की लागत से बनी सड़क
■ रंजन शर्मा ने उठाया जनहित का मुद्दा, लोगों का मिला साथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ब्रह्मपुरी क्षेत्र में शास्त्री की कोठी से भूमिया के पुल तक 55 लाख रुपये की लागत से बन रही सड़क की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही सड़क कई जगहों से उखड़ने लगी है, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

यह निर्माण कार्य सनशाइन कंपनी द्वारा कराया जा रहा है, जिसके कॉन्ट्रेक्टर आकाश गुप्ता हैं। कांग्रेस नेता रंजन शर्मा व स्थानीय लोगों का आरोप है कि आकाश गुप्ता खुद को प्रदेश सरकार के मंत्री और भाजपा जनप्रतिनिधियों का करीबी बताते हैं। लोगों का कहना है कि इसी राजनीतिक संरक्षण के चलते निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी की जा रही है। कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा ने इस मामले में प्रशासन पर निशाना साधा। उन्होंने पूछा कि जब केंद्र और प्रदेश सरकार पारदर्शिता के दावे करती है, तो 55 लाख खर्च होने के बावजूद सड़क निर्माण के दौरान ही खराब गुणवत्ता क्यों दिख रही है? क्या जनता के पैसे का सही उपयोग हो रहा है? रंजन शर्मा ने कहा कि नियमानुसार जेई और एई को हर चरण पर गुणवत्ता की निगरानी करनी होती है। निर्माण के दौरान ही दरारें और उखड़ती गिट्टी दिखना सीधे-सीधे मॉनिटरिंग में लापरवाही दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार में ठेकेदार को सत्ताधारी लोगों का संरक्षण प्राप्त है। कांग्रेस ने प्रशासन, नगर निगम और संबंधित विभागों से मांग की है कि इस सड़क निर्माण कार्य की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराई जाए। रंजन शर्मा ने कहा कि जांच की पूरी रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए और यदि अनियमितता या लापरवाही पाई जाती है, तो जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। स्थानीय निवासियों का कहना है कि विकास के नाम पर केवल खर्च नहीं, गुणवत्ता भी दिखनी चाहिए। जनता अब इस मामले में जवाब चाहती है। फिलहाल नगर निगम के अधिकारियों ने मामले पर टिप्पणी से इंकार किया है।

# बहसूमा: घर में घुसकर युवक से मारपीट, तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहसूमा।** थाना क्षेत्र के गांव तखावली में एक युवक के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने चार आरोपित को नामजद करते हुए थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। थाना पर तहरीर देते हुए गौरव पुत्र चरणे सिंह ने बताया कि 4 जून की रात करीब 10:30 बजे अपने भतीजे आकाश के मंढे से वापस घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में गांव के चार युवको ने उसे रोककर गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट की। पीड़ित का आरोप है कि दो युवकों ने तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी भी दी। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन आरोपियों ने मारपीट जारी रखी। पीड़ित किसी तरह बचकर अपने घर पहुंचा गया, जहां आरोपियों ने उसे घर में घुसकर दोबारा मारपीट की। परिजनों और मोहल्ले के लोगों ने बीच-बचाव कर पीड़ित को बचाया। मारपीट में युवक को चोटें आई हैं। पीड़ित ने थाना बहसूमा में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी रविंद्र पंवार ने बताया कि पीड़ित की दी तहरीर पर आरोपित आशीष पुत्र मगन, अमर पुत्र मगन, शिवम पुत्र बालकराम, शिवम पुत्र सुशील के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पीड़ित की डाक्टरी करा दी गई है। आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## एक नजर

### बिना कोचिंग के सीवीपीएस के छात्रों ने एएनएमसी में लहराया परचम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आर्यभट्टा नेशनल मैथमेटिक्स कंपटीशन (एएनएमसी) राउंड-1 के घोषित परिणामों में सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नया शैक्षणिक कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय के इंटीग्रेटेड स्टार कोर्स के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित गणित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में विद्यालय के 9 विद्यार्थियों ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। वहीं 15 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक तथा 29 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए। इसके अतिरिक्त 40 विद्यार्थियों ने इंटरव्यू राउंड के लिए क्वालीफाई कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस सफलता की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि विद्यार्थियों ने बिना किसी बाहरी कोचिंग के यह उपलब्धि हासिल की। विद्यालय के इंटीग्रेटेड स्टार कोर्स के अंतर्गत छात्रों को नियमित शिक्षा के साथ ओलंपियाड आधारित तैयारी, अवधारणाओं की गहन समझ, उन्नत अभ्यास, नियमित मूल्यांकन तथा विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, सुव्यवस्थित शैक्षणिक योजना और निरंतर मार्गदर्शन से विद्यालय परिसर में ही राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की तैयारी सफलतापूर्वक कराई जा सकती है। एएनएमसी में मिली यह सफलता इसी दिशा में विद्यालय के प्रयासों की सार्थकता को दर्शाती है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर हिंडन-काली नदी तट पर लगाए पौधे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ब्राइट एजूकेशनल एण्ड सोशल वेल्फेयर ट्रस्ट ने ग्राम पंचायत पिठलोकर में वृहद पौधारोपण अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। ट्रस्ट के अध्यक्ष मास्टर इस्माइल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गांव के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर सैकड़ों पौधे रोपे गए। अभियान की शुरुआत प्राथमिक विद्यालय, पंचायत घर और राजकीय मॉडल गर्ल्स इंटर कॉलेज परिसर से की गई। इसके बाद प्रकृति और जल स्रोतों के संरक्षण के उद्देश्य से हिंडन नदी और काली नदी के किनारों पर भी पौधारोपण किया गया।

### जानी में मनाया योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन

**जानी खुर्द।** शुक्रवार को जानी क्षेत्र के रसुलपुर धौलड़ी गांव में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 54वां जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एक-दूसरे को खिलाया और सीएम की लंबी उम्र की कामना की। इस मौके पर भाजपा नेता नरेंद्र गुर्जर ने कहा कि 2027 में तीसरी बार भी प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही बनेंगे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश से गुंडागर्दी समाप्त हो चुकी है और बहन-बेटियां बेखौफ होकर सड़कों पर निकल रही हैं। कार्यक्रम में गौरव गुर्जर, अमन वर्मा, रवि गुर्जर, अंकित, भगत सिंह, अरविंद समेत कई कार्यकर्ता कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# रसूलपुर धौलड़ी में शिया समाज ने ईद-ए-गदीर मनाई





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शुक्रवार को जानी ब्लॉक के गांव रसूलपुर धौलडी में शिया समुदाय के लोगों ने जुम्मे की नमाज के बाद ईद ए गदीर मनाई जिसमें दुर दराज से आए मौलाना ने तकरीर की इमाम बारगाह सैयद अली कबीर में ईद-ए-गदीर की महफिल हुई।

यह महफिल रसूल खुदा मोहम्मद स.व के आखरी हज की याद में मनाई जाती है। जब मोहम्मद साहब ने अपने चचेरे भाई और दामाद मौला अली का हाथ पकड़ के कहा था जिस जिस का मैं मौला उस उस के अली मौला। रसूल अल्लाह सल्लल्लाहू वसल्लम ने आज ही के दिन रसूल अल्लाह ने हजरत अली को अपना जानशीन बनाया। वहीं इसके बाद शिया समाज के लोगों ने सर्व समाज के लोगों को हुसैनी चौक पर मीठा जल पिलाया और इंसानियत की मिसाल पैदा की। इस मौके पर मोहम्मद सैयद मेहंदी असगर, नकी तकवी, जमा काजमी, नजीर नकवी, भाजपा प्रवक्ता तनवीर काजमी, कोकब काजमी, डॉ. अली मेहंदी, नगीन अब्बास, असरफ तकवी आदि मौजूद रहे।

# 11 साल के बच्चे से कुकर्म का प्रयास, ग्रामीणों ने एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** थाना क्षेत्र के बहरामपुर गांव में शुक्रवार को 11 साल के बच्चे के साथ कुकर्म का प्रयास किया गया। पीड़ित बच्चा अपने दोस्तों के साथ ट्यूबवेल पर नहा रहा था। इसी दौरान दिल्ली की ओर से गाड़ी में आए तीन युवकों ने एक बच्चे को पकड़ लिया और उसके साथ अश्लील हरकत करने लगे। बच्चे के शोर मचाने पर साथ के बच्चे और आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। खुद को घिरता देख आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और भागने लगे। इसी बीच परिजन भी वहां पहुंच गए और ग्रामीणों की मदद से एक आरोपी को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी को थाने ले गई। थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव बिश्नोई ने बताया कि तीन में से दो आरोपी फरार हैं। एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पीड़ित के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं इस घटना से क्षेत्र में भय उत्पन हो गया है साथ ही यह चर्चा काफी समय तक गांव में सुनीं गई। वहीं पुलिस फरार आरोपियों को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर शोभित विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण एवं सम्मान समारोह आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शोभित विवि के स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड लाइफ साइंसेज द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले बागवानों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. वी.के. त्यागी एवं प्रतिकुलपति डॉ. जयानंद ने संयुक्त रूप से पर्यावरण की देखभाल करने वाले सुखवीर ढाका, महेंद्र, हरबीर, बलेंद्र, बिजेंद्र तथा मणिपाल को सम्मानित किया। कुलपति डॉ. वी.के. त्यागी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस का विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की सतत् जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पंकज राणा, डॉ. दिव्या प्रकाश, डॉ. अभिषेक डबास, फाइनेंस ऑफिसर दीपक गोयल, डॉ. अशोक गुप्ता, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. अनिल शर्मा, डॉ. लोमश तोमर, डॉ. गणेश भारद्वाज, डॉ. आर के जैन, डॉ. मोनिका, सहित विवि के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मेरठ में कांग्रेस: महानगर में रंजन शर्मा का दबदबा, जिले में संगठन 'गायब'

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मेरठ।** उत्तर प्रदेश में अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही कांग्रेस का मेरठ में दोहरा चेहरा सामने आ रहा है। एक तरफ महानगर में कांग्रेस अध्यक्ष रंजन शर्मा की आक्रामक सियासत पार्टी को हर मुद्दे पर जिंदा रखे हुए है, तो दूसरी तरफ जिला इकाई पूरी तरह निष्क्रिय नजर आ रही है।

पूर्व निगम उपाध्यक्ष रह चुके रंजन शर्मा ने महानगर अध्यक्ष बनने के बाद से संगठन को नई धार दी है। बिजली, पानी, सड़क, महंगाई और बेरोजगारी जैसे जनमुद्दों पर वे लगातार सड़क पर उतर रहे हैं। भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रेस वार्ता, धरना-प्रदर्शन और ज्ञापन देने में उनकी सक्रियता चर्चा में रहती है। राजनीतिक गलियारों में कहा जा रहा है कि मेरठ में कांग्रेस रंजन शर्मा के बलबूते ही सांस ले रही है। कार्यकर्ताओं में भी उनकी कार्यशैली को लेकर उत्साह है। रंजन शर्मा की छवि एक जुझारू नेता की बनी है। निगम उपाध्यक्ष रहते हुए उन्होंने शासन-प्रशासन में अपनी मजबूत पकड़ दिखाई थी। उसी अनुभव का फायदा अब कांग्रेस को मिल रहा है। महानगर की हर गली-मोहल्ले तक कांग्रेस की नीतियों को पहुंचाने का श्रेय कार्यकर्ता उन्हीं को देते हैं। विपक्ष की भूमिका में वे पूरी मजबूती से भाजपा को घेरते नजर आते हैं। इसके उलट जिले की तस्वीर बिल्कुल अलग है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष किसी भी जनआंदोलन या मुद्दे पर मैदान में दिखाई नहीं देते। न बूथ स्तर पर संगठन दिखता है, न जनता के बीच उनकी उपस्थिति। ग्रामीण इलाकों में कांग्रेस का बोर्ड तक ढूंढना मुश्किल हो गया है। कार्यकर्ताओं में नाराजगी है कि जिलाध्यक्ष की निष्क्रियता से जिले से कांग्रेस का सुपड़ा साफ होता दिख रहा है। इस तरह मेरठ में कांग्रेस की राजनीति दो ध्रुवों पर बंटी दिखती है। लेकिन महानगर में रंजन शर्मा और पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजला की जोड़ी इन दिनों जनता के हर मुद्दे पर संघर्ष करते हुए दिखाई दे रही है अवनीश काजला छात्र राजनीति से निकलकर सक्रिय राजनीति में आए हैं उन्होंने कांग्रेस की राजनीति के साथ-साथ छात्रों की राजनीति पर भी मजबूत पकड़ बना रखी है जिसके चलते छात्रों का बड़ा समूह उनके साथ दिखाई देता है वही रंजन शर्मा लगातार भाजपा की नींद उड़ा रहे हैं वह हर मुद्दे को मजबूती के साथ जनता तक पहुंचा रहे हैं वे अकेले ही महानगर में कांग्रेस का झंडा बुलंद किए हुए हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अगर प्रदेश नेतृत्व ने जिला संगठन पर ध्यान नहीं दिया तो मेरठ ग्रामीण में कांग्रेस का वजूद खत्म हो जाएगा। फिलहाल मेरठ में कांग्रेस की पहचान सिर्फ महानगर की टीम तक सीमित दिख रही है अगर जल्द ही जिला स्तर पर कांग्रेस मजबूत नहीं हुई तो उसका नुकसान आने वाले विधानसभा में पार्टी को उठाना पड़ेगा।

# बहसूमा से रामराज तक सड़क में गड्ढे होने से वाहन चालक परेशान

■ अधिकारी हैं अंजान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** मेरठ बिजनौर हाईवे पर गांवों की पानी की निकासी न होने के चलते बहसूमा से लेकर रामराज तक सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं। जिसमें वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। लोक निर्माण विभाग इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है। उन्हें कोई बड़ा हादसा होने का इंतजार है। बताते चलें कि क्षेत्र के गांव सदरपुर के पास पानी की निकासी ने होने के चलते सड़कों पर पानी बह रहा है। पानी के कारण सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं। जिसमें वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। विभाग को सूचना होने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क में गड्ढे होने के कारण वाहन चालक गिरकर चोटिल भी हो गए हैं। जिसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की गई है। लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं किया है। उन्होंने कहा कि इस समस्या को लेकर जिलाधिकारी मेरठ को एक पत्र देकर समस्या का समाधान कराएंगे।

### सदरपुर गांव में तालाब होने के बाद भी सड़कों पर बह रहा पानी

बताते चले कि गांव सदरपुर में तालाब होने के बाद भी बनी सड़कों पर बह रहा है। जिसके कारण सड़क टूट चुकी है जिसमें बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं। जिसमें वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

### 'क्या कहते हैं एसडीएम मवाना'

एसडीएम मवाना संतोष कुमार का कहना है कि अभी तक इस मामले में कोई शिकायत नहीं आई है। यदि सड़कों में गड्ढे हैं तो उसका विभाग को पत्र लिखकर समस्या का समाधान कराएंगे।


# NCRTC ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

■ नमो भारत स्टेशन बने जागरूकता, जनसहभागिता और सतत् परिवर्तन के केन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एनसीआरटीसी ने पर्यावरण संरक्षण और सतत् जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए नमो भारत ट्रेनों और स्टेशनों पर कई रोचक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया। कई मनोरंजक पहलों के माध्यम से यात्रियों को उनके दैनिक जीवन में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, उनके साथ स्वच्छ और बेहतर भविष्य के निर्माण में सार्वजनिक परिवहन की भूमिका पर भी चर्चा की गई।

इस अवसर पर नमो भारत स्टेशनों पर विशेष घोषणाएं की गई, और उनके माध्यम से यात्रियों को क्षेत्रीय परिवहन के स्वच्छ, हरित और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प, नमो भारत को चुनने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। साथ ही, स्टेशनों पर और ट्रेनों में पर्यावरण संरक्षण और सतत् विकास विषय पर क्विज प्रतियोगिताएं भी की गई जिसमें सभी आयु वर्ग के यात्रियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को एक हरित एवं सतत् भविष्य के निर्माण में उनके योगदान के लिए सराहना स्वरूप विशेष 'सीड-एम्बेडेड कार्ड' बीज युक्त कार्ड भेंट किए गए। अलग-अलग स्टेशनों पर फोटो बूथ भी लगाए गए, जहां यात्रियों ने बड़े उत्साह के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। इसके अलावा, सस्टेनेबल फैशन और पर्यावरण-अनुकूल कपड़ों पर एक विशेष सत्र तथा कई तरह की 'डीआईवाई' (DIY) गतिविधियों का भी आयोजन किया जा रहा है।




यात्री इन प्रदर्शनों को देखने, प्रतिभागियों से बातचीत करने और उनके पीछे की सोच को समझने के लिए उत्साहपूर्वक रुक रहे हैं। कई यात्रियों ने छात्रों से इन विषयों पर चर्चा की, सवाल पूछे और प्रदर्शनी की तस्वीरें भी लीं। पर्यावरण संरक्षण और सतत् विकास नमो भारत परियोजना के प्रमुख उद्देश्यों में शामिल हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए एनसीआरटीसी ने कई पर्यावरण अनुकूल कदम उठाए हैं। इनमें स्टेशनों और डिपो की इमारतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाना, वर्षा जल संचयन की व्यवस्था विकसित करना और स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों से बिजली प्राप्त करना जैसी पहलें शामिल हैं।

# आप पार्टी के कार्यकर्ताओं का बिजली घर हल्ला बोल प्रदर्शन

## जिलाध्यक्ष ने कहा-सरकार के मंत्री समस्याओं का समाधान करने के बजाय गैर-जिम्मेदाराना बयानबाजी में व्यस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राज्यसभा सांसद संजय सिंह के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में व्याप्त बिजली संकट, अघोषित कटौती, महंगी दरों और स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों के विरा. ेध में बागपत में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद जिलाध्यक्ष ओमबीर सिंह के नेतृत्व में राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा गया।

जिलाध्यक्ष ओमबीर सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण प्रदेश की जनता बिजली संकट से त्रस्त है। कई जिलों में 22 से 48 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने की खबरें हैं। राजधानी लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में आम नागरिक, किसान, व्यापारी, छात्र और कर्मचारी अघोषित बिजली कटौती से परेशान हैं। जनता देश की सबसे महंगी बिजली दरें चुकाने के बावजूद पर्याप्त और निर्बाध






बिजली नहीं पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार बिजली व्यवस्था सुधारने के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। गांवों और शहरों में घंटों बिजली गुल रहने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इससे उद्योग, व्यापार, खेती और विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। जिलाध्यक्ष ने बाराबंकी की घटना का जिक्र किया, जहां बिजली न होने के कारण सड़क किनारे सो रहे एक परिवार के चार लोगों की मृत्यु हो गई थी। उन्होंने इसे प्रदेश की बदहाल बिजली व्यवस्था का उदाहरण बताते हुए इस घटना की उच्चस्तरीय जांच और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा व न्याय देने की मांग की। आप ने यह भी आरोप लगाया कि जब जनता बिजली, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं की मांग कर रही है, तब सरकार के मंत्री समस्याओं का समाधान करने के बजाय गैर-जिम्मेदाराना बयानबाजी में व्यस्त हैं। जनता को राहत देने के बजाय उनकी आवाज को नजर. अंदाज किया जा रहा है। पार्टी ने स्मार्ट मीटर व्यवस्था को भी जनता के लिए परेशानी का कारण बताया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रदेशभर से फर्जी बिलिंग, गलत रीडिंग और कई गुना बढ़े हुए बिजली बिलों की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। लाखों उपभोक्ता आर्थिक शोषण का शिकार हो रहे हैं, लेकिन उनकी शिकायतों का प्रभावी समाधान नहीं किया जा रहा है।

# खेकड़ा में साइबर ठगी, खाते से निकले 75 हजार रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** कस्बे में एक व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो गया। ठगों ने व्हाट्सएप पर एक एपीके फाइल भेजकर उसके बैंक खाते से 75 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई और खेकड़ा थाने की साइबर सेल को भी सूचना दी है।

जानकारी के अनुसार, खेकड़ा निवासी सुनील कुमार के मोबाइल पर शुक्रवार को एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप मैसेज आया था। इस मैसेज में एक एपीकेफाइल भेजी गई थी। बताया गया कि सुनील कुमार की बेटी ने अनजाने में उसफाइल पर क्लिक कर दिया। फाइल खुलते ही मोबाइल की सुरक्षा और बैंकिंग संबंधी जानकारी साइबर ठगों के हाथ लग गई। कुछ ही देर बाद सुनील कुमार के बैंक खाते से 75 हजार रुपये की रकम निकाल ली गई। सुनील को जैसे ही ठगी का एहसास हुआ तो उन्होंने बिना देर किए राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराई। इसके



बाद वह खेकड़ा थाने पहुंचे और वहां की साइबर सेल को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। पीड़ित ने साइबर सेल को व्हाट्सएप पर प्राप्त मैसेज, संबंधित मोबाइल नंबर और अन्य उपलब्ध साक्ष्य भी सौंपे हैं। साइबर सेल प्रभारी नितिन कुमार ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने पीड़ित को आश्वासन दिया कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी और निकाली गई धनराशि को वापस कराने के लिए भी नियमानुसार प्रयास किए जाएंगे। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अज्ञात नंबर से प्राप्त एपीकेफाइल, लिंक या संदिग्ध मैसेज को बिना जांचे-परखे न खोलें, क्योंकि ऐसी फाइलें साइबर ठगी का माध्यम बन सकती हैं।

# पिज्जा खरीदने को लेकर हुए विवाद के बाद तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एक रेस्टोरेंट ऑपरेटर से मारपीट और फायरिंग के मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना डोला गांव में पिज्जा खरीदने को लेकर हुए विवाद के बाद हुई थी। पुलिस ने आरोपियों के हमले से एक स्कॉर्पियो कार, एक मोटरसाइकिल और एक अवैध तमंचा बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार, तीन आरो. पियों ने पिज्जा खरीदने के दौरान रेस्टोरेंट ऑपरेटर कपिल से गाली-गलौज की और फिर मारपीट करते हुए फायरिंग की कार्रवाई को अंजाम दिया था। इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई थी। कार्रवाई के बाद आरोपियों के मौके से फरार हो गए थे। पीड़ित रेस्टोरेंट ऑपरेटर कपिल, जो मीतली के निवासी हैं, ने थाना सिंघावली




अहीर क्षेत्र के डोला गांव में हुई इस घटना की पुलिस को दी थी। उनकी शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान रितिक उर्फ हिमांशु, अंकित और रितिक निवासी सांकलपुट्ठी, थाना चांद. ीनगर को गिरफ्तार किया है। सीओ विजय चौधरी ने बताया कि रेस्टोरेंट संचालक से मारपीट और फायरिंग करछुल हुए तीनों अधिवक्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया है।

उनके संबंधों से घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल, एक गाड़ी और एक अवैध तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** विश्व पर्यावरण दिवस पर बागपत कलेक्ट्रेट परिसर में (एक पेड़ माँ के नाम) अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिक. ारी अस्मिता लाल ने गुलमोहर का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस वृक्षारोपण कार्यक्रम की मुख्य विशेषता दिव्यांगजन, बुजुर्ग महिलाओं, युवाओं, बच्चों और थर्ड जेंडर समुदाय की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। समाज के विभिन्न वर्गों की इस भागीदारी ने कार्यक्रम को जन आंदोलन का रूप दिया। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आज लगाया गया प्रत्येक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर साबित होगा। उन्होंने पृथ्वी





को हरा-भरा और जीवनोपयोगी बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण और उनके संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि पौधे हमें ऑक्सीजन, भोजन, फल, छाया और जीवन के लिए आवश्यक कई संसाधन प्रदान करते हैं। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के (एक पेड़ माँ के नाम) अभियान और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के (हरित उत्तर प्रदेश) संकल्प को जनभागीदारी से साकार करने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बागपत ज्योति शर्मा ने भी पौधारोपण किया और सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से अपने घर, आंगन, खेत, विद्यालय या कार्यस्थल पर कम से कम एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आहवान किया। उन्होंने जनपदवासियों से (एक पेड़ माँ के नाम) अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं और बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। जिलाधिकारी ने हरित भविष्य के निर्माण हेतु अधिकाधिक वृक्षारोपण और जनभागीदारी को बढ़ावा देने का आहवान किया।

# बड़ौत सीएचसी में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया गया वृक्षारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर (एक पेड़ माँ के नाम) महाभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ौत में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक सचिन मलिक ने वृक्षारोपण कर पेड़ की देखभाल की जिम्मेदारी ली। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डा. विजय कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक



पेड़ अवश्य लगाना चाहिए और उसकी रक्षा करनी चाहिए। इस दौरान डा.मसूद फार्मासिस्ट धर्मेंद्र कुमार, एआरओ प्रदीप आदि मौजूद रहे।

# मारपीट के मामले में पीड़ितो ने लगाया पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक परिवार ने अपने घर में घुसकर मारपीट और महिलाओं से छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। पीड़ित परिवार का कहना है कि 8 से 10 लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए परिवार ने न्याय के लिए एसपी कार्यालय का रुख किया है।

पीड़ित परिवार के मुताबिक, आरोपियों ने पहले उनके साथ मारपीट की और फिर घर की महिलाओं से छेड़छाड़ की। जब उन्होंने शिकायत करने की बात कही, तो आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और मौके से भाग गए। परिवार का आरोप है कि क्षेत्रीय पुलिस को शिकायत देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद उन्हें मजबूरन एसपी कार्यालय जाना पड़ा। एसपी कार्यालय में दी गई शिकायत में, पीड़ित परिवार ने बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले कुछ लोग जबरन उनके घर में घुस आए थे। जब परिवार ने इसका विरोध किया, तो 8 से 10 लोगों ने उनके साथ मारपीट की। इस मारपीट में परिवार के चार सदस्य घायल हो गए। महिलाओं के साथ भी मारपीट और अभद्रता की गई, और उनसे छेड़छाड़ का आरोप भी लगाया गया है। पीड़ित परिवार ने यह भी आरोप लगाया है कि बड़ौत कोतवाली पुलिस की निष्क्रियता के कारण आरोपी लगातार उन्हें धमकियां दे रहे हैं और मामले को निपटाने का दबाव बना रहे हैं। फिलहाल, अधिकारी पूरे मामले की जांच कर रहे हैं और पीड़ित परिवार को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। बड़ौत कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी ने इस संबंध में कहा है कि मामले की जांच कराई जाएगी और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# जन कल्याण के अभियान के तहत भाजपाइयों ने किया वृक्षारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** 12 साल विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के अभियान के तहत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा शहर के जैन इंटर कॉलेज में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में श्एक पेड़ माँ के नामश जैसा महाभियान देशभर में चल रहा है। हम सबका कर्तव्य है कि अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर धरती को हरा-भरा बनाएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आहवान किया कि प्रत्येक बूथ पर वृक्षारोपण करें और लगाए गए पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी लें। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नीलम धामा, जिला महामंत्री अजय शर्मा, जिला मंत्री योगेश अहैड़ा, जिला उपाध्यक्ष अनिल तोमर, अंकुश जैन, नवीन प्रधान, मंडल अध्यक्ष संदीप प्रजा. पति, जिला मंत्री एडवोकेट अंकित लपराना, सत्यव्रत आर्य, जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा सहित मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं विश्व पर्यावरण दिवस एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के अवसर पर बागपत नगर में भी (एक पेड़ माँ के नाम) वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। मंडल मंत्री राजा जैन के कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला महामंत्री देवेंद्र प्रमुख एवं पूर्व जिलाध्यक्ष सुदेश चौहान ने कार्यकर्ताओं के साथ वृक्षारोपण किया। इस दौरान संदीप, अमित, मांगेराम, चौ.सुखपाल, दिनेश, डा. आशु, विकास, सोमवीर, जयदीप सिंह, यश, पारस, वाशू, सन्नी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला ने लगाया पड़ोसियों पर चाकू से हमले का आरोप, बच्चों से भी मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** कस्बे के प्रेमपुरी मोहल्ले में एक महिला पर पड़ोसियों द्वारा घर में घुसकर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि हमलावरों ने महिला के बच्चों के साथ भी मारपीट की। घायल महिला के पति ने खेकड़ा थाने में शिकायत की है और आरोपियों के खिलफ कार्रवाई की मांग की है।

प्रेमपुरी निवासी इरफान ने पुलिस को दी। शिकायत में बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाले कुछ लोग आए दिन बेवजह उसके इसकी पत्नी और उसके बच्चों के साथ गाली-गलौज करते रहते हैं। पीड़िता का आरोप है कि समझाने के बावजूद उनका व्यवहार नहीं बदला और एक व्यक्ति अक्सर शराब के नशे में देर रात तक अभद्र भाषा का प्रयोग करता है। पीड़िता के अनुसार, शुक्रवार दोपहर करीब 1:30 बजे जब इरफान काम के सिलसिले में घर से बाहर गया हुआ था, तभी पड़ोसी व्यक्ति, उसका भाई और परिवार की कुछ महिलाएं उसके घर में घुस आए। उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप लगाया कि एक व्यक्ति के हाथ में चाकू था और उसने इरफान की पत्नी पर हमला कर दिया। इरफान के अनुसार बचाव के प्रयास में चाकू इरुान की पत्नी के हाथ में लग गया, जिससे वह घायल हो गई और खून बहने लगा, आरोप है कि हमलावरों ने उसके बच्चों को बेल्ट और डंडों से पीटा। उन्हें जान से मारने की धमकी देकर वे मौके से फरार हो गए। घटना के बाद महिला ने अपने पति इरुान को सूचना दी, जिसके बाद वे खेकड़ा थाने पहुंचे और पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने घायल महिला को चिकित्सीय परीक्षण के लिए साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेकड़ा भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आपसी कहासुनी से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## लड़की से छेड़छाड़ करने वाले को ग्रामीणों नें पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गौना गांव में रटौल के एक युवक लड़की के साथ छेड़छाड़ कर रहा था। ग्रामीणों ने युवक को पकड़ पहले जमकर धुनाई की और फिर पुलिस को सौप दिया। गौना गांव में रटौल का एक युवक नें एक युवती के साथ छेड़छाड़ कर रहा था ग्रामीणों ने जब उसे देखा तो उसे पकड़ लिया और जमकर उसकी धुनाई की और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौकें पर पहुंची और युवक को ग्रामीणों नें छुड़ा थानें लेकर पहुंची जहा पुलिस नें मेडिकल के लिए युवक को पिलाना सीएचसी पर भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी अतर सिंह नें बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस युवक को थानें लेकर आयी है जिसके खिलाफ मुक. दमा कायम किया गया है। वही दूसरी ओर, क्षेंत्र के एक गांव में एक 12 वर्षीय बालक नें एक सात वर्षीय बच्ची के साथ अश्लील हरकत की परिजनों की सूचना पर आरोपी बालक के खिलाफ मुकदमा कायम किया गया है। चादीनगर क्षेंत्र के एक गांव में एक 12 वर्षीय बालक एक सात वर्षीय बच्ची को अपने साथ सरकारी स्कूल में ले गया और अश्लील हरकते करने लगा जिसके बाद बच्ची की मां वहां पहुंच गयी और उसने हरकते करते देख लिया और थानें पहुंच आरोपी बालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। थाना प्रभारी अतर सिंह नें बताया की आरोपी बालक के खिलाफ मुकदमा कायम किया गया है।

# जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता वाहन को डीएम ने दिखाई हरी झंडी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद में 05 जून से 21 जून 2026 तक आयोजित किए जाने वाले जनकल्याणकारी कार्यक्रमों एवं सरकार की विभिन्न लोकहितकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु आज जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कलेक्ट्रेट परिसर से सूचना विभाग के प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। प्रचार वाहन जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर विभिन्न योजनाओं, उपलब्धियों तथा 05 जून से 21 जून तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी आमजन तक पहुंचाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन व्यापक जनभागीदारी के साथ किया जाए तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रचार-प्रसार अभियान के माध्यम से आमजन को सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों एवं विकास कार्यों के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जनपद प्रशासन द्वारा आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों में अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करने का आहवान किया गया। इस अवसर पर एसडीएम ज्योति शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# संयुक्त परिषद के पदाधिकारियों ने अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री संजय से की मुलाकात

'kkg VkbEl loknnkrk

y[kuÅA राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी एवं कार्यकारी अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ चौरसिया ने आज अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री , अपर मुख्य सचिव गृह गोपन तथा अपर मुख्य सचिव सूचना संजय प्रसाद से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात किया। अपर मुख्य सचिव से 2001 के बाद नियुक्त संविदा कर्मचारियों के विनियमितीकरण की नियमावली बनाई जाने सहित कर्मचारियों की अन्य कई मांगों पर चर्चा की गई।

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि विनियमितिकरण नियमावली , मंत्री परिषद का विषय है। कार्मिक विभाग इस पर कार्यवाही करेगा। उन्होंने संयुक्त परिषद के पत्र पर कार्मिक विभाग को कार्यवाही करने के निर्देश भी जारी किए ।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी के नेतृत्व में एक चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने आज प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद रणवीर प्रसाद से सायं 5रू00 बजे उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात कर विभागीय कर्मचारियों की समस्याओं एवं विभागीय कार्य संचालन में आ रही कठिनाइयों पर विस्तार से चर्चा किया। खाद्य रसद विभाग में कर्मचारियों को एसीपी नहीं दिए जाने की समस्या काफी दिनों से लंबित है। चर्चा के दौरान प्रमुख सचिव ने इस समस्या का हल शीघ्र निकालने का आश्वासन दिया ।

प्रतिनिधि मंडल में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी, महामंत्री अरुणा शुक्ला,यू पी फूड एंड सिविल सप्लाईज इंस्पेक्टर्स ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अयोध्या सिंह ,एवं महामंत्री त्रिलोकी नाथ चौरसिया भी उपस्थित थे।

अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एवं प्रमुख सचिव खाद्य रसद से मुलाकात अत्यंत ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई ।दोनों अधिका. रियों से सार्थक वार्ता हुई।

# सीएम योगी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान का किया शुभारंभ

y[kuÅA मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक पेड़ मां के नाम अभियान का पौधा लगाकर शुभ आरंभ किया उन्होंने इस अवसर पर कहा कि पर्यावरण संकट स्वयं मानव द्वारा बनाई हुई आपदा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि पर्यावरण संकट एक मानव निर्मित आपदा है। इसका समाधान स्वयं मनुष्य को ही निकालना निकलना होगा। मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण बचाने का लोगों को संदेश दिया बताते चलें कि प्रदेश में 5 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जो मंडल बार लक्ष्य निर्धारित अलग-अलग किया गया है उन्होंने वृक्षारोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर लखनऊ के कुकरेल वनक्षेत्र में वृक्षारोपण कर ष्एक पेड़ मां के नामष अभियान का शुभारंभ किया।शुक्रवार को प्रदेश भर में पांच करोड़ पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शुक्रवार को पूरा विश्व पर्यावरण के गंभीर संकट से ग्रसित है क्योंकि हर कोई जानता है कि यह एक मानव निर्मित संकट है और इसका समाधान हमें ही करना है। पर्यावरण संकट के कारण हम लोग हर वर्ष मौसम चक्र में बदलाव सहित अतिवृष्टि और अनावृष्टि जैसी स्थितियों को देखते हैं।

# योगी आदित्यनाथ का शासकीय अधिवक्ताओ ने जताया आभार

'kkg VkbEl loknnkrk

y[kuÅA उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न न्यायालयों में राज्य सरकार की ओर से पैरवी करने वाले शासकीय अधिवक्ताओं की रिटेनरशिप एवं बहस फीस में वृद्धि किए जाने के निर्णय का अधिवक्ता समुदाय ने स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

जारी बयान में अधिवक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न्यायालयों में राज्य के हितों की प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने की आवश्यकता को समझते हुए इस विषय पर पहल की और अब उनके नेतृत्व में प्रदेश मंत्रिमंडल ने रिटेनरशिप एवं बहस फीस में ऐतिहासिक वृद्धि का निर्णय लेकर अधिवक्ता समुदाय की लंबे समय से चली आ रही अपेक्षा को पूरा किया है। यह निर्णय केवल फीस वृद्धि का विषय नहीं है,

बल्कि न्यायिक व्यवस्था को अधिक सक्षम, उत्तरदायी और परिणामोन्मुख बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

अधिवक्ताओं ने कहा कि जनपद न्यायालयों में कार्यरत जिला शासकीय अधिवक्ता, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता, सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता, उप जिला शासकीय अधिवक्ता, नामित अधिवक्ता, विशेष अधिवक्ता एवं न्याय मित्रों से लेकर उच्च न्यायालय इलाहाबाद, लखनऊ खंडपीठ तथा उच्चतम न्यायालय में राज्य का पक्ष रखने वाले महाधिवक्ता, अपर महाधिवक्ता, मुख्य स्थायी अधिवक्ता, स्थायी अधिवक्ता, शासकीय अधिवक्ता, ब्रीफ होल्डर, एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड तथा विभिन्न श्रेणी के पैनल अधिवक्ताओं तक इस निर्णय का व्यापक लाभ पहुंचेगा।

उन्होंने कहा कि बदलते न्यायिक परिदृश्य, मुकदमों की बढ़ती संख्या, जटिल विधिक विषयों तथा अधिवक्ताओं की बढ़ी जिम्मेदारियों को देखते हुए पारिश्रमिक संरचना के पुनरीक्षण की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। विशेष रूप से जनपद न्यायालयों के अधिवक्ताओं की फीस में लगभग 10 वर्ष तथा महाधिवक्ता स्तर पर लगभग 14 वर्ष बाद संशोधन किया जाना प्रदेश सरकार की संवेदनशीलता और दूरदर्शिता को दर्शाता है।

# मानदेय बढ़ाने की मांग पर पंचायत सहायकों का बिगुल, 15 जून को लखनऊ में महाधरना




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** प्रदेश के पंचायत सहायकों ने मानदेय बढ़ाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पंचायत सहायकों का कहना है कि ग्राम पंचायतों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाने के बावजूद उन्हें मात्र छह हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है, जिससे परिवार का भरण-पोषण करना कठिन हो गया है।

पंचायत सहायकों ने कहा कि वे ग्राम पंचायतों में डिजिटल सेवाओं के संचालन, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, अभिलेखों के रखरखाव और जनसुविधाओं से जुड़े अनेक कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं। इसके बावजूद उनकी सेवा शर्तें और आर्थिक स्थिति संतोषजनक नहीं हैं। बढ़ती महंगाई के बीच वर्तमान मानदेय उनके जीवन-यापन की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए भी पर्याप्त नहीं है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि पंचायत सहायकों का मानदेय बढ़ाकर 30 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाए या फिर कम से कम राज्य सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम कुशल मजदूरी के बराबर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा अनुभव के आधार पर स्थायी सेवा नियमावली बनाने, विवाह के बाद महिला पंचायत सहायकों के लिए स्थानांतरण नीति लागू करने, ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी के रिक्त पदों की भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण देने तथा पंचायत सहायकों एवं उनके परिवारों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ प्रदान करने की मांग भी की गई है। पंचायत सहायकों ने सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की अपील करते हुए कहा कि उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो प्रदेशभर के पंचायत सहायक 15 जून को लखनऊ के ईको गार्डन में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करेंगे। पंचायत सहायकों का कहना है कि लंबे समय से उनकी मांगें लंबित हैं और अब वे अपनी आवाज शासन तक पहुंचाने के लिए संगठित आंदोलन करने को मजबूर हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार उनकी समस्याओं का जल्द समाधान कर उन्हें राहत प्रदान करेगी।

## हाईवे किनारे खेत में फंदे पर झूलता मिला युवक, पुलिस को बैग से मिले इलाज संबंधी दस्तावेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ क्षेत्र में गुरुवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब राष्ट्रीय राजमार्ग-9 के किनारे स्थित एक खेत में पेड़ से युवक का शव लटका हुआ मिला। राहगीरों और ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार जैन शिकंजी रेस्टोरेंट के पास खेत में एक पेड़ पर युवक फंदे से लटका हुआ था। घटना की खबर आसपास के क्षेत्र में तेजी से फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने तत्काल क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू कर दी।

मृतक की पहचान उसके पास मिले पहचान पत्र के आधार पर उत्तराखंड के बागेश्वर जिले के सिमकुना निवासी दिनेश चंद्र पांडे (38 वर्ष) के रूप में हुई। पुलिस को उसके पास से मोबाइल फोन, पर्स, बैग, कपड़े, चादर और सैंडल बरामद हुए हैं। बताया गया है कि बैग की तलाशी के दौरान कुछ दवाइयां और मेडिकल पर्चियां भी मिली हैं। इन दस्तावेजों से पता चला है कि युवक मानसिक स्वास्थ्य संबंधी उपचार ले रहा था। पुलिस इस पहलू को भी जांच में शामिल कर रही है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी प्रवीन कुमार ने बताया कि मृतक के स्वजन को सूचना दे दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मामले की स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

## पौधारोपण कर पुलिस अधिकारियों ने जगाई पर्यावरण संरक्षण की अलख




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** विश्व पर्यावरण दिवस पर जनपद पुलिस ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पुलिस कार्यालय परिसर में व्यापक पौधारोपण अभियान चलाया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, क्षेत्राधिकारी पिलखुवा अनीता चौहान सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए तथा पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं तक सीमित नहीं रह सकता, बल्कि इसमें समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता आवश्यक है। तेजी से घटते हरित क्षेत्र और बढ़ते प्रदूषण के कारण मानव जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में पौधारोपण और वृक्ष संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे अपने घर, कार्यालय, विद्यालय और सार्वजनिक स्थलों पर पौधे लगाएं तथा उनकी नियमित देखभाल भी करें। उन्होंने कहा कि एक वृक्ष न केवल पर्यावरण को शुद्ध करता है बल्कि आने वाली पीढ़ियों को बेहतर जीवन देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पुलिस विभाग द्वारा समय-समय पर ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित हो सके। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने कहा, विश्व पर्यावरण दिवस केवल औपचारिकता का अवसर नहीं बल्कि आत्ममंथन का दिन है। हमें यह समझना होगा कि प्रकृति और मानव जीवन एक-दूसरे के पूरक हैं। यदि हम पर्यावरण की रक्षा नहीं करेंगे तो भविष्य में गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। वृक्ष पृथ्वी के फेफड़ों की तरह कार्य करते हैं और जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। इसलिए प्रत्येक नागरिक को पौधारोपण को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करना चाहिए। जनपद पुलिस पर्यावरण संरक्षण के प्रति पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है और समाज के सभी लोगों से आग्रह करती है कि वे पौधे लगाकर, जल संरक्षण कर तथा स्वच्छता को अपनाकर एक हरित, स्वच्छ और स्वस्थ भारत के निर्माण में अपना योगदान दें।

## कैंसर से जंग में जीएस इंस्टीट्यूट की बड़ी उपलब्धि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के खिलाफ लड़ाई में जीएस कैंसर इंस्टीट्यूट लगातार उम्मीद की नई किरण बनकर उभरा है। संस्थान ने अपने स्थापना के मात्र दो वर्षों में 510 कैंसर मरीजों का सफल उपचार कर उन्हें नया जीवन देने का दावा किया है। शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित द्वितीय स्थापना दिवस समारोह में संस्थान की इस उपलब्धि को साझा किया गया। जीएस हॉस्पिटल, मेडिकल साइंस एंड आयुर्वेदिक सेंटर यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, कैंसर जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर विशेष चर्चा की गई। समारोह में जनप्रतिनिधियों, चिकित्सकों, शिक्षाविदों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

संस्थान के अधिकारियों ने बताया कि कैंसर उपचार की आधुनिक सुविधाएं और विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता के कारण मरीजों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। प्रतिदिन 10 से 15 नए मरीज इलाज और परामर्श के लिए पहुंच रहे हैं, जबकि ओपीडी में रोजाना 50 से 70 मरीजों को सेवाएं दी जा रही हैं। कैंसर रोग विशेषज्ञ डा. विक्रांत सिंह ने कहा कि कैंसर के मामलों में जागरूकता और समय पर जांच सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने लोगों से नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। धौलाना विधायक धर्मेश सिंह तोमर ने कहा कि संस्थान ने क्षेत्र के हजारों परिवारों को राहत पहुंचाई है। अत्याधुनिक सुविधाओं के कारण अब मरीजों को बड़े शहरों में भटकने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष कविता मादरे ने कहा कि जीएस यूनिवर्सिटी स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक दायित्वों के क्षेत्र में लगातार बेहतर कार्य कर रही है। पर्यावरण संरक्षण और जनस्वास्थ्य के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता सराहनीय है। समारोह के दौरान अतिथियों ने पौधारोपण कर हरित वातावरण के संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन डायरेक्टर मनोज सिसोदिया ने किया। वक्ताओं ने कहा कि जीएस कैंसर इंस्टीट्यूट की उपलब्धियां कैंसर के खिलाफ संघर्ष कर रहे मरीजों और उनके परिवारों के लिए विश्वास और आशा का मजबूत आधार बन रही हैं।

## कांग्रेस संगठन का विस्तार, सीएल शर्मा को सौंपी जिला महासचिव की जिम्मेदारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिला कांग्रेस कमेटी ने संगठनात्मक विस्तार करते हुए देवलोक कॉलोनी निवासी सीएल शर्मा को जिला महासचिव नियुक्त किया है। शुक्रवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाकर नई जिम्मेदारी सौंपी।

राकेश त्यागी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आम जनता के हितों की लड़ाई लड़ती रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बढ़ती महंगाई और विभिन्न समस्याओं से जनता परेशान है, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनहित के मुद्दों को लगातार प्रमुखता से उठा रही है। नियुक्ति के बाद सीएल शर्मा ने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने के साथ-साथ अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस से जोड़ने का अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की पहचान को मजबूत बनाने के लिए अपने घरों और वाहनों पर कांग्रेस के झंडे व स्टीकर लगाने का आहवान किया। इस मौके पर जिला महासचिव गौरव गर्ग, प्रवीण शर्मा, संजय छाबड़ा और कंट्रोल रूम प्रभारी गोपाल भारतीय समेत कई कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रिश्तों में घुली मिठासः एसपी की काउंसलिंग से खत्म हुई दंपती की दूरियां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कभी एक-दूसरे से अलग रहने को मजबूर हुए पति-पत्नी ने अब नई उम्मीदों के साथ अपने वैवाहिक जीवन की दोबारा शुरुआत करने का फैसला किया है। यह संभव हुआ पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह की संवेदनशील पहल और प्रभावी काउंसलिंग के चलते, जिसने टूटते रिश्ते को फिर से जोड़ दिया।

हापुड़ के रहने वाले पंकज और दीपिका के बीच पारिवारिक कारणों से लंबे समय से अनबन चल रही थी। हालात ऐसे बने कि दोनों करीब डेढ़ साल से अलग रह रहे थे। मामला पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक पहुंचा तो एसपी ने इसे गंभीरता से लेते हुए दोनों को बातचीत के लिए बुलाया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पति-पत्नी को रिश्तों में धैर्य, संवाद और विश्वास की अहमियत बताई। उन्होंने दोनों पक्षों की बात ध्यानपूर्वक सुनी और पारिवारिक जीवन में सामंजस्य बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। बातचीत का सकारात्मक परिणाम सामने आया और दोनों ने पुराने विवादों को पीछे छोड़कर फिर से साथ रहने की सहमति दे दी। पुनर्मिलन के इस भावुक क्षण को विशेष बनाने के लिए कार्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंकज और दीपिका ने मिलकर एक पौधा लगाया। अधिकारियों ने बताया कि यह पौधा उनके नए जीवन और मजबूत होते रिश्ते का प्रतीक रहेगा। इसके बाद दंपती को मिठाई खिलाकर उनके सुखद भविष्य की कामना की गई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि परिवार समाज की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है और छोटे-छोटे मतभेद संवाद के माध्यम से दूर किए जा सकते हैं। दंपती ने भी पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए जीवन की नई शुरुआत का संकल्प लिया।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव आलमनगर में महिला की मौत के बाद मायके पक्ष की ओर से ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जनपद अमरोहा के थाना गजरौला के शहबाजपुर डोर निवासी जगत सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी अंजू की शादी दिनांक 21 अप्रैल 2024 को अभिषेक निवासी गांव आलम नगर थाना बहादुरगढ़ के साथ हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार हुई की थी। शादी में उन्होंने अपनी हैसियत अनुसार दान दहेज दिया था। शादी के कुछ माह पूर्व ही बेटी के ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज में मोटरसाईकिल व एक प्लाट के लिए मारपीट कर प्रताडित करना शुरू कर दिया। इसको लेकर कई बार बेटी के पति व सभी ससुराल वालों को समझाया। लेकिन ससुराल वाले अपनी आदतों से बाज नहीं आये और आये दिन पति अभिषेक, सास शीला, जेठ कपिल, नन्द नीलम, नन्दोई अजय, जेठानी हेमलता द्वारा उनकी बेटी के साथ मारपीट कर अतिरिक्त दहेज की मांग करते थे। पीड़ित ने बताया कि दो मई को उनकी बेटी की ससुराल से फोन आया कि बेटी की हालत खराब है, ससुराल वाले कहीं दिखाने नहीं ले जा रहे है। बेटी से बात करने पर मालूम हुआ कि उसको ससुराल के उक्त सभी लोगों ने मारपीट करते हुए जबरदस्ती जहर खिला दिया है। जहरीला पदार्थ से उनकी बेटी की मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बाइक सवार के सामने आई नील गाय, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव अठसैनी निवासी बाइक सवार युवक की बाइक के सामने अचानक नील आ गई। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। परिवार के लोगों ने बिना पुलिस कार्रवाई के उसका अंतिम संस्कार कर दिया।
गांव निवासी 26 वर्षीय प्रदीप कुमार थ्री व्हीलर चलाकर परिवार का पालन पोषण करता था। बताया गया है कि शुक्रवार की सुबह को वह बाइक से सवार होकर हिरनपुरा से घर के लिए जा रहा था। गांव के निकट उसकी बाइक के सामने अचानक नील गाय आ गई। उससे उसकी टक्कर हो गई और मौके पर ही वह घायल हो गया। आस पास के ग्रामीणों ने उसको अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डाक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। प्रदीप की मौत के बाद उसके परिवार में को. हराम मच गया। परिवार के लोगों ने बिना पुलिस कार्रवाई के उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

# भागवत कथा में श्री कृष्ण की लीला का किया वर्णन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के दुर्गा मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक यश कृष्णा आचार्य महाराज ने भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला का वर्णन सुनाया। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण के पैदा होने के बाद कंस उसको मौत के घाट उतारने के लिए अपनी राज्य की सर्वाधिक बलवान राक्षसी पूतना को भेजता है। पूतना वेश बदलकर भगवान श्रीकृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है। लेकिन भगवान श्रीकृष्ण उसको मौत के घाट उतार देते हैं। उसके बाद कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन का कार्यक्रम करने की तैयारी करते हैं। भगवान कृष्ण द्वारा उनको भगवान इंद्र की पूजन करने से मना करते हुए गोवर्धन महाराज की पूजन करने की बात कहते हैं। इंद्र भगवान उन बातों को सुनकर क्रोधित हो जाते हैं। वह अपने क्रोध से भारी वर्षा करते हैं। जिसको देखकर समस्त ब्रजवासी परेशान हो जाते हैं। भारी वर्षा को देख भगवान श्रीकृष्ण गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर उठाकर पूरे नगरवासियों को पर्वत को नीचे बुला लेते हैं। जिससे हार कर इंद्र एक सप्ताह के बाद वर्षा को बंद कर देते हैं। जिसके बाद ब्रज में भगवान श्रीकृष्ण और गोवर्धन महाराज के जयकारे लगाने लगते हैं। मौके पर भगवान को छप्पन भोग लगाया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहें।

### एक नजर

## युवक पर किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर निवासी गुलशन ने बताया कि उसका मीरा रेती में एक प्लाट स्थित है। वह अपने प्लाट पर काम से गया था। वहां पर नगर निवासी युवक पुरानी रंजिश को लेकर उसको देखकर गाली गलौज करने लगा। पीड़ित ने ऐसा करने से मना किया तो आरोपी ने लोहे की राड़ से उस पर हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## खुले में रखे ट्रांसफार्मर दे रहे हादसों को न्योता

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील क्षेत्र के गांव झड़ीना मे बिजली विभाग की लापरवाही के चलते खुले में रखे ट्रांसफार्मर हादसों को दावत दे रहे हैं। सड़क के किनारे लगे इन ट्रांसफार्मरों से कई बार हादसे हो भी हो चुके हैं। बरसात के दिनों में करंट का खतरा बन बना रहता है। इसके बावजूद बिजली विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। और उसके पास सुरक्षा के लिए लोहे की जाली तक नहीं लगाई है। जिससे इन ट्रांसफार्मर के आस पास के लोगों में हादसे को लेकर हमेशा भय बना रहता है। ट्रांसफार्मर के चारों ओर लोहे की जाली लगाने का आदेश प्रशासन ने दिए है। इसके बाद भी क्षेत्र में कई जगह ट्रांसफार्मरों के चारो ओर लोहे की जाली नहीं लगाई गई है। गांव झडीना समेत कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर खुले में रखे हैं। इन ट्रांसफार्मरों पर लोहे की जाली न होने से हादसा हो सकता है। राहगीरों को मजबूरी में वहां से गुजरना पड़ता है। गर्मी के मौसम में ट्रांसफार्मरों से चिगारी निकलना व स्पार्किंग होना आम बात है। कभी-कभी ट्रांसफार्मरों से निकलने वाली एक छोटी सी चिगारी भी बड़ा रूप ले सकती है। इसको लेकर लोगों में भय बना हुआ है। वही एसडीओ का कहना कि काफी ट्रांसफार्मरों पर लोहे की जाली लगाई गई है। अगर कोई रह गया है तो उसमें भी लोहे की जाली जल्दी ही लगवा दी जाएगी।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## प्लाट पर कब्जा दिलाने के मामले में युवक पर किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव खागोई में प्लाट पर कब्जा दिलाने के लिए गए युवक पर हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।
क्षेत्र के गांव खागोई निवासी अमित कुमार ने बताया कि वह अपने प्लाट को राहुल को 21 मई को रजिस्टर किया था। अब अपना विक्रय किए गए प्लाट पर खरीदार को कब्जा दे रहा था। तभी ललित व रोहित पूजा निवासी भरना वहां आए और घर में घुसकर गाली गलोंच करते हुए मारना पीटना शुरु कर दिया। उक्त तीनो ने उसके ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## कुत्ते को डाटने पर मालिक ने किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव बिहुनी में युवक को कुत्ते ने हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कुत्ते को डाट दिया तो उसके मालिक ने उसको हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।
गांव निवासी नवीन ने बताया कि 29 मई की शाम के समय करीब आठ बजे डेरी से दुध लेने जा रहा था। तभी गांव के रहने वाले रेवती के पालतू कुत्ते ने उसको काठ कर घायल कर दिया। उसने अपने बचाव के लिए रास्ते मे पड़ी एक लकडी की डण्डी से कुत्ते को भगाने की कोशिश की तो शोर सुनकर घर के अन्दर से रेवती, हर्षित आये और मारपीट करने लगे और उन्होने मेरे सिर पर डण्डे से जोर दार हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सड़क हादसे में हुई मजदूर की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव बक्सर के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित डिवाइडर पर फैंसिंग लगा रहे मजदूर को बस ने टक्कर मार दी। हादसे में मजूदर की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।
जनपद मुरादाबाद के थाना पाकबाड़ा क्षेत्र अतंर्गत गांव रतनपुर निवासी करजाना ने बताया कि उनके पति नजीर अली गांव के रहने वाले ठेकेदार के साथ काम करने के लिए आए थे। उसके पति दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर गांव बक्सर में स्थित डिवाइडर पर लग रही फैसिंग का काम कर रहे थे। तभी पीछे से आई बस ने उसको टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर लहू लुहान होकर गिर पड़ा और घायल हो गया। साथियों ने उसको उपचार के लिए ले जाने का प्रयास किया, लेकिन उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में हुई युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के एक मोहल्ले में एक युवक की संदिग्ध दशा में मौत हो गई। उसका शव उसके ही कमरे में फंदे से लटका मिला। परिवार के लोगों ने बिना पुलिस कार्रवाई के उसका दफीना कर दिया।
मिली जानकारी के अनुसार मोहल्ला निवासी युवक का किसी बात को लेकर परिवार में कहासुनी हो गई थी। उसके बाद वह घर के बाहर चला गया। कुछ देर के बाद जब वह वापस आया तो स्वयं को कमरे में बंद कर लिया। काफी देर तक जब वह कमरे से बाहर नहीं आया तो परिवार के लोगों को चिंता हुई। परिवार के लोगों ने कमरे में जाकर देखा कि युवक का शव पंखे से फंदे पर लटका हुआ था। परिवार के लोगों ने आनन फानन में उसको फंदे से उतारा और डाक्टर को दिखाया, लेकिन डाक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। परिवार के लोगों ने बिना पुलिस कार्रवाई के उसका दफीना कर दिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी होने से इंकार किया है।

# मेधावी छात्र प्रांजल मौर्य बने एक दिवस के नगर पंचायत अध्यक्ष



शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** विश्व पर्यावरण दिवस एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के अवसर पर नगर पंचायत पकड़िया नौगवां में भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नामष अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया तथा कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वार्ड संख्या 11 निवासी मेधावी छात्र प्रांजल मौर्य रहे, जिन्होंने हाईस्कूल (कक्षा-10) परीक्षा में जनपद पीलीभीत में प्रथम स्थान प्राप्त कर नगर एवं जनपद का गौरव बढ़ाया है।

उनकी इस उत्कृष्ट उपलब्धि के सम्मान में नगर पंचायत पकड़िया नौगवां द्वारा उन्हें एक दिवस के लिए नगर पंचायत पकड़िया नौगवां का अध्यक्ष नामित किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत के सम्मानित सभासद, अध्यक्ष प्रति. निधि संतोष सिंह संधू, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। वार्ड संख्या 10 निवासी प्रांजल मौर्य द्वारा हाईस्कूल (कक्षा-10) परीक्षा में जनपद पीलीभीत में प्रथम स्थान प्राप्त कर नगर पंचायत क्षेत्र का गौरव बढ़ाने पर सभी उपस्थित लोगों ने उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष सिंह संधू ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस पर शुभकामनाएं देते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किया गया वृक्षारोपण भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण निवेश है। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिकाधिक पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। एक दिवसीय अध्यक्ष के रूप में नामित श्री प्रांजल मौर्य ने भी 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# दो भाइयों की मौत, तीसरा गंभीर

■ मेंथा टैंक की साफ सफाई के दौरा टैंक के अंदर से निकली जहरीली गैस से हुआ हादसा



शाह टाइम्स संवाददाता

**ओरछी।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव सुरैनी पापड़ी मेंथा फैक्ट्री स्वामी बट्टू अपनी तीन बेटों के साथ मेंथा फैक्ट्री पर शुक्रवार की सुबह मेंथा निकालने के लिए पहुंचे थे। टैंक का ढक्कन खोलकर साफ सफाई करने के लिए 32 वर्षीय जयवीर अंदर घुस गए अंदर पहुंचते ही टैंक के अंदर से जहरीली गैस के कारण उसी में बेहोश हो गया। वही अपने सगे भाई जयवीर को बेहोश होते देखा सबसे छोटा 22 वर्षीय मृतक राजेश टैंक के अंदर चलांग लगा दी। जैसे ही अंदर पहुंच कुछ ही देर में राजेश भी बेहोशी हालत में टैंक में गिर गया।

दोनों भाइयों को टैंक के अंदर बेहोश देखकर मनवीर भी टैंक के अंदर घुस गए सगे तीनों भाई तीनों टैंक के अंदर बेहोश होकर गिर पड़े। वहीं ऊपर बट्टू सिंह अपने तीनों बेटों को टैंक के अंदर बेहोश देख चीखने चिल्लाने लगे।

आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने देखा मेंथा टंकी से रोने की आवाज क्यों आ रही है। तभी टैंक के पास आकर देखा तो उसके अंदर तीनों भाई बेहोश पड़े थे। आसपास के लोगों ने पानी का सहारा लेते हुए तीनों भाइयों को उसके अंदर से निकाल लिया और आनन फानन में चंदौसी निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने जयवीर और राजेश को मृतक घोषित कर दिया। मनवीर की नाजुक हालत देखते हुए मुरादाबाद रेफर कर दिया। मौत की खबर सुनकर गांव में कोहराम मच गया।

मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष सुभाष कुमार, सीओ बिसौली संजीव कुमार, पुलिस टीम के सहित गांव पहुंचकर जांच पड़ताल की। एक ही परिवार के सगे दो भाईयों की मौत होने से घर में कोहराम मच गया। वहीं सबसे छोटा मृतक राजेश की करीब दो साल पहले शादी हुई थी, जो पत्नी गर्भवती है। पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं जयवीर के दो बेटे हैं, लालू नौ वर्षीय, 5 वर्षीय समरत, पूरे परिवार में मातम छा गया।

## एक नजर

### युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में खाया जहरीला पदार्थ, हालत बिगड़ी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बीसलपुर।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम नसरुल्लापुर में एक 19 वर्षीय युवक द्वारा संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने का मामला सामने आया है। जहरीले पदार्थ के सेवन से युवक की हालत अचानक बेहद बिगड़ गई, जिससे परिवार में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में परिजनों ने उसे बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों के समय पर किए गए इलाज से उसकी जान बच गई।

मिली जानकारी के अनुसार, नसरुल्लापुर निवासी अनमोल (19 वर्ष) पुत्र अमर सिंह ने अज्ञात कारणों के चलते किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। कुछ ही देर में उसकी तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी और वह अचेत होने लगा। युवक की हालत देख घबराए परिवार के लोग बिना समय गंवाए उसे लेकर बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। अस्पताल के आपातकालीन वार्ड में तैनात डॉक्टरों की टीम ने तुरंत युवक को अटेंड किया और उसका प्राथमिक उपचार शुरू किया। समय रहते मिले इलाज के कारण युवक की स्थिति में सुधार हुआ। उपचार कर रहे डॉक्टरों ने बताया कि युवक को सही समय पर अस्पताल ले आया गया था, जिससे जहर का असर कम करने में मदद मिली। डॉक्टरों के मुताबिक, अब युवक की हालत स्थिर है और वह पूरी तरह से खतरे से बाहर है।

### भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता के आवास पर पहुंचे महंत हनुमान नाथ, लिया आशीर्वाद

शाह टाइम्स संवाददाता

**बीसलपुर।** नूरानपुर स्थित शिव गोरखनाथ मठ के पीठाधीश्वर महंत हनुमान नाथ जी महाराज का बीसलपुर आगमन हुआ। इस दौरान वे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता के निजी आवास पर पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। मठ के पीठाधीश्वर के आगमन पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता ने अपने पूरे परिवार के साथ महंत हनुमान नाथ जी महाराज की अगवानी की। परिवार के सभी सदस्यों ने अत्यंत आदर और श्रद्धा भाव से महंत जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस आध्यात्मिक मिलन को लेकर जिला उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता और उनके परिजनों में भारी प्रसन्नता और उत्साह देखा गया। इस विशेष अवसर पर भाजपा नेता का पूरा परिवार मौजूद रहा, जिन्होंने महंत जी की सेवा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

### पर्यावरण दिवस पर अनोखी पहल, जन्म प्रमाण पत्र के लिए 10 पौधे लगाने का प्रस्ताव

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के अवसर पर सेव इन्वायरमेंट सोसाइटी द्वारा एस. एन. इंटर कॉलेज, पीलीभीत में एक गोष्ठी और वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अशोक शर्मा की अध्यक्षता में दो अनूठे प्रस्ताव पारित किए गए। पहले प्रस्ताव के अनुसार, नगर पालिका से जन्म प्रमाण पत्र बनवाने से पहले व्यक्ति को अपने घर या उचित स्थान पर 10 पौधे लगाने होंगे और सत्यापन के बाद ही प्रमाण पत्र जारी होगा। दूसरे प्रस्ताव में प्रत्येक नगरीय स्थल के पास सार्वजनिक भूमि आरक्षित करने की मांग की गई ताकि लोग शुभ अवसरों पर पौधारोपण कर सकें। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के प्रबंधक व पर्यावरण चिंतक टी.एच. खान ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. जावेद अहमद , डॉ तस्लीम हसन खान, राम शंकर, सहित 26 लोग उपस्थित थे।

### पीआरडी जवानों ने किया पौधारोपण, संरक्षण का लिया संकल्प

शाह टाइम्स संवाददाता

**बीसलपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में जनपद पीलीभीत के विकासखंड बीसलपुर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में शुक्रवार को पीआरडी जवानों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम बी ओ पीआरडी अन्नपूर्णा मिश्रा के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर ष्एक पेड़ मां के नामष अभियान के अंतर्गत पीआरडी जवानों ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरियाली को बढ़ावा देना तथा लोगों को वृक्षों के महत्व के प्रति जागरूक करना था। जवानों ने कहा कि वृक्ष न केवल पर्यावरण को संतु. लित रखते हैं, बल्कि मानव जीवन के लिए स्वच्छ वायु, छाया और प्राकृतिक संसाधनों का भी प्रमुख स्रोत हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जवानों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प भी लिया। इस मौके पर पीआरडी जवान रमेश कुमार, वीरपाल, भगवान दास, देवेंद्र कुमार, विजय बहादुर, कुंवर सिंह, राम आसरे लाल, धर्मवीर सहित अन्य जवान मौजूद रहे।

### वृक्षारोपण आने वाली पीढियां के सुरक्षित भविष्य के लिए हमारी सामूहिक जिम्मेदारीः अबरार अहमद

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** शुक्रवार को नगर पालिका में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन संरक्षण का संकल्प लेते हुए पौधारोपण किया और उनकी सुरक्षा का प्रण लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद ने अधिशासी अधिकारी रवि यादव और कर्मचारियों के साथ मिलकर नगर पालिका पार्क में पौधे लगाए। श्री अहमद ने कहा कि पर्यावरणीय असंतुलन आज पूरी मानवता के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढियां के सुरक्षित भविष्य के लिए हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। श्री अहमद ने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। इस दौरान ईओ रवि यादव, राजीव कुमार, जितेंद्र कुमार, यशोदा नंदन, रोहित लोहान, व्योमेश, राजेश, नरेश, अवनेश, कृपाल, रमेश, बंटू आदि उपस्थित रहे।

### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर तहसीलदार ने हर्रायपुर में पौधे लगाए

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** कंपोजिट विद्यालय हर्रायपुर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान तहस. ीलदार सुरेंद्र कुमार ने शिक्षकों एवं स्कूली बच्चों के साथ मिलकर विद्यालय परिसर में पौधे लगाए।तहसीलदार सुरेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के मद्देनजर प्रत्येक नागरिक से पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुंवर सेन ने तहसीलदार को विद्यालय की उपलब्धियां से परिचित कराया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान धर्मपाल, सहायक अध्यापिका चित्रा, छात्र अनुज यादव, सचिन कुमार, लेखराज, शोभित यादव, विकास यादव, कमल, देव, मुस्कान, श्याम , आदित्य, अरविंद यादव आदि छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### पर्यावरण संरक्षण में पेड़-पौधों की भूमिका अहम, इनके बिना जीवन अकल्पनीय

शाह टाइम्स संवाददाता

**इस्लामनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को विकासखंड इस्लामनगर के ग्राम चिड़ियाखेड़ा स्थित अन्त्येठी स्थल पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रशासाक प्रधान, ग्राम सचिव आस मौहम्मद, पंचायत सहायक ,रोजगार सेवक तथा ग्रामीणों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर सर्वहित कल्याण समिति के कोषाध्यक्ष सरनाम सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में पेड़-पौधों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पेड़-पौधों के बिना शुद्ध वायु, ऑक्सीजन और जल संरक्षण की कल्पना नहीं की जा सकती।

# बीएसए ने कार्यालय परिसर में किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

शाह टाइम्स संवाददाता



**बदायूं।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शुक्रवार को कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया। परिसर को हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया उन्होंने परिसर के खाली पड़े स्थान पर फलदार और छायादार पौधे रोपे। उन्होंने इस दौरान विभागीय कर्मचारियों को रोपे गए पौधों की देखभाल करने और नियमित रूप से जल देने की जिम्मेदारी भी सौंपी।

बीएसए नवीन कुमार ने कहा कि केवल पौधा लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि उसका संरक्षण करना अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यालय के स्टाफ को निर्देश दिया कि वे नियमित रूप से इन पौधों में पानी दें और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग और बढ़ते तापमान से निपटने के लिए हर नागरिक को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और भावी पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण देने के लिए पौधारोपण बेहद जरूरी है। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक और कार्यालय के पटल प्रभारी सहित भारी संख्या में विभागीय कर्मचारी और शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।

# पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर जनपद में लगाए गए लाखों पौधे

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** पर्यावरण को सुरक्षित रखने और भावी पीढ़ियों के लिए एक हरित, स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण का निर्माण करने हेतु वृक्षारोपण करना एक पुनीत कार्य है। पेड़ हमें केवल प्राणदायिनी ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि भूमि का कटाव रोकने, तापमान नियंत्रित करने और जल-चक्र को संतुलित रखने में भी सहायक होते हैं, इन्हीं बातों का ध्यान रखते हुए जनपद में लाखों पौधे जिला प्रशासन, सामाजिक संगठन, राजनीतिक दल व आम जनमानस द्वारा लगाए गए।



जनपद के प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख, डीएम, एसपी सुकीर्ति माधव, जनप्रतिनिधियों ने इस अवसर पर बड़े स्तर पर पौधे लगाए। शहर के राजघाट पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, व्यापार मंडल अध्यक्ष अनूप अग्रवाल, नगर अध्यक्ष इंद्रेश चौहान, मनोज पटेल, अमरीश शर्मा, पीयूष अग्रवाल, ओपी,डब्बू, नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, जिला महामंत्री बिनीत अग्रवाल कार्तिक भसीन आदि के साथ वृक्षारोपण किया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में नेचर केयर ट्रस्ट द्वारा नेहरू पार्क में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से अशोक, पॉम, आम एवं जामुन के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम की थीम नॉरिशमेंट ऑफ नेचर के अंतर्गत सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए प्रत्येक पौधे की देखभाल एवं संरक्षण की जिम्मेदारी ली, एक-एक सदस्य को प्रत्येक पौधे के पालन पोषण की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष हिमांशु जैसवार, कोषाध्यक्ष डॉ. गौरव वर्मा, सचिव दीप अग्रवाल, सदस्य एडवोकेट मुदित अग्रवाल, शिवम माथुर, हर्षल सिंह, हर्षित सिंह, राहुल गंगवार, अवतार सिंह, मोनू, राहुल सक्सेना, आयुष मिश्रा एवं अभिषेक कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। पूरनपुर ब्लॉक परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम्य विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग, जनपद पीलीभीत के आदेश के क्रम में विकासखंड पूरनपुर में यह आयोजन हुआ। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान पति फैयाज मास्टर एवं सचिव अखिलेश गुप्ता ने पौधे रोपकर अभियान की शुरुआत की। इस दौरान सोनू यादव, लतीफ खान, राजकुमार पासवान, पप्पू राम, प्रेमपाल पासवान, सहित अन्य ग्रामीण और कर्मचारी मौजूद रहे।

सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए पेड़ लगाएं, जीवन बचाएं का संदेश दिया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और वन एवं वन्यजीवों के लाभों का संदेश फैलाने के लिए वन एवं वन्यजीव विभाग ने पीटीआर के शहीद कुंदन लाल बैठक कक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। पीटीआर सर्कल और सशस्त्र सीमा बल के कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

# बिजली संकट और महंगी दरों के खिलाफ आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उत्तर प्रदेश में बिजली संकट, अघोषित कटौती, महंगी दरों और स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों के विरोध में बृहस्पतिवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह के निर्देश पर हुए प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा।



ज्ञापन जिलाप्रभारी एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष एड. सुनीता गंगवार के नेतृत्व में सौंपा गया। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में प्रदेश की जनता बिजली संकट से त्रस्त है। कई जिलों में 22 से 48 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही है। लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में किसान, व्यापारी, छात्र और आम नागरिक अघोषित कटौती से परेशान हैं। जनता महंगी बिजली दरें चुकाने के बावजूद निर्बाध आपूर्ति नहीं पा रही है। जिला महासचिव एड. संजय कुमार ने कहा कि बाराबंकी में बिजली न होने के कारण सड़क किनारे सो रहे एक परिवार के चार लोगों की मौत बदहाल बिजली व्यवस्था का उदाहरण है। उन्होंने घटना की उच्चस्तरीय जांच और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की। पंचायत प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष विनोद कुमार भारती ने आरोप लगाया कि सरकार समस्याओं के समाधान के बजाय गैर-जिम्मेदाराना बयानबाजी कर रही है।

उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर से फर्जी बिलिंग और गलत रीडिंग की शिकायतें लगातार आ रही हैं, जिससे लाखों उपभोक्ता परेशान हैं। इस मौके पर रामशंकर दुबे, रामसिंह सोनकर, रिंकू दिवाकर, बबलू, नीरज देवी, नन्हे लाल, प्रवीण कुमार, राजवीर, मनोज भारती, प्रमोद कुमार, हरप्रसाद वर्मा, रामपाल सागर, बबलू मिश्रा, मिश्री लाल सोनकर समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बंद कमरे में फंदे पर लटका मिला युवक

■ पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा, क्षेत्र में फैली सनसनी



शाह टाइम्स संवाददाता

**उघैती (बदायूं)।** उघैती थाना क्षेत्र के गांव सोनिया खेड़ा में एक युवक का शव घर के बंद कमरे में फंदे से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार गांव सोनिया खेड़ा निवासी गुड्डू (20 वर्ष) पुत्र अमर पाल अपने घर में था। शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में उसका शव घर के एक बंद कमरे में फंदे पर लटका मिला। काफी देर तक युवक के बाहर नहीं आने पर परिजनों को संदेह हुआ। जब उन्होंने कमरे की ओर देखा तो युवक फंदे पर लटका दिखाई दिया। यह दृश्य देखकर परि. जनों के होश उड़ गए और घर में चीख-पुकार मच गई।

घटना की खबर गांव में आग की तरह फैल गई। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। युवक की मौत से परिवार में मातम छा गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीण भी घटना को लेकर स्तब्ध हैं और तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।

सूचना मिलने पर उघैती थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाकर अपने कब्जे में लिया तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मौके से साक्ष्य एकत्रित किए हैं और युवक की मौत के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

प्रभारी निरीक्षक ऋषिपाल सिंह ने बताया कि युवक का शव फंदे पर लटका मिला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# 'एक पेड़ मां के नाम': पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

■ जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने रोपे पौधे

शाह टाइम्स संवाददाता

**बदायूं।** विश्व पर्यावरण दिवस के सुअवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र उझानी में शुक्रवार को एक वृहद पौधरोपण कार्यक्रम और पर्यावरण जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिल्सी विधायक हरीश शाक्य और भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता,डीएम अवनीश कुमार राय, एसएसपी अंकिता शर्मा, सीडीओ गामिनी सिंगला,डीएफओ निधि चौहान मौजूद रही।



डीएफओ निधि चौहान ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया रैली पुलिस लाइन चौराहे से लेकर जेल तिराहे होते हुए पुलिस लाइन चौराहा पर संपन्न हुई। उन्होंने बताया की जिले का आठ लाख,65 हजार, पौधरोपण के लिए लक्ष्य मिला है और वन विभाग को पचास हजार पौधे लगाने की जिम्मेदारी मिली है। शेष पौधों का लक्ष्य जिले के अन्य विभागों जैसे ग्राम विकास, पंचायती राज, शिक्षा, और कृषि विभाग में विभाजित किया जाएगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, वरिष्ठ नागरिकों, ग्रामीणों ने परिसर में जामुन, आंवला, अमरूद, कटहल, इमली और गोल्ड मोहर जैसी विभिन्न प्रजातियों के फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया। साथ ही रोपे गए पौधों की सुरक्षा और उनके बड़े होने तक देखभाल करने का संकल्प भी लिया।जागरूकता गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण बेहद जरूरी है। बदलती जलवायु और बढ़ते तापमान से बचने का एकमात्र उपाय अधिक से अधिक पेड़ लगाना है। अधिकारियों ने ग्रामीणों और युवाओं से अपील की कि वे अपने जीवन के विशेष अवसरों पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं।कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार, उप प्रभागीय वन अधिकारी जगन्नाथ कश्यप और क्षेत्रीय वन अधिकारी विकास कुमार वरुण का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान वन विभाग की टीम सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

शाह टाइम्स संवाददाता



**बिसौली।** सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज, शरह बरौलिया, बदायूँ में आज 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सहयोग से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने पौधरोपण कर किया। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ष्पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। धरती का तापमान बढ़ रहा है और प्रदूषण लगातार चिंता का विषय बनता जा रहा है। ऐसे में हम सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। एक पेड़ सैकड़ों जिंदगियों को बचाता है। एनएसएस स्वयंसेवकों ने पौधों की सुरक्षा एवं नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर नीरज चौहान, विप्लव,भारती, रामकिशोर,यशपाल सिंह सहित विद्यालय के अनेक शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पर्यावरण बचाने की शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी अनमोल उपाध्याय ने किया।

# शताब्दी वर्ष के तहत नीरज शुक्ला के घर हुआ साप्ताहिक यज्ञ

शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा मनाए जा रहे आध्यात्मिक त्रिवेणी संगम के तहत बृहस्पतिवार को सबलपुर खास स्थित गायत्री विद्या मंदिर, नव चेतना विस्तार केंद्र पर साप्ताहिक यज्ञ संपन्न हुआ। यज्ञ का आयोजन नीरज कुमार शुक्ला के आवास पर किया गया।

वर्ष 2026 में अखंड दीप जन्म शताब्दी वर्ष, माता भगवती देवी जन्म शताब्दी वर्ष और परम पूज्य गुरुदेव की साधना का जन्म शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। इसे गायत्री परिवार पूरे विश्व में आध्यात्मिक त्रिवेणी संगम के रूप में मना रहा है। शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 'हर घर तक यज्ञ करना और कराना' श्रृंखला चलाई जा रही है। इसी क्रम में हुए यज्ञ में प्रज्ञा मंडल एवं विवेकानंद युवा मंडल के संचालक नीरज कुमार शुक्ला के साथ रामकृपाल बाजपेई, रामनरेश शुक्ला, विकास बाजपेई, राम प्रकाश, राम शर्मा पांडे, विवेक पांडे, राजन पांडे, शिवनाथ मिश्रा आदि शामिल हुए। सभी ने श्रद्धापूर्वक यज्ञ भगवान को आहुतियां समर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना की। कार्यक्रम के अंत में नीरज कुमार शुक्ला ने सभी का आभार प्रकट किया। शांतिकुंज के निर्देश पर क्षेत्र में हर बृहस्पतिवार को साप्ताहिक यज्ञ का क्रम जारी है, जिससे लोगों में धार्मिक चेतना का संचार हो रहा है।



# रामपुर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ, 4.58 लाख पौधरोपण का लक्ष्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद रामपुर में पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से ''एक पेड़ मां के नाम'' एवं ''एक कदम हरित भविष्य के नाम'' अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री तथा जनपद के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र परिसर में 'जरूल' का पौधा रोपित कर अभियान की शुरुआत की। इस दौरान जनपद में एक दिन में 4 लाख 58 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान केवल पौधरोपण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति और मातृत्व के प्रति सम्मान व्यक्त करने का माध्यम भी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाएं। प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रणव जैन ने बताया कि जनपद को मिले 4.58 लाख पौधरोपण लक्ष्य को विभिन्न विभागों में विभाजित किया गया है। ग्राम्य विकास विभाग को सर्वाधिक 2 लाख 94 हजार पौधे लगाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा कृषि विभाग को 74 हजार, उद्यान विभाग को 49 हजार, पंचायतीराज विभाग को 20 हजार तथा नगर विकास विभाग को 3 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। सभी विभागों को वन विभाग की पौधशालाओं से निशुल्क पौधे उपलब्ध कराए गए हैं और ऑनलाइन रिपोर्टिंग की व्यवस्था भी की गई है।





उन्होंने बताया कि यह अभियान उत्तर प्रदेश सरकार की व्यापक वृक्षारोपण रणनीति का हिस्सा है।

वित्तीय वर्ष 2026-27 में पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि विश्व पर्यावरण दिवस पर एक ही दिन में पांच करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

रामपुर जिला भी इस महाअभियान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम के दौरान ''पेड़ एक प्रण, हर प्रण एक नई शुरुआत'' का संकल्प लेते हुए शहर विधायक आकाश सक्सेना, मिलक-शाहबाद विधायक राजबाला सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, जिला प्रभारी राजीव वर्मा, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा, डीआईजी पूर्ण सिंह धर्मशक्तू तथा मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पौधरोपण किया।

अभियान के माध्यम से जनपदवासियों को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन और हरित भविष्य के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। अधिकारियों ने विश्वास जताया कि जनसहभागिता से निर्धारित लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूरा किया जाएगा और रामपुर को अधिक हरित एवं स्वच्छ बनाने की दिशा में यह अभियान मील का पत्थर साबित होगा।

# एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पालिकाध्यक्ष ने किया पौधरोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व सम्मान को समर्पित ष्एक पेड़ मां के नामष अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद मिलक की अध्यक्ष दीक्षा गंगवार ने पटेल पार्क में पौधरोपण किया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, सभासद एवं पालिका के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान दीक्षा गंगवार ने स्वयं पौधा लगाकर उसका संरक्षण करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मां हमें जीवन देती है और पेड़ जीवन को सुरक्षित एवं समृद्ध बनाते हैं। इस अभियान के माध्यम से माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का भी महत्वपूर्ण संदेश दिया जा रहा है। पालिका अध्यक्ष ने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील करते हुए कहा कि हर नागरिक को कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद मिलक शहर को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए लगातार वृक्षारोपण अभियान चला रही है। उन्होंने बताया कि पटेल पार्क सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर छायादार और फलदार पौधे लगाए जा रहे हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और हरियाली का लाभ मिल सके। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भी पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वास्थ्य विभाग का व्यापक वृक्षारोपण अभियान, 650 पौधे लगाए गए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस-2026 के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनपद भर में पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता को लेकर व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह के नेतृत्व में मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में वृक्षारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चमरौआ पहुंचकर पौधरोपण किया और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण सबसे प्रभावी उपायों में से एक है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को शुद्ध नहीं करते, बल्कि मानव जीवन के लिए आवश्यक ऑक्सीजन, छाया और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्वस्थ समाज और सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण को




जनआंदोलन बनाना आवश्यक है। विश्व पर्यावरण दिवस-2026 की थीम "प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए" के अनुरूप आयोजित कार्यक्रमों में लोगों को हरित जीवनशैली अपनाने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जनपद के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में लगभग 650 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने "एक पेड़ ख्र एक संकल्प, सुरक्षित भविष्य की ओर एक कदम" का संदेश देते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने का सामूहिक संकल्प लिया। स्वास्थ्य विभाग ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए आमजन से भी इस अभियान में भागीदारी करने की अपील की। इस अवसर पर समस्त अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारी, चिकित्सा अधीक्षक, स्वास्थ्यकर्मी तथा विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को जनस्वास्थ्य से जोड़ते हुए समाज में जागरूकता बढ़ाना और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं हरित वातावरण सुनिश्चित करना रहा।

## सब जूनियर क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए 6 जून को होंगे जिला स्तरीय ट्रायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** प्रदेश स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालक एवं बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जनपद स्तरीय चयन प्रतियोगिता एवं ट्रायल का आयोजन 6 जून को रेलवे स्पोर्ट्स स्टेडियम, रामपुर में किया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को मंडल स्तरीय ट्रायल में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा, जिसके आधार पर प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए टीम का गठन किया जाएगा। प्रभारी क्रीड़ाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि सब जूनियर बालक वर्ग की जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता 6 जून को अपराह्न 3 बजे से रेलवे स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित होगी। इसके बाद मंडल स्तरीय चयन एवं ट्रायल 8 जून को तिलोजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम, मुरादाबाद में होंगे। चयनित खिलाड़ी 10 से 13 जून तक सहारनपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इसी प्रकार सब जूनियर बालिका वर्ग की जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता भी 6 जून को रेलवे स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। मंडल स्तरीय ट्रायल 8 जून को मुरादाबाद में होंगे, जबकि प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता 15 से 18 जून तक स्पोर्ट्स स्टेडियम सहारनपुर में आयोजित की जाएगी। प्रभारी क्रीड़ाधिकारी ने जनपद के सभी इच्छुक खिलाड़ियों से अधिक से अधिक संख्या में ट्रायल में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया में शामिल होने वाले खिलाड़ियों को अपना आधार कार्ड अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने और प्रदेश स्तर तक पहुंचने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगी।

# मानसिक रूप से दिव्यांग किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** थाना सैफनी क्षेत्र में मानसिक रूप से दिव्यांग किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस और आरोपी के बीच हुई मुठभेड़ में आरोपी के पैर में गोली लग गई, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस और खोखा कारतूस बरामद करने का दावा किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना सैफनी क्षेत्र की एक मानसिक रूप से दिव्यांग किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आने के बाद पीड़िता की मां ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मामला दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। घटना को लेकर क्षेत्र में भारी रोष व्याप्त था और आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग लगातार उठ रही थी। पुलिस की कई टीमें उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थीं। शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी रामगंगा पुल के निकट मौजूद है और कहीं बाहर भागने की फिराक में है। सूचना मिलते ही थाना सैफनी पुलिस और अन्य पुलिस टीमों ने क्षेत्र की घेराबंदी कर सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। पुलिस के अनुसार जब संदिग्ध युवक को रुकने का इशारा किया गया तो उसने भागने का प्रयास किया और खुद को घिरा देख पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।



पुलिस का कहना है कि आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की गई, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लग गई। गोली लगने से घायल आरोपी मौके पर गिर पड़ा, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। घायल आरोपी को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। बाद में बेहतर इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मौके से एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद करने की बात कही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य संबंधित धाराओं में पहले से मुकदमा दर्ज है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि महिलाओं और बालिकाओं के खिलाफ अपराध करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना मिलने पर क्षेत्र के लोगों ने राहत व्यक्त की। वहीं पुलिस ने कहा कि मामले की विवेचना जारी है और सभी साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# स्वार पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत स्वार पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जनपद भर में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार रात्रि को कोतवाली प्रभारी अनुपम शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में सघन चेकिंग एवं दबिश अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना और स्थानीय स्तर पर जुटाई गई जानकारी के आधार पर नरपत नगर निवासी साजिद पुत्र साबिर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी था और वह काफी समय से गिरफ्तारी से बचने का प्रयास कर रहा था। पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए उसे दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को कोतवाली लाकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई तथा बाद में न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि न्यायालय से जारी वारंटों की तामील और फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर अभियान लगातार जारी है। ऐसे अभियुक्तों को चिन्हित कर उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार सक्रिय हैं। अभियान का उद्देश्य कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना तथा अपराधियों में कानून का भय कायम करना है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सूरज सिंह, कांस्टेबल विपिन सिरोही सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि वांछित और वारंटी



अभियुक्तों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क, डीएम-एसपी ने अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** आगामी 8, 9 एवं 10 जून 2026 को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक रामपुर ने रिजर्व पुलिस लाइंस सभागार में जनपद के सभी क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों तथा परीक्षा ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की सुविधाओं और कानून-व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा केंद्रों के आसपास सतर्क निगरानी रखी जाए।

अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा केंद्रों पर आने वाले अभ्यर्थियों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित की जाए और यातायात व्यवस्था को सुचारु रखा जाए, ताकि किसी भी अभ्यर्थी को असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर विशेष नजर रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या अवैध गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, नकल माफियाओं और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने तथा परीक्षा को पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई। अधिकारियों से कहा गया कि परीक्षा अवधि के दौरान सभी व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की जाए और किसी भी समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा लाखों युवाओं के भविष्य से जुड़ी महत्वपूर्ण परीक्षा है। इसलिए परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए गए।

## घर में घुसकर महिला से मारपीट, जान से मारने की धमकी; तीन पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम एजेनखेड़ा में पारिवारिक विवाद के चलते घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम एजेनखेड़ा निवासी नील कुमार ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि 4 जून की सुबह करीब 9 बजे उनकी पत्नी घर पर अकेली थी। आरोप है कि इसी दौरान उनके भाई, पिता और मां घर में घुस आए और उनकी पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी वहां से चले गए। पीड़ित का आरोप है कि जाते समय आरोपियों ने उनकी पत्नी को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद नील कुमार ने कोतवाली पहुंचकर नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक मनीराम ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की विवेचना की जा रही है तथा जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# पर्यावरण दिवस पर हिम्मतपुर गौ आश्रय स्थल में गूंजा गौ-सेवा और हरियाली का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शाहबाद तहसील स्थित हिम्मतपुर गौ आश्रय स्थल में गौ-सेवा और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री तथा जनपद प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने पहुंचकर गौ पूजन, पौधरोपण और गौशाला निरीक्षण कर पशु संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा गोवंश के विधिवत पूजन-अर्चन से हुई।

उन्होंने गौ माता को तिलक लगाया और अपने हाथों से गुड़ खिलाकर गौ-सेवा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने कहा कि गौ संरक्षण भारतीय संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। गौवंश की सेवा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सामाजिक जीवन से भी गहराई से जुड़ी हुई है। गौशाला परिसर के निरीक्षण के दौरान मंत्री ने वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने गोवंश के लिए उपलब्ध चारे, स्वच्छ पेयजल, चिकित्सा सुविधाओं तथा आश्रय स्थल की समग्र व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंश के संरक्षण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए और गौशालाओं में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। अपने संबोधन में मंत्री ने पशुपालन आधारित रोजगार योजनाओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बकरी पालन, मत्स्य पालन और सूअर पालन जैसी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों और पशुपालकों को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही है। इससे किसानों और ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने में मदद मिल रही है। धर्मपाल सिंह ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि प्रकृति और पशुधन दोनों का संरक्षण समय की आवश्यकता है। उन्होंने पुराने समय की परंपराओं का उल्लेख करते हुए कहा कि घरों में गोबर से लीपाई केवल धार्मिक परंपरा नहीं थी, बल्कि स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का वैज्ञानिक तरीका भी था। उन्होंने लोगों से गौशालाओं से जुड़ने और निराश्रित गोवंश को अपनाने की अपील की। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मंत्री सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने गौशाला परिसर में पौधरोपण भी किया। उन्होंने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। इस अवसर पर मिलक-शाहबाद विधायक राजबाला सिंह, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



कार्यक्रम ने एक ओर जहां गौ-सेवा के महत्व को रेखांकित किया, वहीं पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का संदेश भी दिया।

# प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

- जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए
- प्रदेश सरकार की प्राथमिकताएं सर्वांगीण विकास और सुरक्षा

(इमरान हुसैन)
शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जनपद के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश सरकार के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विभागीय कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सभी अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री जी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को 70 वर्ष से अधिक आयु के पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने संचारी रोग नियंत्रण अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नियमित टीकाकरण अभियान चलाकर शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था एवं दवाओं की उपलब्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। खाद्य एवं रसद विभाग की समीक्षा करते हुए माननीय मंत्री जी ने राशन वितरण प्रणाली को पारदर्शी एवं सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। उचित दर विक्रेताओं के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा पात्र लाभार्थियों को समय से खाद्यान्न उपलब्ध कराने को कहा। प्रभारी मंत्री ने एलपीजी गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के भी निर्देश दिये।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने जिला कृषि अधिकारी को किसानों को समय से उर्वरक एवं उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को जैविक खाद का प्रयोग अधिक से अधिक करने के लिए प्रेरित करें।

पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने निराश्रित गौवंशों के संरक्षण एवं गौशालाओं की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में चारे, पानी एवं चिकित्सा सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही प्रभारी मंत्री ने मुख्य विकास अधिकारी को नियमित तौर पर गौशालाओं का निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुचारु बनाए रखने तथा खराब ट्रांसफार्मरों को शीघ्र बदलने तथा शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। बेसिक शिक्षा विभाग को विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने, शिक्षण गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए नियमित तौर पर विद्यालयों का निरीक्षण करने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए। कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि सर्वांगीण विकास और सुरक्षा प्रदेश सरकार की दो प्राथमिकताएं हैं। जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी सभी मिलकर कार्य करेंगे तभी विकास संभव है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को प्रत्येक थाना दिवस में जनसुनवाई का फीडबैक प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी अधिकारियों को जनसुनवाई को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम जनमानस के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें। विशेष रूप से महिलाओं को सुरक्षा और संरक्षण दें। महिला अपराध से संबंधित मामलों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही बाल अपराध, साइबर अपराध पर भी कड़ी कार्रवाई की जाये। प्रभारी मंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशानुसार पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें तथा जनहित से जुड़े मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से आमजन को सरकार की योजनाओं का वास्तविक लाभ मिलना चाहिए।

बैठक में शहर विधायक आकाश सक्सेना, मिलक विधायक राजबाला सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीश गंगवार, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. नितिन मदान सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



# केंद्र सरकार के 12 वर्ष की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे कार्यकर्ता : धर्मपाल सिंह

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री तथा जनपद के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने शुक्रवार को विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक के उपरांत आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान और विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, सुरक्षा और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं, जिन्हें जन-जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं और समाज के वंचित वर्गों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, स्वच्छ भारत मिशन तथा डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने देश के करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व स्तर पर एक मजबूत और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। धर्मपाल सिंह ने उत्तर प्रदेश में वर्ष 2017 से पहले और बाद की कानून-व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हुआ है। माफिया और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई से प्रदेश में निवेश और विकास का बेहतर माहौल बना है।



उन्होंने कहा कि सुरक्षा और विकास एक-दूसरे के पूरक हैं और प्रदेश सरकार दोनों मोर्चों पर प्रभावी ढंग से कार्य कर रही है। उन्होंने कांग्रेस के लंबे शासनकाल और वर्तमान केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल की तुलना करते हुए कहा कि पहले विकास कार्यों की गति अपेक्षाकृत धीमी थी, जबकि वर्तमान सरकार ने पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को प्राथमिकता देते हुए विकास को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के पात्र लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। प्रभारी मंत्री ने बताया कि 5 जून से 21 जून 2026 तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 5 जून को "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत वृक्षारोपण किया जाएगा। 8 से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान, 11 जून को प्रदेश स्तरीय मीडिया संवाद, 13 और 14 जून को जिला स्तरीय मीडिया संवाद, 14 से 16 जून तक जनकल्याण शिविर, 16 और 17 जून को विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, 17 से 20 जून तक प्रदर्शनी तथा 18 और 19 जून को प्राकृतिक खेती कार्यशालाएं आयोजित होंगी। इसके अलावा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाई जाएगी। साथ ही लोगों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने का कार्य भी किया जाएगा। प्रेस वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, जिला प्रभारी राजीव वर्मा, नगर विधायक आकाश सक्सेना, मिलक विधायक राजबाला सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, एमएलसी महाराज सिंह, अभय गुप्ता, मोहन कुमार लोधी, चित्रक मित्तल, दीक्षा गंगवार, रविंद्र सिंह रवि, अर्जुन रस्तोगी, जगपाल सिंह यादव, जिला मीडिया प्रभारी आकाश सक्सेना, प्रदीप गुप्ता, दीपक गुप्ता सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गुरु नानक एकेडमी में 'पर्यावरण सुपरहीरो अभियान' का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरु नानक एकेडमी, मिलक ने दक्ष फाउंडेशन के सहयोग से 'पर्यावरण सुपरहीरो अभियान' का आयोजन किया। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा हरित भविष्य के लिए प्रेरित करना है।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एसडीएम मिलक अनुराग सिंह और नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। युवा सत्ता पार्टी के अध्यक्ष नलिन सिंह ने भी अभियान में भाग लिया। विद्यालय के चेयरमैन विशेष शर्मा, वाइस चेयरमैन रिजवान खान, डायरेक्टर शीतल शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर मीनू मिश्रा, प्रधानाचार्या मिताली सक्सेना और उप-प्रधानाचार्य अमित गंगवार सहित अन्य गणमान्य लोगों ने पौधे लगाए। अभियान के तहत



छात्र-छात्राएं अपने घरों या आसपास पौधे लगाकर उनके साथ फोटो विद्यालय को भेज रहे हैं। चयनित श्रेष्ठ तस्वीरों को विद्यालय के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शित किया जाएगा तथा विजेताओं को प्रशंसा प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि "एक पेड़, एक उम्मीद, एक भविष्य" के संदेश के साथ यह अभियान बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित कर रहा है। कार्यक्रम में प्रशांत पांडेय, अंजलि गंगवार, रमनीत कौर, दिव्या गुप्ता, आमीन खान और क्रांतिशेखर सारंग भी उपस्थित रहे।

# मानवाधिकार आयोग प्रकरण में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई



अजय कुमार द्विवेदी
जिलाधिकारी रामपुर




शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** मानवाधिकार आयोग, उत्तर प्रदेश के एक प्रकरण में लापरवाही बरते जाने पर जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। केस संख्या 7832/24/62/2026 में उत्तरदायित्व तय करते हुए जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट कर्मचारी नीरज कुमार सिंह, तत्कालीन शिकायत लिपिक एवं वर्तमान सहायक राजस्व लेखाकार सदर को निलंबित कर दिया है। वहीं शिकायत लिपिक अंकुर कुमार के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

इसके अलावा अभिलेखागार आंग्ल शाखा में डाक समय से प्रेषित न करने तथा मामले को उच्चाधिकारियों के संज्ञान में न लाने पर अभिलेखापाल अमिता भटनागर और सहायक अभिलेखापाल किरन सक्सेना को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शासकीय कार्यों में लापरवाही और अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर 'मदद एक आस फाउंडेशन' ने किया भव्य पौधरोपण



शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था 'मदद एक आस फाउंडेशन' द्वारा कोसी मंदिर चौकी परिसर में भव्य पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों ने औषधीय एवं छायादार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित चौकी प्रभारी ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ और हराभरा बनाए रखना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। पौधरोपण अभियान का नेतृत्व फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतीक शर्मा और जिला अध्यक्ष संचित कपूर ने किया।

कार्यक्रम के सफल संचालन में पर्यावरण कोऑर्डिनेटर शुभम सक्सेना और कोषाध्यक्ष शालिनी रस्तोगी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अभियान में ममता सोनी, अंकुर सक्सेना, कमल चावला, अंकुर राजपूत, राहुल सक्सेना, रेनू सक्सेना, गीतांजलि शर्मा, गोपाल शर्मा, निहारिका सोनी, अमित सोनी और बबीता गुप्ता सहित अन्य सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर आरसेटी रामपुर में हुआ वृक्षारोपण, संरक्षण का लिया संकल्प

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) रामपुर में ष्हमारी जमीन, हमारा भविष्यष् थीम पर पर्यावरण जागरूकता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) शिवांग जोशी एवं संस्थान के निदेशक देशराज मीणा ने संस्थान परिसर में पौधे रोपित कर अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण बेहद आवश्यक है तथा प्रत्येक व्यक्ति को प्रकृति संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। इस अवसर




पर आरसेटी में संचालित जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रशिक्षार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। वक्ताओं ने जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण के बीच वृक्षों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में फैकल्टी सदस्य सरफराज हुसैन, सर्वेश कुमार, सना अंकुर सहित संस्थान के प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण को जनआंदोलन बनाने के संदेश के साथ हुआ।

# प्रसव के बाद नवजात की मौत, परिजनों का हंगामा, स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई अस्पताल सील

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** नगर के काशीपुर मार्ग स्थित एक निजी अस्पताल में प्रसव के बाद नवजात की मौत हो जाने से परिजनों में आक्रोश फैल गया। गुस्साए परिजनों ने अस्पताल संचालक के खिलाफ हंगामा करते हुए कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और अस्पताल को सील कर दिया।

गांव सेमरा लाडपुर निवासी मोहम्मद इस्लाम ने बताया कि बुधवार देर रात प्रसव पीड़ा होने पर अपनी पत्नी गुलनाज को काशीपुर मार्ग स्थित एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। आरोप है कि करीब 12 घंटे तक प्रसव नहीं कराया गया। गुरुवार सुबह से ही महिला की हालत को लेकर परिजन चिंतित रहे। बताया गया कि गुरुवार करीब 11 बजे महिला ने पुत्र को जन्म दिया, लेकिन जन्म के कुछ देर बाद ही नवजात की तबीयत बिगड़ गई। परिजनों के अनुसार अस्पताल में ही नवजात की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग और ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए तथा लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में प्रशिक्षित चिकित्सक और पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम के नोडल अधिकारी राजीव कुमार चंदेल मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल के बाद अस्पताल को सील कर दिया। अधिकारियों



का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# खेत की मेड़ विवाद में दलित युवक से मारपीट, चार आरोपियों पर केस दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** थाना केमरी क्षेत्र के गांव शमशाबाद निवासी एक युवक की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ जातिसूचक टिप्पणी, मारपीट और धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। मामला खेत की मेड़ को लेकर हुए विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है।

पीड़ित मुकेश कुमार पुत्र सीताराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 31 मई की रात कुछ लोग उसके




खेत की मेड़ काट रहे थे। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज की, मारपीट की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अपमानित किया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने हवाई फायरिंग कर इलाके में भय का माहौल बनाने का प्रयास किया। मुकेश कुमार ने बताया कि पहले भी मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस से की गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपा गया। जांच के उपरांत पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना जारी है।

# अजरबैजान के राजदूत ने किया रामपुर रजा पुस्तकालय का भ्रमण, सांस्कृतिक सहयोग पर हुई महत्वपूर्ण चर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** अजरबैजान गणराज्य के राजदूत महामहिम एल्चिन हुसैनअली ने रामपुर रजा पुस्तकालय का दौरा कर पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र के साथ भारत और अजरबैजान के बीच सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक सहयोग को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में दोनों देशों के मध्य सांस्कृतिक संवाद, अकादमिक आदान-प्रदान तथा पारस्परिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाने के विभिन्न आयामों पर चर्चा हुई। बैठक से पूर्व निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने गांधी समाधि पर राजदूत का स्वागत किया। इसके बाद दोनों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुष्पांजलि



अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पुस्तकालय पहुंचने पर डॉ. मिश्र ने राजदूत को पुस्तकालय का विजन डॉक्यूमेंट भेंट किया, जबकि राजदूत ने हैदर अलीयेव फाउंडेशन द्वारा प्रकाशित पुस्तकें एवं एक पेंटिंग स्मृति स्वरूप भेंट की। बैठक के दौरान डॉ. पुष्कर मिश्र ने राजदूत को पुस्तकालय के गौरवशाली इतिहास, दुर्लभ पांडुलिपियों, संरक्षण प्रयोगशाला, डिजिटलीकरण परियोजनाओं तथा शोध कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रामपुर रजा पुस्तकालय को "पुस्तकों का ताजमहल" कहा जाता है और यह विश्व की प्रमुख पुस्तकालयों में से एक है। उन्होंने बताया कि भविष्य में अजरबैजान और रामपुर रजा पुस्तकालय के बीच अकादमिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। राजदूत एल्चिन हुसैन अली ने पुस्तकालय में संरक्षित दुर्लभ पांडुलिपियों, पुस्तकों और सांस्कृतिक धरोहरों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान विश्व विरासत के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने भारत और अजरबैजान के बीच शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत बनाने की इच्छा व्यक्त की। बैठक के बाद राजदूत ने खम्सा-ए-निजामी, सिकंदरनामा, हजरत अली द्वारा हस्तलिखित पवित्र कुरान तथा रागमाला एल्बम सहित कई दुर्लभ पांडुलिपियों का अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने दरबार हॉल, पांडुलिपि अनुभाग और संरक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण कर वहां चल रहे संरक्षण कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर प्रो. डॉ. रमाकांत द्विवेदी और शिखा तिवारी भी उपस्थित रहीं।

# भारत-अफगान टेस्ट से शुरू होगा गिल का दौर

**शुभमन गिल की कप्तानी में टीम इंडिश ट्रांजशिन फेज में कदम रख रही**

**मुल्लांपुर, वार्ता।** भारतीय टेस्ट क्रिकेट में शनिवार से एक नए दौर की शुरुआत हो रही है। शुभमन गिल की कप्तानी में टीम एक बदलाव के दौर (ट्रांजशिन फेज) में कदम रख रही है और मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट मैच खेलेगी।

यह मैच आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप साइकल का हिस्सा नहीं है। पिछले साल नवम्बर के बाद भारत रेड-बॉल क्रिकेट में वापसी कर रहा है। यह मैच ऐसे समय में हो रहा है जब टीम में पीढ़ीगत बदलाव (जेनरेशनल शिफ्ट) हो रहा है और सीनियर खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। गिल के लिए यह सीरीज लीडरशिप की शुरुआती परीक्षा है। वह एक युवा और नई टीम का नेतृत्व करते हुए भारत के लंबे समय के टेस्ट



कप्तान के तौर पर अपनी जगह पक्की करना चाहेंगे। भारत ने इस मैच का इस्तेमाल अपनी बेंच स्ट्रेंथ बढ़ाने के लिए किया है, जिसमें स्थापित खिलाड़ियों के साथ-साथ कई उभरते हुए खिलाड़ियों को भी मौका दिया गया है। उम्मीद है कि भारत की बैटिंग लाइन-अप की शुरुआत केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल करेंगे, और मिडिल ऑर्डर में साई सुदर्शन, गिल और ऋाभ पंत होंगे। निचले क्रम में वॉशिंगटन सुंदर और नीतीश कुमार रेड्डी जैसे ऑलराउंडर विकल्प मौजूद हैं, जिससे सीनियर खिलाड़ियों की गैर-मौजूदगी में भी टीम को काफी गहराई मिलती है। गिल शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने 2025 में नौ टेस्ट मैचों में 70-21 की औसत से 983 रन बनाए हैं। उनके शानदार प्रदर्शन में एजबेस्टन में बनाए गए ऐतिहासिक 269 रन भी शामिल हैं, जो टेस्ट क्रिकेट में उनकी बढ़ती अहमियत को दिखाते हैं। हशमतुल्लाह शाहिदी की कप्तानी में अफगानिस्तान की टीम टेस्ट क्रिकेट में कम अनुभव के साथ आई है, लेकिन उनके पास एक ऐसा कोर ग्रुप है जिसने मुश्किल हालात में भी अच्छा खेल दिखाया है।

रहमत शाह इस फॉर्मेट में उनके सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज हैं, जबकि रहमानुल्लाह गुरबाज ओपनिग में आक्रामक खेल दिखाते हैं। हालांकि, अफगानिस्तान के लिए चुनौती तब और बढ़ जाती है जब उनके मुख्य स्पिनर राशिद खान और मुजीब उर रहमान टेस्ट टीम में नहीं होते, ऐसे में गेंदबाजी की कमान संभालने की अतिरिक्त जम्मिेदारी कैस अहमद पर आ जाती है। बिलाल सामी, सलीम साफी, शराफुद्दीन अशरफ और नंग्याल खरोताई जैसे सहयोगी गेंदबाजों को मिलकर भारत की मजबूत बैटिंग लाइन-अप को रोकने की कोशिश करनी होगी। इस बीच, भारत की तेज गेंदबाजी की कमान मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृणा संभालेंगे, जबकि कुलदीप यादव स्पिन के मुख्य हथियार होंगे क्योंकि पिच पर जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ेगा, स्पिनरों को मदद मिलने की उम्मीद है। वॉशिंगटन सुंदर टीम में स्पिन और बल्लेबाजी का अतिरिक्त संतुलन लाते हैं। मुल्लांपुर की पिच पर मैच की शुरुआत में अच्छा उछाल और गति मिलने की उम्मीद है, जिससे तेज गेंदबाजों को पहले सेशन में मदद मिल सकती है। हालांकि, जैसे-जैसे टेस्ट मैच आगे बढ़ेगा, पिच धीमी हो सकती है और स्पिनरों के लिए मददगार हो सकती है। पांच दिनों तक गर्म और शुक मौसम के कारण पिच तेजी से खराब हो सकती है, जिससे बाद के चरणों में बल्लेबाजी करना और भी मुश्किल हो जाएगा। दूसरी ओर, भारत को घरेलू सीरीज में दक्षिण अफ्रीका से 2-0 से हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि,दोनों टीमों के बीच अनुभव और गहराई में जो अंतर है, उसे देखते हुए भारत की जीत की संभावना बहुत ज्यादा है। जहां अफगानिस्तान रहमत शाह, हशमतुल्लाह शाहिदी और कैस अहमद से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगा, वहीं भारत की मजबूत बल्लेबाजी और विविध गेंदबाजी विकल्प शुरुआती सेशन से ही मैच पर अपना दबदबा बनाए रखने की उम्मीद है। कुल मिलाकर, यह मुकाबला भारत के लिए बदलाव का एक पल और अफगानिस्तान के लिए टेस्ट क्रिकेट में विकास का एक और कदम है, जिसमें मेजबान टीम पांचों दिन मैच पर नियंत्रण बनाए रखने की मजबूत स्थिति में है। टीमें: भारत: शुभमन गिल (कप्तान), ऋाभ पंत, यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल, नितीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृणा, मोहम्मद सिराज, गुरनूर बरार, हर्ा दुबे, देवदत्त पडिक्कल, मानव सुथार अफगानिस्तान: हशमतुल्लाह शाहिदी, अफसर जजई, अब्दुल मलिक, रहमानुल्लाह गुरबाज, रहमत शाह, अजमतुल्लाह ओमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, जयाउर रहमान शरीफी, कैस अहमद, बिलाल सामी, मोहम्मद सलीम साफी, नंगेलिया खरोटे, सेदिकुल्लाह अटल, इकराम अलीखिल आदि।

## केएस भरत ने लिया अंतरार्ष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के लिए सात टेस्ट मैच खेलने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज केएस भरत ने 32 वर्ा की उम्र में अंतर्राट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। भरत ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि गर्व से भरे दिल और कृतज्ञता के भाव के साथ मैं अंतर्राट्रीय क्रिकेट से अपने संन्यास की घोाणा करता हूं। अपने देश के लिए खेलना मेरे लिए जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। भरत ने 12 पारियों में 20-09 की औसत से 221 रन बनाए और बतौर विकेटकीपर उन्होंने 19 शिकार भी किए। इंडिया ए के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन करने के बाद 2023 की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उन्होंने भारत के लिए डेब्यू किया था। उन्होंने 2023 में अहमदाबाद टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 44 का अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया जिसमें मिचेल स्टार्क और नाथन लियोन जैसे गेंदबाज थे। 2023 में ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए।

## खेल विशेष

### फीफा विश्व कप: 39 दिन, 48 टीमें, कुल 104 मैच

**नई दिल्ली, वार्ता।** फुटबॉल का महाकुंभ 'फीफा विश्व कप' 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में आयोजित किया जाएगा जिसमें 39 दिनों में 48 टीमें हिस्सा लेंगी और कुल 104 मैच खेले जाएंगे। घे 5 भारत में फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए ऑफिशियल स्ट्रीमिग डेस्टिनेशन होगा, और मैच नए लॉन्च हुए स्पोर्ट्स टेलीविजन नेटवर्क, यूनाइट 8 पर भी दिखाए जाएंगे। ए दोनों प्लेटफॉर्म मिलकर टूर्नामेंट की पूरी कवरेज देंगे और देश भर के फुटबॉल फैंस के लिए ओपनिग मैच से लेकर फाइनल तक के हर पल को दिखाएंगे। फीफा वर्ल्ड कप 2026 इस खेल के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। पहली बार, इस टूर्नामेंट में 48 नेशनल टीमें और 104 मैच होंगे, जिससे यह इतिहास का सबसे बड़ा फीफा वर्ल्ड कप बन जाएगा।

### हिम्मत व अमन के दमदार प्रदर्शन से जीता आउटर दिल्ली वॉरियर्स इलेवन

**नई दिल्ली, वार्ता।** आउटर दिल्ली वॉरियर्स इलेवन ने 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (पंजीकृत) के पूल-सी लीग मुकाबले में शुक्रवार को फेंड्स सी-सी- को 8 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। दिल्ली के सबसे प्रतिठित और ऐतिहासिक क्रिकेट टूर्नामेंटों में शामिल इस प्रतियोगिता के 51वें संस्करण में टीम ने गेंद और बल्ले दोनों से दमदार प्रदर्शन किया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी आउटर दिल्ली वॉरियर्स की टीम ने फेंड्स सी-सी- को 113 रन पर रोक दिया। फेंड्स सी-सी- की ओर से घनश्याम ने सर्वाधिक 31 रन बनाए, जबकि देव मेहता ने 27 और यशवर्धन ओबेरॉय ने 23 रन का योगदान दिया। आउटर दिल्ली वॉरियर्स के लिए गेंदबाजी में अमन चौधरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 ओवर में 18 रन देकर 4 विकेट झटके।

### ब्रदर्स यूनियन ने अग्रानी बैंक के खिलाफ वॉकओवर किया

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश के सावर में खेले जा रहे ढाका प्रीमियर डिवीजन क्रिकेट लीग (डीपीएल) मैच में ब्रदर्स यूनियन की टीम अधिकारियों द्वारा बकाया राशि का भुगतान करने से इनकार करने पर अग्रानी बैंक के खिलाफ मैदान पर नहीं उतरी। ऑफ-स्पिनर सोहाग गाजी के अनुसार, क्लब के अधिकारियों द्वारा बकाया राशि का भुगतान करने से इनकार करने के बाद ब्रदर्स यूनियन के खिलाघ्यिों ने यह बघ कदम उठाया। मैच रेफरी इनायत चौधरी के मैदान पर मौजूद होने के बावजूद ब्रदर्स यूनियन के कप्तान जाहिदुज्जमान टॉस के लिए नहीं आए, जिसके बाद अंपायर मोनिरुज्जमान और शफीन शरीफ ने मैच को बेनतीजा बताया।

# विश्व कप अभ्यास मैच में इराक ने स्पेन को बराबरी पर रोका

**दोनों खिलाड़ी उन सपोर्ट प्लेयर्स के ग्रुप का हिस्सा थे जिन्हें 26 लोगों वाली वर्ल्ड कप टीम की तैयारी में मदद के लिए चुना गया था**

**मैड्रिड, वार्ता।** ला कोरुना में खेले गए विश्व कप अभ्यास मैच में इराक ने स्पेन को 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। एशियाई टीम ने काफी बदले हुए स्पेनिश स्क्वाड के खिलाफ शानदार डिफेंस दिखाया।

स्पेन के कोच लुइस डे ला फुएंते ने अपनी शुरुआती 11 खिलाड़ियों की टीम में बार्सिलोना के मिडफील्डर मार्क बर्नल और रियल सोसिदाद के डिफेंडर जॉन मार्टिन को डेब्यू का मौका दिया। ए दोनों खिलाड़ी उन सपोर्ट प्लेयर्स के ग्रुप का हिस्सा थे जिन्हें 26 लोगों वाली वर्ल्ड कप टीम की तैयारी में मदद के लिए चुना गया था। कई रेगुलर खिलाड़ी इस मैच में नहीं खेले, जिनमें चोटिल निको विलियम्स, लैमिन यमल और विक्टर मुनोज के साथ-साथ चैंपियंस लीग फाइनलिस्ट मार्टिन जुबिमेंडी, डेविड राया और फैबियन रुइज शामिल थे। मिकेल ओयारजाबल, पेड्री और मार्क कुकुरेला को भी आराम दिया गया था। डे ला फुएंते ने जोन गार्सिया को गोलकीपर के तौर पर उतारा। इससे इस बात पर अटकलें और बढ़ जाएंगी कि 15 जून को काबो वर्डे के खिलाफ बार्सिलोना के खिलाड़ी या एथलेटिक क्लब के उनाई साइमन में से कौन खेलेगा। 27वें मिनट में जब मेरचास डोस्की ने इराक के लिए बराबरी का गोल किया, तो गार्सिया अपनी सही जगह पर नहीं थे। डोस्की का कर्लिंग शॉट सीधे नेट में चला गया, जबकि गोलकीपर को शायद क्रॉस की उम्मीद थी। तब तक स्पेन का खेल पर कंट्रोल था, जबकि विरोधी टीम 'लो ब्लॉक' (डिफेंसिव रणनीति) में खेल रही थी और सीधे बॉल के साथ अटैक करने की कोशिश कर रही थी। फेरान टोरेस ने 16वें मिनट में गोल करके खाता खोला। उन्होंने बोर्जा इग्लेसियस के डमी मूव (जिसमें उन्होंने पीछे से आए आयमेरिक लापोर्टे के पास को बिना छुए आगे बढ़ने दिया) के बाद बाएं पैर से गोल किया, जबकि इराक का डिफेंस देर से हरकत में आया। बाद में हाफटाइम से पहले टोरेस का शॉट गोलपोस्ट के बार से टकराया, लेकिन 72 प्रतिशत पजेशन (बॉल पर कंट्रोल) के बावजूद स्पेन इराक के डिफेंस को तोड़ने में संघा्र करता रहा।

# रविचंद्रन 25 सबसे महान पुरुष अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटरों' में शामिल

**कार्यक्रम में बोलते हुए, अश्विन ने टी-20 क्रिकेट में गेंदबाजों के लिए जरूरी अहम विचार साझा किए**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन को 'क्रिकइन्फो ऑनर्स अवाड्र्स 2026' में 21वीं सदी के '25 सबसे महान पुरा अंतर्राट्रीय क्रिकेटरों' में शामिल करके सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बोलते हुए, अश्विन ने टी-20 क्रिकेट में गेंदबाजों के लिए जरूरी अनुकूलन क्षमता, टेस्ट क्रिकेट की मौजूदा स्थिति और क्या 15 वर्ाीय वैभव सूर्यवंशी को खेल के सबसे लंबे प्रारूप को अपनाना चाहिए, जैसे वियों पर अपने विचार साझा किए।



क्रिकइन्फो ऑनर्स अवाड्र्स 2026 के दौरान बोलते हुए, रविचंद्रन अश्विन ने इस बात पर चर्चा की कि क्या गेंदबाज आधुनिक बल्लेबाजों के खेलने के तरीके में आए बदलाव के अनुसार खुद को ढाल पाए हैं। उन्होंने कहा कि आजकल गेंदबाजों को ऐसी गति से खुद को ढालना पड़ रहा है जिसका अनुभव उन्होंने पहले कभी नहीं किया था। टेस्ट क्रिकेट में बदलाव आया है, पिचें बदली हैं और परिस्थितियां भी बदली हैं, लेकिन टी 20 क्रिकेट, खेल के आर्थिक मॉडल के कारण, संभवत: एक हाई-स्कोरिग खेल बना रहेगा। नतीजतन, गेंदबाजों को यह समझने की जरूरत है कि कभी-कभी व्यक्तिगत रूप से विकेट लेना गौण हो सकता है, और उन्हें एक टीम के रूप में मिलकर शिकार करना होगा। एक खेल के तौर पर क्रिकेट में बदलाव पारंपरिक रूप से धीमा रहा है। मैं गेंद को छक्के के लिए नहीं मार पाता था, लेकिन मैंने बेसबॉल कैंप में हिस्सा लिया और लगातार फीडबैक के जरिए सीखा। क्रिकेट अब ऐसे दौर में प्रवेश कर चुका है जहां गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों को समस्या-समाधानकर्ता बनना होगा, न केवल हर सीजन या हर गेम के आधार पर, बल्कि हर गेंद पर। जब हम उस मानसिकता को अपनाएंगे, तो हम बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों से प्रदर्शन का एक अलग स्तर देखेंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऐतिहासिक गाबा टेस्ट में न खेल पाने पर अश्विन ने कहा कि मैं वह मैच खेलना चाहता था।

# प्रज्ञानंद रमेशबाबू खिताब की दौड़ में फाइनल राउंड में पहुंचे

**असौबाएवा ने एक राउंड शेष रहते ही नॉर्वे चेस महिला वर्ग का खिताब जीता: ओस्लो**

**(नॉर्वे), वार्ता।** भारत के प्रज्ञानंद रमेशबाबू ने नॉर्वे चेस 2026 के नौवें राउंड में हमवतन गुकेश डोम्माराजू को हराकर शुक्रवार को होने वाले फाइनल राउंड में जगह बना ली है। वहीं बिबिसारा असौबाएवा ने महिला वर्ग का खिताब अपने नाम कर लिया है।

वर्ल्ड नम्बर 1 मैग्नस कार्लसन के खिलाफ वेस्ली सो का क्लासिकल गेम बराबरी (ड्रॉ) पर खत्म हुआ। इसके बाद सो ने आर्मागेडन गेम जीता, जिससे उन्हें अतिरिक्त अंक मिले और फाइनल राउंड से पहले उनकी बढ़त बनी रही। प्रज्ञानंद रमेशबाबू ने दिन की अहम क्लासिकल जीत हासिल की और काले मोहरों के साथ खेलते हुए वर्ल्ड चैंपियन गुकेश डोम्माराजू को हराया। एक मुश्किल मुकाबले में, मिडिलगेम में गुकेश के दबाव में आने



के बाद प्रज्ञानंद ने खेल पर नियंत्रण बना लिया और आत्मविश्वास के साथ जीत हासिल की। पूरे तीन अंक मिलने के बाद प्रज्ञानंद के 15 अंक हो गए हैं और वह टूर्नामेंट में सबसे आगे चल रहे वेस्ली सो से केवल आधे अंक पीछे हैं। अलीरेजा फिरोजा भी खिताब की दौड़ में मजबूती से बने हुए हैं। विसेंट कीमर के खिलाफ एक मुश्किल क्लासिकल गेम से उबरने के बाद, फिरोजा ने आर्मागेडन में जीत हासिल की और अतिरिक्त अंक बटोर लिया। कीमर ने क्लासिकल गेम के लंबे समय तक दबाव बनाए रखा लेकिन फिरोजा ने समझदारी से बचाव किया और खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को जिदा रखा। नौवें राउंड के बाद, वेस्ली सो 15-5 अंकों के साथ नॉर्वे चेस में सबसे आगे हैं। प्रज्ञानंद 15 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि अलीरेजा फिरोजा 14-5 अंकों के साथ उनके ठीक पीछे हैं। असौबाएवा ने एक राउंड शो रहते ही नॉर्वे चेस महिला वर्ग का खिताब जीत लिया। असौबाएवा का अन्ना मुजिचुक के खिलाफ क्लासिकल गेम ड्रॉ रहा। बाद में मुजिचुक ने काले मोहरों के साथ आर्मागेडन गेम ड्रॉ खेला, जिससे उन्होंने आर्मागेडन नियमों के तहत निर्णायक जीत हासिल की और अतिरिक्त अंक प्राप्त किए। इस नतीजे के बावजूद, शीर्ा पर असौबाएवा की बढ़त बनी रही।

# डायमंड लीग में भारतीय एथलीट सचिन यादव आठवें स्थान पर रहे


**टोक्यो में यादव ने अपने ही देश के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा को पीछे छोड़ दिया था**

**रोम, वार्ता।** भारतीय एथलीट सचिन यादव का डायमंड लीग 2026 में पर्दापण बेहद निराशाजनक रहा। वह पुराों की भाला फेंक स्पर्धा में 10 खिलाड़ियों के मुकाबले में ओलंपिक पदक विजेता जूलियस एगो और जैकब वाडलेच के बीच 79-18 मीटर थ्रो के साथ आठवें स्थान पर रहे। गुरुवार को हुई यह स्पर्धा 26 साल के सचिन यादव का पहला अंतर्राट्रीय एथलेटिक्स मीट था।

इससे पहले उन्होंने पिछले साल टोक्यो में हुई वर्ल्ड चैंपियनशिप में 86-27 मीटर के अपने निजी सर्वश्रेठ के साथ चौथा स्थान हासिल किया था। टोक्यो में यादव ने अपने ही देश के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा को पीछे छोड़ दिया था, जो 84.03 मीटर के साथ आठवें स्थान पर रहे थे। सचिन यादव का इस सीजन का सर्वश्रेठ थ्रो 81.95 मीटर है, जो उन्होंने अप्रैल में नई दिल्ली में हुई इंडियन एथलेटिक्स सीरीज 3 में किया था। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालिफाइंग स्टैंडर्ड 82-61 मीटर तय किया है। श्रीलंका के रुमेश पथिरागे ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम का एशियाई रिकॉर्ड तोड़ने के बहुत करीब पहुंच गए। स्टेडियो ओलंपिको में रुमेश पथिरागे का 92-62 मीटर का विजई थ्रो, पेरिस 2024 ओलंपिक में नदीम के एशियाई रिकॉर्ड और गोल्ड मेडल जीतने वाले थ्रो से सिर्फ 35 सेंटीमीटर कम था। 23 वर्ाीय श्रीलंकाई खिलाड़ी का पिछला सर्वश्रेठ प्रदर्शन 89.37 मीटर था, जो उन्होंने मार्च में एक घरेलू प्रतियोगिता में हासिल किया था। उन्होंने अगले महीने नैरोबी में एक प्रतियोगिता में 89.28 मीटर का थ्रो भी किया था। रुमेश पथिरागे ने अपने दूसरे प्रयास में यह उपलब्धि हासिल की, जबकि पहले प्रयास में उन्होंने 84.49 मीटर की दूरी तय की थी। इस उपलब्धि के साथ, वे जैवलिन में 90 मीटर का आंकड़ा पार करने वाले केवल चौथे एशियाई खिलाड़ी बन गए। अन्य खिलाड़ियों में चीनी ताइपे के चेंग चाओ-त्सुन (सर्वश्रेठ प्रदर्शन 91-36 मीटर), भारत के पूर्व ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा (90-23 मीटर) और नदीम शामिल हैं।

# हमें रेड-बॉल क्रिकेट के लिए बेहतर तैयारी शुरू करने की जरूरत है: गौतम गंभीर

**मुल्लांपुर, वार्ता।** इंडियन प्रेमियर लीग को समाप्त हुए मुश्किल से एक सप्ताह गुजरा है और भारत अफगानिस्तान से एकमात्र टेस्ट में शनिवार से भिड़ने जा रहा है। भारतीय कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि हमें रेड-बॉल क्रिकेट के लिए बेहतर तैयारी शुरू करने की जरूरत है। गंभीर ने मैच की



पूर्वसंध्या पर क्रिकेट के ज्यादा मैचों और सीरीज के बीच कम समय मिलने पर शुक्रवार को कहा कि हम थोड़े लकी हैं कि श्रीलंका सीरीज से पहले हमें काफी समय मिल गया है क्योंकि इंग्लैंड और श्रीलंका सीरीज के बीच हमें 15 दिन का ब्रेक मिला है। इसलिए उन दो टेस्ट मैचों की तैयारी के लिए यह काफी समय है। न्यूजीलैंड सीरीज के लिए हमें शायद थोड़ी अलग तरह से तैयारी करनी पड़े। क्योंकि आखिरी वनडे और पहले टेस्ट मैच के बीच सिर्फ तीन दिन का ही ब्रेक है। इसलिए हमें उन वनडे खिलाड़ियों को अलग करना होगा जो टेस्ट टीम का भी हिस्सा हैं। एक बात जो हमें समझ आई है।

# पाक ने ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराया

**इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली**

**लाहौर, वार्ता।** शाहीन शाह अफरीदी (तीन विकेट) के बाद बाबर आजम (40) और शादाब खान (नाबाद 29) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में 49 गेंदें शो रहते ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हरा दिया।

इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। पाकिस्तानी बल्लेबाजों ने लाहौर की जबरदस्त टर्न वाली पिच पर हिम्मत और धर्य के साथ खेलते हुए 41-5 ओवरों में छह विकेट पर 161 रन बनाकर मुकाबला और सीरीज अपने नाम की। पाकिस्तान के लिए बाबर आजम ने सर्वाधिक 40




रनों की पारी खेली। माज सदाकत (27), आगा सलमान (15) रन बनाकर आउट हुए। इसके अलावा अब्दुल समद ने (नाबाद 18) और शादाब खान (नाबाद 29) रनों की जूझारु पारी खेल कर अपनी टीम को जीत दिलाई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मैथ्यू कुनमन ने तीन विकेट लिए। नेथन एलिस, मैथ्यू शॉट और मैट रेनशॉ ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले गुरुवार रात खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान के गेंदबाजों ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को 42 ओवरों में 157 रन पर समेट दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तान जॉश इंग्लिस ने सर्वाधिक 65 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया। शाहीन शाह अफरीदी ने पहले ही ओवर में मैथ्यू शॉर्ट (शून्य) को आउट कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए मार्नस लाबुशेन ने जॉश इंग्लिस के साथ पारी को संभलाने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 46 रनों की साझेदारी हुई। 12वें ओवर में मार्नस लाबुशेन (19) के रनआउट होने पर यह साझेदारी टूटी। एलेक्स कैरी (19), एडम जम्पा (10) रन बनाकर आउट हुए। 27वें ओवर में शाहीन शाह अफरीदी ने जॉश इंग्लिस को आउटकर ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका दिया।

## जनगणना की मुश्किलें

यह सुनिश्चित करना नीति- निर्माताओं की जिम्मेदारी है कि जनगणना के आंकड़े सटीक और भरोसेमंद हों। उन्हें लोगों को सही सूचनाएं मुहैया कराने के लिए जागरूक भी बनाना होगा, क्योंकि सार्वजनिक नीतियां और कल्याणकारी योजनाएं इन आंकड़ों के आधार पर बनायी जाती हैं और अंतत: उन्हें ही फायदा पहुंचाती हैं। राजस्थान और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में जनगणना 2027 के कुछ प्रगणकों को बेहद असामान्य कारणों से समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यह परेशान करने वाली बात है कि इन दो राज्यों में जहां जनगणना का पहला चरण दृ मकान सूचीकरण और मकान गणना (एचएलओ) चल रहा है, प्रगणकों को परिवारों के पास दोबारा जाने और आंकड़ों में असंगतियों को ठीक करने और सरकार की छवि खराब दिखा सकने वाले विकल्प नहीं चुनने की सलाह दी गयी है। पुनर्सत्यापन किसी भी अध्ययन या सर्वेक्षण का एक जायज हिस्सा है, लेकिन यह सच्चाई को सटीक ढंग से प्रतिबिंबित करने के लिए होना चाहिए, न कि धारणाओं को प्रबंधित करने के लिए। राजस्थान में, यह मसला जिला-स्तरीय अधिकारियों को जनगणना कार्य निदेशक के उस परिपत्र से उपजा है जो क्षेत्र के आंकड़ों (फील्ड डेटा) में चिह्नित की गयी असंगतियों से संबंधित है। जैसा कि ऊपर से दिख रहा है, इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि प्रश्नावली में उपयुक्त विकल्पों का इस्तेमाल करके आंकड़े सटीकता के साथ दर्ज किये जाएं। हालांकि, कुछ मामलों में प्रगणकों को पूर्व-धारणाओं के आधार पर आंकड़े दर्ज करने को कहा गया है। मसलन, अगर किसी परिवार के पास शौचालय नहीं है, तो प्रगणक को यह देखने को कहा गया है कि क्या नजदीक में शौचालय उपलब्ध है, जिसके आधार पर प्रविष्टि को खुले में शौच से बदलकर 'शौचालय तक पहुंच है, किया जा सकता है। उत्तर प्रदेश में संदेश यह प्रतीत होता है कि तथ्यों को जस का तस न पेश किया जाए, जिससे एक बेहद अहम और संवे. दनशील कवायद के लिए आंकड़ों की सत्यता और विश्वसनीयता के बारे में चिंता खड़ी हो रही है। खुले में शौच के खिलाफ देश में लंबे समय से चल रहे अभियान जैसे कार्यक्रम कितने कारगर साबित हुए हैं, यह प्रकरण इसे सामने लाता है। कई राज्यों ने ठोस प्रगति की है, लेकिन यह निष्कर्ष निकालना कि समस्या खत्म हो गयी है, हकीकत से मुंह मोड़ना होगा। धन मुहैया कराने समेत प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए, शहरों और गांवों को निश्चित मानदंडों के आधार पर खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ), ओडीएफ प्लस और ओडीएफ प्लस मॉडल जैसी श्रेणियों में बांटना वाजिब है, लेकिन सबसे अहम सवाल यह है कि क्या इस तरह का वर्गीकरण हकीकत को दर्शाता है या फिर प्रगणकों के काम के साथ विरोधाभास को जन्म देता है। अधिकारियों को प्रगणकों द्वारा सामना की जा रही जायज कठिनाइयों को स्वीकार करना चाहिए और उनका समाधान निकालना चाहिए।

## छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव



नागरिक अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव लाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें, पर्यावरण केवल हमारे अस्तित्व का आधार नहीं, बल्कि इसका संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी भी है, विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर आइए देखें कि किस प्रकार भारत की संसद पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास और हरित भविष्य के संकल्प को साकार कर रही है, संसद परिसर की हरियाली, स्वच्छ वातावरण, पेपरलेस कार्यप्रणाली, सिगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध तथा पर्यावरण- अनुकूल संसदीय भवन जैसी पहलें प्रकृति और प्रगति के संतुलित संगम का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करती हैं, जब पूरा विश्व जलवायु परिवर्तन की चुनौती का सामना कर रहा है, तब हम सभी का दायित्व बनता है कि अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव लाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें।

**-ओम बिरला, अध्यक्ष, लोकसभा**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**

# मरीज पूछ रहा मेरा जीवन इतना सस्ता



**प्रो. आर.के. जैन**

स्वास्थ्य व्यवस्था की असली परीक्षा अस्पतालों की इमारतों से नहीं, मरीज को समय पर मिलने वाले उपचार से होती है। दुर्भाग्य से, देश की चिकित्सा व्यवस्था के सर्वोच्च प्रतीकों में गिने जाने वाले एम्स भी अब लंबी प्रतीक्षा की समस्या से जूझ रहे हैं। एम्स भोपाल में गैर-इमरजेंसी द्धरूटीनऋ केस में कई मरीजों को सीटी स्कैन या एमआरआई जैसी जरूरी जांच के लिए तीन-चार माह इंतजार करना पड़े, तो यह केवल संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि व्यवस्था की संवेदनहीनता का संकेत है। बीमारी न प्रशासनिक प्रक्रियाओं का इंतजार करती है, न सरकारी गति काय वह हर दिन गंभीर होती जाती है। ऐसे में 120 दिन बाद जांच की तारीख मिलना एक चिंताजनक प्रश्न खड़ा करता हैकृइसका बोझ आखिर कौन उठाएगा, मरीज, उसका परिवार या उसका जीवन?



एम्स भोपाल की लंबी वेटिंग लिस्ट अब केवल एक अस्पताल की समस्या नहीं, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की पुरानी चुनौती का प्रतीक बन गई है। कम खर्च में बेहतर इलाज की उम्मीद लेकर आने वाले लाखों गरीब और मध्यमवर्गीय मरीजों के लिए सस्ता इलाज भी तब बेमानी हो जाता है, जब जरूरी जांच ही महीनों बाद उपलब्ध हो। पेट के असहनीय दर्द, कैंसर की आशंका, मस्तिष्क रोग या अन्य गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीज यदि केवल व्यवस्थागत कमी के कारण चार माह प्रतीक्षा करने को विवश हों, तो यह स्वास्थ्य सेवा नहीं, संवेदनहीनता है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि बीमारी किसी वेटिंग लिस्ट का इंतजार नहीं करतीय वह लगातार बढ़ती जाती है और कई बार उपचार की संभावनाओं को भी सीमित कर देती है। विडंबना यह है कि इस व्यवस्था का सबसे बड़ा बोझ उसी वर्ग पर पड़ रहा है, जिसके नाम पर राजनीति सबसे अधिक होती है। आर्थिक रूप से सक्षम व्यक्ति निजी अस्पताल में कुछ घंटों या दिनों में जांच करा लेता है, लेकिन मजदूर, किसान, छोटा व्यापारी और निम्न मध्यमवर्गीय परिवार के लिए यह विकल्प अक्सर पहुंच से बाहर होता है। ऐसे में उसके सामने दो ही रास्ते बचते हैंकृकर्ज लेकर निजी जांच कराए या दर्द और आशंका के बीच सरकारी अस्पताल की लंबी प्रतीक्षा सहे। यह केवल चिकित्सा व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक असमानता का भी दर्पण है। स्वास्थ्य सुविधाएं आय से नहीं, आवश्यकता से तय होनी चाहिए, किंतु मौजूदा व्यवस्था में पैसे वालों को समय मिलता है और अभावग्रस्तों को इंतजार।

लंबी वेटिंग लिस्ट वर्षों से बढ़ती मांग और अपर्याप्त संसाधन विस्तार की कीमत है। मरीजों का बोझ बढ़ता रहा, लेकिन डॉक्टरों, विशेषज्ञों और तकनीकी कर्मचारियों की संख्या लगभग वहीं ठहरी रही। कई सुपर-स्पेशियलिटी विभाग सीमित मानव संसाधनों पर निर्भर हैं, जबकि रेडियो डायग्नोसिस जैसे अहम विभाग पर्याप्त स्टाफ के अभाव में अपनी पूरी क्षमता से काम नहीं कर पा रहे। परिणाम सामने हैकृसंसाधन मौजूद हैं, पर सेवाएं नहींय मशीनें हैं, पर समय पर जांच नहीं। प्रश्न यह है कि जब बढ़ती जरूरतें वर्षों से दिखाई दे रही थीं, तब उनकी तैयारी क्यों नहीं की गई? आखिर किस स्तर की चूक ने देश के अग्रणी चिकित्सा संस्थानों को भी प्रतीक्षा के संकट में धकेल दिया? जब राजनीति का केंद्र तात्कालिक लोकप्रियता बन जाए, तब अस्पतालों की जरूरतें अक्सर हाशिए पर चली जाती हैं। यही कारण है कि मुफ्त योजनाओं और लोकलुभावन घोषणाओं पर अरबों रूपए खर्च हो जाते हैं, लेकिन डॉक्टरों की भर्ती, नई मशीनों और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए संसाधनों का अभाव बताया जाता है। विडंबना यह है कि वोट के लिए खजाना खुल जाता है, पर जीवन बचाने के लिए बजट सीमित पड़ जाता है।

वास्तविक जनकल्याण मुफ्त सुविधाएं बांटने में नहीं, बल्कि ऐसी स्वास्थ्य व्यवस्था खड़ी करने में है जहां किसी मरीज को जांच के लिए महीनों प्रतीक्षा न करनी पड़े। स्वास्थ्य और शिक्षा के बुनियादी ढांचे पर गंभीर निवेश ही देश की तस्वीर बदल सकता है। अब जरूरत आश्वासनों नहीं, कार्रवाई की है। एम्स भोपाल में अतिरिक्त सीटी स्कैन और एमआरआई मशीनें लगाई जाएं तथा रेडियो डायग्नोसिस विभाग में विशेषज्ञ डॉक्टरों, तकनीशियनों और कर्मचारियों की भर्ती हो। उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए 24 घंटे शिफ्ट आधारित संचालन लागू किया जाए। आयुष्मान भारत के दायरे में सभी आवश्यक जांचें लाई जाएं और सार्वजनिक-निजी भागीदारी से सुविधाओं का विस्तार हो, बिना मरीजों पर अतिरिक्त बोझ डाले। साथ ही, डिजिटल अपॉइंटमेंट प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाया जाए। एम्स भोपाल की स्थिति को चेतावनी मानते हुए देशभर के सरकारी अस्पतालों में संसाधन और मानवबल बढ़ाना अनिवार्य है, ताकि मरीजों को इलाज मिले, इंतजार नहीं।

स्वास्थ्य व्यवस्था का बोझ केवल एम्स जैसे संस्थानों के भरोसे नहीं उठाया जा सकता। जब जिला अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त सुविधाएं नहीं होंगी, तो बड़े संस्थानों पर दबाव बढ़ना स्वाभाविक है। इसलिए स्वास्थ्य शिक्षा, रोग-निवारण और प्रारंभिक जांच व्यवस्था को मजबूत करना उतना ही जरूरी है, जितना उपचार सुविधाओं का विस्तार। मेडिकल कॉलेजों में सीटें बढ़ाने, विशेषज्ञ डॉक्टर तैयार करने और ग्रामीण क्षेत्रों तक आधुनिक जांच सुविधाएं पहुंचाने पर भी समान ध्यान देना होगा। आखिर स्वास्थ्य व्यवस्था केवल भवनों से नहीं, बल्कि सक्षम मानव संसाधन और जवाबदेह प्रशासन से मजबूत बनती है। स्वास्थ्य कोई दया या उपकार नहीं, बल्कि नागरिक का मौलिक अधिकार है। यदि किसी मरीज को अपनी बीमारी की सच्चाई जानने के लिए महीनों प्रतीक्षा करनी पड़े, तो यह व्यक्तिगत दुर्भाग्य नहीं, व्यवस्था की नाकामी है। एम्स भोपाल की चार माह लंबी जांच प्रतीक्षा सूची इसी विफलता का प्रतीक है। यह मौन संकट हजारों परिवारों की चिंता बढ़ा रहा है। सरकारों को याद रखना होगा कि अस्पतालों की कतारों में खड़े लोग आंकड़े नहीं, इंसान हैं। यदि स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं मिली, तो जनकल्याण के दावे अर्थहीन रह जाएंगे। आखिर सवाल यही हैकृ क्या एक गरीब मरीज के लिए महीनों का इंतजार सामान्य हो गया है? क्योंकि जांच में हर देरी कई बार जीवन की संभावनाएं भी कम कर देती है। ऐसी व्यवस्था पर गर्व नहीं किया जा सकता, जहां बीमारी की रफ्तार उपचार से तेज हो।

# दिल्ली की गर्मी से बचना है, तो यहां जाएं

**हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में ऐसी बहुत सी जगहें हैं, जहां पर लोग जाना पसंद करते हैं। उत्तराखंड की बात करें, तो यहां मसूरी, नैनीताल, ऋषिकेश, तुंगनाथ जैसी जगहें हैं, जो ट्रैवल लिस्ट पर नंबर 1 रहती हैं। उत्तराखंड में एक ऐसी जगह भी है, जिसको बादलों का देश कहा जाता है। यहां की खूबसूरती ऐसी है कि यह लोगों का मन मोह लेती है। अगर आप भी जून की भीषण गर्मी और दिल्ली की भागदौड़ से थोड़े दिन के लिए राहत पाना चाहती हैं, तो आप इस वीकेंड बादलों के देश जा सकती हैं।**

भा घूमने का शौक लगभग हर किसी को होता है। जैसे ही छुट्टियां मिलती हैं, वैसे ही लोग घूमने के लिए निकल जाते हैं। वहीं जब गर्मियों में घूमने की बात होती है, तो लोग पहाड़ों पर जाना पसंद करते हैं। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में ऐसी बहुत सी जगहें हैं, जहां पर लोग जाना पसंद करते हैं। उत्तराखंड की बात करें, तो यहां मसूरी, नैनीताल, ऋषिकेश, तुंगनाथ जैसी जगहें हैं, जो ट्रैवल लिस्ट पर नंबर 1 रहती हैं। उत्तराखंड में एक ऐसी जगह भी है, जिसको बादलों का देश कहा जाता है। यहां की खूबसूरती ऐसी है कि यह लोगों का मन मोह लेती है। अगर आप भी जून की भीषण गर्मी और दिल्ली की भागदौड़ से थोड़े दिन के लिए राहत पाना चाहती हैं, तो आप इस वीकेंड बादलों के देश जा सकती हैं।



### बादलों का देश

उत्तराखंड के लैंसडाउन को बादलों का देश कहा जाता है। इसका नाम पहले कालौं का डांडा था। यह एक गढ़वाली भाषा है। जिसका मतलब है काले बादलों से घिरा पहाड़ है। समुद्र तल से लैंसडाउन की ऊंचाई करीब 1700 मीटर है। दिल्ली से यह जगह 258 किमी है। यानी की आप वीकेंड पर यहां आ सकती हैं।

### लैंसडाउन क्यों है खास

उत्तराखंड के पौढ़ी गढ़वाल जिले में लैंसडाउन स्थित है। यह एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। बादलों का देश होने की वजह से यहां पर पहाड़ों के बीच आपको बादल तैरते हुए नजर आएंगे। वहीं यह जगह देवदार के घने पेड़ों से घिरी है। अगर आप शोर-शराबे के दूर कुछ समय सुकून के बिताना चाहते हैं, तो लैंसडाउन आपके लिए परफेक्ट है।

### खासियत

लैंसडाउन की सबसे खास चीज यहां का मौसम है। खासकर जून-जुलाई के मौसम में बादल काफी नीचे तक आ जाते हैं। वहीं कई बार ऐसा लगता है जैसे बादल सड़क पर और पहाड़ों के बीच घूम रहे हैं।

### घूमने लायक जगहें

भीम पकोड़ा
टिप-इन-टॉप व्यू पॉइंट
सेंट जॉन चर्च
भुल्ला ताल
कालागढ़ वाइल्डलाइफ एरिया के आसपास का इलाका


### खाने का स्वाद

आप लैंसडाउन में छोटे कैफे और लोकल खाने की काफी दुकानें हैं। आप यहां पर चाय और पहाड़ी स्नैक्स का मजा ले सकती हैं। कई लोग सुबह के समय मैगी और चाय के साथ पहाड़ों का नजारा एंजॉय करते हैं।

### ऐसे पहुंचें लैंसडाउन

अगर आप यहां जा रहे हैं, तो आप प्राइवेट या फिर अपनी कार से भी जा सकते हैं। इसके लिए आपको 6 से 7 घंटे का समय लगेगा। इसके अलावा आप ट्रेन से भी जाना अच्छा ऑप्शन हो सकता है। इसके लिए आपको दिल्ली से कोटद्वार के लिए डायरेक्ट ट्रेन मिल जाएगी। यहां से आप कैब या टैक्सी से लैंसडाउन जा सकती हैं।

# बेहद शानदार रही नेपाल के राजनेता की भारत यात्रा



**यशोदा श्रीवास्तव**

नेपाल में सत्तारूढ़ दल राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामी छाने पांच दिवसीय भारत यात्रा पूरी कर शुक्रवार को काठमांडू वापस लौट गए। नेपाल में वाया जेन जी आंदोलन सत्ता परिवर्तन के बाद शासक दल के किसी उच्च पदस्थ राजनेता की यह बहुप्रतीक्षित यात्रा थी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि लामी छाने के पहले प्रधानमंत्री बालेन शाह के भारत आगमन की चर्चा थी, लेकिन किन्हीं कारणों से वे नहीं आ पाए। उनकी जगह पार्टी अध्यक्ष का भारत आगमन हुआ।

भारत में अपने नन्हे पड़ोसी राष्ट्र के शीर्ष नेता का स्वागत किस अंदाज में हुआ, दुनिया ने इसे आंख खोल. कर देखा। रवि लामी छाने की प्रधानमंत्री मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर, गृहमंत्री अमित शाह, सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, भाजपा के विदेश विभाग प्रमुख विजय चौथालोई आदि नेताओं से हुई शानदार मेल मिलाप देख चीन निसंदेह भौंचक हुआ होगा। कुल मिलाकर नेपाल के सत्ता रूढ़ दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष का भारत यात्रा बहुत शानदार रहा और इसकी तारीख नेपाल में विपक्षी दल भी कर रहे हैं। मधेश से ताल्लुक रखने वाले राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रकाश राजौरिया कहते हैं कि इससे पहले भारत जाने वाले नेपाल के राजाओं का भी स्वागत इतने शानदार तरीके से नहीं हुआ होगा। उन्होंने कहा भारत ने नेपाल का दिल जीत लिया। रवि लामी छाने की भारत यात्रा काफी सुखद और संतोष जनक रहा। प्रधानमंत्री मोदी ने भी अपने ट्विटर एक्स पर खुद ऐसा कहा है। उन्होंने कहा कि नेपाल को लेकर भारत की नीति हमेशा सकारात्मक ही रही है। नेपाल के नई सरकार के साथ मिलकर भारत नेपाल के लिए बहुत कुछ अच्छा करना चाहेगा। नेपाल में जब भी नई सरकार सत्ता सीन होती है तो भारत और चीन में इस बात को लेकर उत्सुकता बढ़ जाती है कि नेपाल का नया निजाम अपने पहले विदेश यात्रा में किस देश को तरजीह देता है? रवि लामी छाने की भारत यात्रा को तरजीह देने का संदेश बड़ा है।

रवि लामी छाने की भारत यात्रा नेपाल में राजनी. तिक अफरातफरी के बीच संपन्न हुआ। काठमांडू प्रति. निधि सभा में प्रधानमंत्री बालेन शाह के सीमावर्ती भू क्षेत्रों पर कब्जा संबंधी दिए गए एक बयान के बाद विपक्ष हरकत में आ गया और सरकार के खिलाफ हमलावर हो उठा। लेकिन रवि लामी छाने का भारत में उच्च राजनीतिक मेल-मिलाप में आठ सूत्रीय जो एजेंडा सामने आया, उससे नेपाल का विपक्ष खुद को धराशाई महसूस कर रहा है। नेपाल के ही एक राजनी. तिक विश्लेषक ने रवि लामी छाने की भारत यात्रा और उनके एजेंडे पर संतोष की सांस लेते हुए कहा कि चलो देर आयद दुरुस्त आयद। अर्थात नेपाल के नई सरकार के किसी उच्च पदस्थ राजनेता की भारत यात्रा जरूर देर में हुई लेकिन नेपाल के लिए सुखद रही। नेपाल में पूर्व की सरकार में गृह मंत्री और उप प्रधानमंत्री रहे रवि लामी छाने जाने माने टीवी जर्नलिस्ट भी हैं और वे नेपाल के लिए भारत के महत्व को बखूबी समझते हैं। उन्होंने भारत और नेपाल के बीच जरूरी आठ बिंदुओं को रेखांकित किया है। देखा जाय तो यह न केवल भारत के लिए भी संतोषजनक है, दोनों देशों के बीच सदियों की मधुरता और रोटी बेटी के रिश्ते को और मजबूती प्रदान करने की दिशा में बड़ा कदम है। रवि लामी छाने के आठ प्रमुख बिंदुओं में सबसे बड़ा मसला सीमा क्षेत्रों में कब्जे को लेकर है। इस मसले पर अपनी बेबाक राय रखते हुए रवि लामी छाने ने कहा कि नेपाल-भारत संबंधों को भू-राजनीतिक विवादों से ऊपर उठकर विकास, निवेश, व्यापार, ऊर्जा और आर्थिक साझेदारी के नए युग में प्रवेश कराने की आवश्यकता है। उन्होंने दोनों देशों के संबंधों को और अधिक मजबूत, व्यावहारिक तथा भविष्य उन्मुख बनाने पर जोर दिया। रवि लामी छाने ने कहा कि नेपाल और भारत के बीच संबंधों की जो परिभाषा है उसे बदलने का समय आ गया है। उनके अनुसार दोनों देशों के बीच सहयोग का आधार केवल राजनीतिक और कूटनीतिक संवाद नहीं, बल्कि साझा विकास और आर्थिक समृद्धि होना चाहिए। कहा कि नेपाल-भारत संबंधों की बुनियाद विश्वास और आपसी सम्मान पर आधारित होनी चाहिए। उन्होंने सीमा सहित सभी लंबित विवादों को संवाद, ऐतिहासिक तथ्यों और आपसी समझदारी के माध्यम से हल करने पर जोर दिया। उन्होंने जुमलों की राजनीति से बचते हुए व्यावहारिक समाधान खोजने की वकालत की। रक्सौल-काठमांडू रेलमार्ग को दोनों देशों के बीच सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक परियोजनाओं में से एक बताते हुए उन्होंने कहा कि इस रेल संपर्क के शुरू होने से व्यापार, पर्यटन, माल ढुलाई और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में ऐतिहासिक बदलाव आएगा। उन्होंने पोखरा और लुंबिनी के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को प्रभावी बनाने के लिए पोखरा और लुंबिनी से दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे भारतीय शहरों तक सीधी उड़ानें शुरू करने को जरूरी बताते हुए कहा इससे दोनों देशों के पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से उन्होंने 'काठमांडू-बेंगलुरु डिजिटल कॉरिडोर' विकसित करने की बात कही।

उनका मानना है कि डिजिटल भुगतान, फिनटेक और सीमा-पार डिजिटल प्लेटफॉर्म दोनों देशों के युवा उद्यमियों के लिए नए अवसर पैदा कर सकते हैं।उन्होंने भारत की प्रतिष्ठित शैक्षणिक और स्वास्थ्य संस्थाओं को नेपाल में विस्तार करने का आ]वान किया। उनके अनुसार नेपाल में आईआईटी और एम्स जैसे संस्थानों की स्थापना से शिक्षा, अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाइयां मिल सकती हैं। भारत पहले ही नेपाल में उच्च स्वास्थ्य व्यवस्था की पेशकश कर चुका है। रवि लामी छाने ने भी गुजरात को विकास का माडल माना है। वहां के औद्योगिक विकास मॉडल का उल्लेख करते हुए कहा कि नेपाल-भारत सीमा क्षेत्र में संयुक्त रूप से रासायनिक उर्वरक उद्योग स्थापित करने का सुझाव दिया। उनका कहना है कि इससे कृषि उत्पादन, आपूर्ति श्रंखला और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगा। नेपाल की विशाल जलविद्युत क्षमता को भारत के औद्योगिक विकास से जोड़ने की वकालत करते हुए उन्होंने एकीकृत ऊर्जा बाजार के निर्माण की आवश्यकता बताई। साथ ही आधुनिक एकीकृत चेकपोस्ट, सुगम ट्रांजिट व्यवस्था और व्यापारिक अवरोधों को कम करने पर भी जोर दिया। आईपीएल खेल को भी द्विपक्षीय सहयोग का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए रवि लामी छाने ने भविष्य में नेपाली खिलाड़ियों के साथ-साथ नेपाली स्टेडियमों को भी आईपीएल फेंचाइजी संरचना से जोड़ने की संभावना व्यक्त की। उनका मानना है कि खेल दोनों देशों के लोगों को और अधिक निकट ला सकता है, इससे दोनों देशों के नागरिकों में भाईचारगी बढ़ेगी। रवि लामी छाने ने नेपाल में हुए राजनीतिक परिवर्तन को ह्बैलेट बॉक्स क्रांतिह की संज्ञा देते हुए कहा कि देश की नई पीढ़ी विकास, सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही पर आधारित राजनीति चाहती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एक आकांक्षी नेपाल और उभरता हुआ भारत मिलकर दक्षिण एशिया में सहयोग, समृद्धि और स्थिरता का नया अध्याय लिख सकते हैं। फिलहाल भारत की ओर से रवि लामी छाने के सभी आठों बिंदुओं के साथ आगे बढ़ने का आश्वासन दिया गया है। भारत ने भी दोनों देशों के लिए रवी लामी छाने के आठ सूत्रीय एजेंडे की सराहना की है और इसे हर .ष्टि से बेहतर माना है। रवि लामी छाने के इस एजेंडे को देख नेपाल के अच्छे अच्छे विश्लेषक अचंभित हैं।

# ईरान के सुप्रीम लीडर से मिलकर गर्व होगाः ट्रम्प

## कहाः डील हुई, तो मुलाकात संभव, यूरेनियम लेने सेना भेजने वाले थे, लेकिन इसमें जोखिम

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अगर अमेरिका और ईरान के बीच समझौता होता है, तो वह ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई से मिलने के लिए तैयार हैं। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा मैं सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई से मिलना नहीं चाहता, लेकिन अगर मुलाकात होती है तो मुझे गर्व होगा।

अगर डील हो जाती है तो मुलाकात संभव है। मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं होगी। ट्रम्प ने यह भी कहा कि कोई भी संभावित मुलाकात सम्मानजनक होगी और मैं ईरान के सुप्रीम लीडर से इज्जत से पेश आऊंगा। इसके अलावा, ट्रम्प ने बताया कि उनकी सरकार ने ईरान से संवर्धित (एनरिच्ड) यूरेनियम हासिल करने के लिए सैनिक भेजने पर विचार किया था, लेकिन यह योजना अंत में खारिज कर दी गई। ट्रम्प के मुताबिक, यह ऑपरेशन बहुत ज्यादा जोखिम भरा था और इसमें अमेरिकी सैनिकों की जान जाने की आशंका थी। इसलिए इसे आगे नहीं बढ़ाया गया। इसी बीच ईरान ने साफ कहा है कि अगर उस पर या उसके हितों पर हमला हुआ तो वह कड़ा जवाब देगा। साथ ही कुवैत और बहरीन को चेतावनी दी गई है कि अगर उनकी जमीन का इस्तेमाल ईरान के खिलाफ हुआ तो उसे नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। वहींअमेरिकी संसद के निचले सदन ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई पर राष्ट्रपति की शक्तियों को सीमित करने का प्रस्ताव पास किया है। इस फैसले का ट्रम्प ने कड़ा विरोध किया और इसे देशहित के खिलाफ बताया। दूसरी ओर मिडिल ईस्ट में तनाव के बावजूद सीजफायर की उम्मीदों के चलते वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में हल्की गिरावट दर्ज की गई है। ब्रेंट क्रूड करीब 0.69 प्रतिशत गिरकर 97.14 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड 0.65 प्रतिशत गिरकर 95.40 डॉलर प्रति बैरल।



■ कोई भी संभावित मुलाकात सम्मानजनक होगी और मैं ईरान के सुप्रीम लीडर से इज्जत से पेश आऊंगा




मुंबई। केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और एलपीजी गैस की कीमतों में की गई वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते शिवसेना (यूबीटी) कार्यकर्ताओं।

## जेलेंस्की बातचीत के लिए कभी भी रूस आ सकते हैंः पेस्कोव

**मॉस्को/कीव।** रूस ने कहा है कि अगर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की बातचीत करना चाहते हैं, तो वे कभी भी यहां आ सकते हैं। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने इस आशय की घोषणा की है। जेलेंस्की ने गुरुवार को एक पत्र जारी करके शांति प्रक्रिया पर चर्चा के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ आमने-सामने की बैठक का प्रस्ताव रखा, जिसमें यूरोप और अमेरिका भी शामिल हों। जेलेंस्की ने पत्र में लिखा कि यूक्रेन हमारे और आपके बीच सीधी बातचीत के जरिए इस युद्ध को खत्म करने का प्रस्ताव देता है।

# 10 न्यूक्लियर बम बना सकता है ईरान

## ईरान के परमाणु ठिकानों तक नहीं पहुंच पा रही आईएईए, परमाणु कार्यक्रम को लेकर गंभीर चिंता जताई

**वियना (आस्ट्रिया)।** संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था इंटरनेशनल एटामिक एनर्जी एजेंसी (आईएईए) ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर गंभीर चिंता जताई है। सदस्य देशों के बीच प्रसारित एक गोपनीय रिपोर्ट में एजेंसी ने कहा है कि पिछले जून में हुए युद्ध से प्रभावित ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करने में उसे अब तक सफलता नहीं मिली है।



आईएईए के अनुसार, वह यह जानक. ारी देने की स्थिति में नहीं है कि ईरान के पास मौजूद संवर्धित यूरेनियम का वर्तमान भंडार कितना है, उसकी संरचना क्या है और उसे कहां रखा गया है। एजेंसी यह भी पुष्टि नहीं कर पा रही है कि ईरान ने यूरेनियम संवर्धन से जुड़ी सभी गतिविधियां रोकी हैं या नहीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के तहत सुरक्षा निगरानी संबंधी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में एजेंसी फिलहाल सक्षम नहीं है। आईएईए ने जोर देकर कहा कि ईरान के लिए अपनी संधि संबंधी जिम्मेदारियों को तत्काल और पूरी तरह लागू करना अनिवार्य और अत्यावश्यक है। फरवरी में जारी पिछली रिपोर्ट के बाद से आईएईए निरीक्षकों ने ईरान में केवल बुशेहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र का ही दौरा किया है। यह निरीक्षण 1 से 3 जून के बीच किया गया था। बुशेहर में संचालित रिएक्टर रूस से प्राप्त 4.5 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम का उपयोग करता है, जो बिजली उत्पादन के लिए आवश्यक निम्न स्तर का संवर्धन माना जाता है। यह रिपोर्ट ऐसे समय सामने आई है जब पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ रहा है। बुधवार को ईरानी ड्रोन हमलों में कुवैत के मुख्य हवाई अड्डे के यात्री टर्मिनल को भारी नुकसान पहुंचने की खबर है। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हुए। घटना के बाद हवाई अड्डे का संचालन कुछ समय के लिए रोकना पड़ा। यह हमला ईरान और अमेरिका के बीच जारी जवाबी कार्रवाइयों की शृंखला का हिस्सा माना जा रहा है, जिसने पहले से नाजुक संघर्षविराम पर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। आईएईए के अनुसार, ईरान के पास वर्तमान में 60 प्रतिशत तक संवर्धित 440.9 किलोग्राम यूरेनियम का भंडार है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह स्तर हथियार-ग्रेड 90 प्रतिशत संवर्धन से तकनीकी रूप से बहुत दूर नहीं है। आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रासी ने हाल ही में एक साक्षात्कार में चेतावनी दी थी कि अगर ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को हथियारों में बदलने का निर्णय लेता है तो यह भंडार सैद्धांतिक रूप से लगभग 10 परमाणु बम बनाने के लिए पर्याप्त हो सकता है। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इसका अर्थ यह नहीं है कि ईरान के पास फिलहाल परमाणु हथियार मौजूद हैं। एजेंसी के दिशा-निर्देशों के अनुसार, इतने उच्च स्तर के संवर्धित परमाणु पदार्थ का सामान्य रूप से हर महीने सत्यापन किया जाना चाहिए। लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में आईएईए ऐसा नहीं कर पा रही है। रिपोर्ट में ग्रासी ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए चल रही कूटनीतिक वार्ताओं का समर्थन दोहराया है। उन्होंने कहा कि वह किसी भी संभावित समझौते को लागू करने में सहयोग देने के लिए तैयार हैं।

■ परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के तहत सुरक्षा निगरानी संबंधी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में एजेंसी फिलहाल सक्षम नहीं है

## यूएस से नहीं साझा की ईरानी परमाणु कार्यक्रम की जानकारीः पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने उन दावों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने हाल ही में वाशिंगटन में हुई मुलाकात के दौरान अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी साझा की थी। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी से उन रिपोर्ट्स के बारे में सवाल किया गया, जिनमें कहा गया था कि 29 मई को हुई बैठक के दौरान डार ने रुबियो को ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी दी थी। अंद्राबी ने कहा कि उप प्रधानमंत्री की ओर से ईरान के परमाणु कार्यक्रम के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी साझा किए जाने की खबरें पूरी तरह गलत हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा, ऐसी कोई जानकारी साझा नहीं की गई थी। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व विश्लेषक लैरी जानसन ने एक अज्ञात सूत्र के हवाले से दावा किया था कि डार और रुबियो के बीच हुई बातचीत में यह सामने आया कि ईरान अपनी स्वतंत्रता बनाए रखने के लिए क्या कदम उठाने को तैयार है। उनके अनुसार, इस जानकारी से अमेरिकी विदेश मंत्री चिंतित हो गए थे।

## सहारा रेगिस्तान में ट्रक फंसा, प्यास से 49 लोगों की मौत

**नाइजर।** सहारा रेगिस्तान में प्यास से कम से कम 49 लोगों की मौत हो गई। बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक जिस ट्रक में वे यात्रा कर रहे थे वह रास्ते में खराब हो गया था। यात्रियों ने कई दिनों तक इसे ठीक करने की कोशिश की लेकिन वे इसमें कामयाब नहीं हो पाए। यह ट्रक माली के हारोबा शहर से रवाना हुआ था, जो नाइजर सीमा से 300 किलोमीटर से अधिक दूर है। वे एक मुस्लिम धार्मिक उत्सव में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। यात्रा के दौरान उनका ट्रक नाइजर और अल्जीरिया की सीमा पर स्थित क्रासिंग प्वाइंट असामाका से लगभग 80 किलोमीटर पश्चिम में खराब हो गया। वे रेगिस्तान के ऐसे दुर्गम जगह में फंस गए थे जहां बेहद ऊंचा तापमान होता है। वहां पानी और बाकी जरूरी सामान मिलना बहुत मुश्किल है। ऐसी जगह फंस जाने के कारण उनके पास मौजूद पानी खत्म हो गया। इस हादसे में केवल दो लोग बच पाए। उन्होंने किसी तरह रेगिस्तान पार कर असामाका तक पहुंचने में सफलता हासिल की और वहां अधिकारियों को घटना की जानक. ारी दी। जब बचाव दल मौके पर पहुंचा तो ट्रक के नीचे और उसके आसपास दर्जनों शव पड़े मिले। बचाव टीम ने मृतकों के शवों को सामूहिक कब्रों में दफना दिया।

## अमेरिकी सीनेट में पास हुआ +70 अरब का इमिग्रेशन बिल

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट ने शुक्रवार सुबह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की इमिग्रेशन एजेंसियों को फंड देने के लिए 70 अरब डॉलर का कानून पास कर दिया। हफ्तों की देरी और भारी विवाद के बाद यह बिल पास हो सका। विवाद की मुख्य वजह 1.776 अरब डॉलर का एक सेटलमेंट फंड था, जिसे लेकर सदन में काफी तीखी बहस हुई। सीनेट में इस बिल के पक्ष में 52 और विरोध में 47 वोट पड़े। यह पैसा अगले तीन वर्षों यानी ट्रम्प के कार्यकाल के अंत तक इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) और बार्डर पेट्रोल के कामकाज के लिए इस्तेमाल होगा।

वोटिंग शुक्रवार की सुबह हुई। रिपब्लिकन सदस्यों ने उन सभी संशोधनों को हरा दिया, जिनमें ट्रम्प के सेटलमेंट फंड पर हमेशा के लिए रोक लगाने की मांग की गई थी। विपक्ष का आरोप है कि इस फंड का इस्तेमाल ट्रम्प के उन राजनीतिक सहयोगियों के लिए हो सकता है, जो खुद को प्रताड़ित मानते हैं। रिपब्लिकन पार्टी के भीतर भी इस फंड को लेकर मतभेद दिखे। लुइसियाना के सीनेटर बिल कैसिडी ने प्रस्ताव दिया था कि इस फंड का पैसा छह जनवरी 2021 को कैपिटल हिल हमले में घायल हुए पुलिसकर्मियों को दिया जाए। हालांकि, रिपब्लिकन पार्टी ने अपने ही सदस्य के इस प्रस्ताव को गिरा दिया। सीनेटर थाम टिलिस ने भी चेतावनी दी थी कि यह फंड चुनाव में पार्टी के लिए मुसीबत बन सकता है, इसलिए इसे रोक देना चाहिए। एक्टिंग अटार्नी जनरल टाड ब्लैंच ने पहले कहा था कि यह फंड आगे नहीं बढ़ेगा, लेकिन ट्रम्प ने इस पर संदेह पैदा कर दिया। ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा कि यह सेटलमेंट बहुत महत्वपूर्ण है और उन्हें नहीं पता कि यह रुका है या खत्म हो गया है। वहीं, डेमोक्रेटिक नेता चक शूमर ने रिपब्लिकन पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे जनता के पैसे की सुरक्षा के लिए केवल ट्रम्प के करीबियों के वादे पर भरोसा कर रहे हैं, जो जवाबदेही नहीं है। आईसीई और बार्डर पेट्रोल के लिए यह फंड महीनों से अटका हुआ था। जनवरी में संघीय एजेंटों की गोलीबारी में दो प्रदर्शनकारियों, रेनी गुड और एलेक्स प्रेटी की मौत हो गई थी। इसके बाद डेमोक्रेट्स ने इमिग्रेशन नीतियों में बदलाव की मांग करते हुए फंड रोक दिया था। वे चाहते थे कि अधिकारियों की पहचान और वारंट की प्रक्रिया को सख्त बनाया जाए।

■ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सेटलमेंट फंड पर नहीं लगी रोक

## संक्षिप्त समाचार

### फीफा वर्ल्ड कप देखने नहीं पहुंच पाएंगे हजारों ईरानी फैंस

**तेहरान।** 2026 फीफा वर्ल्ड कप में ईरान की टीम मैदान पर उतरेगी, लेकिन उसके हजारों समर्थक स्टेडियम तक नहीं पहुंच पाएंगे। अमेरिका के वीजा प्रति. बंध और हालिया ईरान-अमेरिका तनाव ने ईरानी फैंस के लिए टूर्नामेंट देखने का रास्ता मुश्किल बना दिया है। ईरान ने मार्च 2025 में ही फीफा वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई कर लिया था। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले अमे. रिकी नीतियों ने ईरानी समर्थकों की उम्मीदों को झटका दिया है।

### कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में इबोला के 381 मामले, 63 लोगों की मौत

**किशासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में इबोला वायरस के पुष्ट मामलों की संख्या बढ़कर 381 से अधिक हो गई है, जिनमें से 63 लोगों की मौत हो चुकी है। डीआरसी के स्वास्थ्य मंत्री रोजर कंब ने गुरुवार शाम को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वर्तमान में लगभग 233 मरीजों को स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया गया है। इनमें से कुछ लोगों को जांच रिपोर्ट आने तक अलग रखा गया है, तो कुछ लोगों का बीमारी के लक्षण दिखने बाद इलाज किया जा रहा है।

### 1996 की यादों में लौटे मनोज बाजपेई

**मुंबई।** आगामी फिल्म गवर्नर को लेकर दर्शकों के बीच उत्साह लगातार बढ़ रहा है। भारत के आर्थिक इतिहास के महत्वपूर्ण दौर पर आधारित इस फिल्म में अभिनेता मनोज बाजपेई मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है और मनोज बाजपेई के आरबीआई गवर्नर के किरदार की काफी सराहना हो रही है।

## किम जोंग ने दिखाई नई परमाणु फैक्टरी

**सियोल।** परमाणु हथियारों का जखीरा बढ़ाने के लिए उत्तर कोरिया ने बृहस्पतिवार को इनका ईंधन बनाने वाले एक नए संयंत्र का खुला. सा किया है। वहीं, तानाशाह किम जोंग उन ने देश की परमाणु ताकत तेजी से बढ़ाने की कई योजनाओं का भी एलान किया।

इससे दक्षिण कोरिया, अमे. रिका समेत कई प्रतिद्वंदी देशों की चिंता बढ़ गई है। उत्तर कोरियाई सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए के मुताबिक, यह संयंत्र पहले से अधिक उन्नत तकनीक का इस्तेमाल करता है लेकिन इसकी जगह और शुरू होने की तारीख नहीं बताई। हालांकि केसीएनए की जारी तस्वीरों में एक बड़े हाल में हथियार-स्तर का यूरेनियम तैयार करने के लिए बड़ी संख्या में सेंट्रीफ्यूज मशीनें दिखाई दी हैं। किम ने बुधवार को संयंत्र के दौरे के दौरान कहा कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया जैसे सबसे आक्रामक दुश्मनों के साथ बढ़ते टकराव से देश की परमाणु प्रतिरोधक क्षमता को मात्रा और गुणवत्ता दोनों में मजबूती देना जरूरी हो गया है। उन्होंने अन्य वैश्विक संकटों और सुरक्षा चुनौतियों का भी हवाला दिया। उन्होंने दावा किया कि बीते पांच साल में देश की हथियार-स्तर परमाणु सामग्री उत्पादन क्षमता दोग. ुने से अधिक बढ़ चुकी है। परमाणु गतिविधियों को तेज करने पर आईएईए का खुलासा उत्तर कोरिया के सितम्बर 2024 में सामने आए एक अन्य गुप्त यूरेनियम संवर्धन संयंत्र के बाद सामने आया है।

■ हथियारों का जखीरा बढ़ाने का किया एंलान यूएस-दक्षिण कोरिया की बढ़ी चिंता

## अमेरिका ने क्यूबा के राष्ट्रपति पर नए दबाव अभियान के तहत प्रतिबंध लगाए

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका ने क्यूबा पर दबाव बढ़ाने के लिए राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल और कई अन्य लोगों एवं संस्थाओं पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। अमेरिकी वित्त विभाग की वेबसाइट पर गुरुवार को जारी जानकारी के अनुसार विभाग ने डियाज-कैनेल, चार अन्य लोगों और पांच संस्थाओं (जिनमें क्यूबा का 'रिवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेस' मंत्रालय भी शामिल है) को विशेष रूप से नामित नागरिकों और प्रतिबंधित व्यक्तियों की सूची में शामिल किया है। डियाज-कैनेल ने 2018 में राउल कास्त्रो की जगह क्यूबा के राष्ट्रपति का पद संभाला था।मई में अमेरिकी सरकार ने क्यूबा के 11 अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाए थे और 1996 में क्यूबा से निर्वासित लोगों से जुड़ी एक घटना को लेकर राउल कास्त्रो पर आरोप लगाए थे।

# कुवैत एयरपोर्ट पर हमले के आरोपों से ईरान का इंकार

## ईरान का दावाः पैट्रियट मिसाइल सिस्टम की खराबी से हुआ नुकसान



■ एयरपोर्ट को हुआ नुकसान अमेरिकी निर्मित पैट्रियट रक्षा प्रणाली की विफलता के कारण हुआ

**तेहरान।** भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए हमले में ईरान की भूमिका से इन्कार किया है।

उन्होंने कहा है कि तेहरान की सैन्य जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि एयरपोर्ट की ओर कोई ईरानी मिसाइल नहीं दागी गई थी। उन्होंने दावा किया कि एयरपोर्ट को हुआ नुकसान अमेरिकी निर्मित पैट्रियट रक्षा प्रणाली की विफलता के कारण हुआ, जिसके इंटरसेप्टर मिसाइल लक्ष्य भेदने में असफल रहने के बाद टर्मिनल क्षेत्र में गिर गए। आईएएनएस को दिए एक साक्षात्कार में फतहाली ने कहा कि ईरान अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए सभी आवश्यक क्षमताओं का उपयोग करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कुवैत और बहरीन द्वारा अपने क्षेत्र और सैन्य सुविधाओं का इस्तेमाल ईरान के खिलाफ हमलों के लिए करने देना अंतर्राष्ट्रीय कानून और अच्छे पड़ोसी संबंधों का उल्लंघन है। राजदूत ने कहा कि ईरान युद्ध नहीं चाहता और विवादों के समाधान के लिए हमेशा कूटनीति और संवाद का समर्थन करता है। हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि 8 अप्रैल को घोषित युद्धविराम का अमेरिकी बलों ने कई बार उल्लंघन किया, जिसके जवाब में ईरान ने आत्मरक्षा के अधिकार के तहत कार्रवाई की। अमेरिकी संसद में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ईरान संबंधी सैन्य शक्तियों को सीमित करने वाले प्रस्ताव पर फतहाली ने कहा कि यह अमेरिका का आंतरिक मामला है, लेकिन तनाव कम करने और क्षेत्रीय शांति बनाए रखने की दिशा में उठाया गया कोई भी कदम सकारात्मक है। इजरायल-लेबनान संघर्ष पर ईरान के रुख को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि लेबनान की संप्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थाई शांति के लिए लेबनान के खिलाफ युद्ध समाप्त होना आवश्यक है।

### ईरानी राजदूत बोलेः मुश्किल समय में भारत हमारे साथ खड़ा रहा


**नई दिल्ली।** भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने कठिन दौर में मिले समर्थन के लिए भारतीय जनता का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जब ईरान अपने नेताओं को खोने के दुख से गुजर रहा था, तब भारत के लोगों ने संवेदनशीलता और सहानुभूति के साथ उनका साथ दिया। नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फतहाली ने कहा कि भारत और ईरान के बीच संबंध केवल सरकारों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि दोनों देशों के लोगों के बीच भी गहरा जुड़ाव है। उन्होंने कहा कि हालिया संकट के दौरान भारतीय जनता ने ईरान के प्रति गहरी सहानुभूति दिखाई और दुख की घड़ी में साथ खड़ी रही।

# गाजा में फिर इजरायल के हवाई हमले

## महिलाओं-बच्चों समेत 10 की मौत, सीजफायर के बीच भी जारी हिंसा

**गाजा।** पश्चिम एशिया में इस समय वार्ता और संघर्ष दोनों साथ चल रहे हैं। गाजा से लेकर लेबनान तक लगातार हवाई हमलों, जवाबी कार्रवाई और संघर्ष विराम के बावजूद हो रही मौतों ने हालात को और गंभीर बना दिया है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, सीजफायर लागू होने के बाद भी अब तक 936 लोगों की मौत हो चुकी है।

मंत्रालय को संयुक्त राष्ट्र और स्वतंत्र विशेषज्ञों द्वारा विश्वसनीय माना जाता है, हालांकि यह नागरिकों और लड़ाकों का अलग-अलग आंकड़ा जारी नहीं करता। इजरायल का कहना है कि हमले उन घटनाओं के जवाब में किए जाते हैं जिनमें समझौते का उल्लंघन या सुरक्षा खतरा शामिल होता है। इजरायल की सेना ने दावा किया कि उत्तरी गाजा में हुए हमलों में हमास के चार लड़ाकों को मार गिराया गया है। सेना के अनुसार ये लोग हमास नेतृत्व की सुरक्षा और खुफिया जानकारी से जुड़े थे। सेना ने यह भी कहा कि हमलों से पहले नागरिकों को नुकसान से बचाने के लिए सटीक हथियारों और निगरानी का उपयोग किया गया। हालांकि शाम के हमले को लेकर सेना ने तत्काल कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी। गाजा पट्टी में इजरायली हवाई हमलों ने एक बार फिर हालात को तनावपूर्ण बना दिया है।



■ सीजफायर लागू होने के बाद भी अब तक 936 लोगों की मौत हो चुकी है

स्थानीय अस्पतालों के अनुसार गुरुवार को हुए अलग-अलग हमलों में कम से कम 10 फलस्तीनियों की मौत हो गई। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। यह हमले ऐसे समय में हुए हैं जब क्षेत्र में पहले से ही जारी संघर्ष और सीजफायर के बावजूद हिंसा की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। गाजा सिटी में शिफा अस्पताल के अनुसार रातभर में चार अलग-अलग हमलों में नौ लोगों की मौत हुई। अस्पताल ने बताया कि मृतकों में दो महिलाएं और दो बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, रेड क्रास द्वारा संचालित सराया फील्ड अस्पताल ने बताया कि गुरुवार शाम हुए एक और हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक हमले में रिहायशी इमारत की ऊपरी मंजिल पर बड़ा धमाका हुआ, जिससे दीवारें टूट गईं और घर का सामान बिखर गया। हमलों के बाद अस्पतालों में परिजनों की भीड़ उमड़ पड़ी।

## जेलेंस्की ने पुतिन को लिखा खुला पत्र

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को एक सार्वजनिक पत्र लिखकर सीधे आमने-सामने बात. चीत का प्रस्ताव दिया है। वर्ष 2022 में रूस द्वारा यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर हमला शुरू किए जाने के बाद यह पहला मौका है जब जेलेंस्की ने पुतिन को सार्वजनिक रूप से संबोधित करते हुए पत्र लिखा है। अपने पत्र में जेलेंस्की ने कहा कि युद्ध समाप्त करने के लिए दोनों नेताओं के बीच सीधी बातचीत जरूरी है। उन्होंने सुझाव दिया कि यह बैठक किसी तटस्थ देश में आयोजित की जा सकती है। इसके लिए उन्होंने स्विट्जरलैंड, तुर्की या किसी अरब देश का नाम संभावित मेजबान के रूप में लिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बातचीत न तो मास्को में होनी चाहिए और न ही कीव में। जेलेंस्की ने लिखा कि बड़े और महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान हमेशा देशों के नेता ही करते हैं। उन्होंने पुतिन से ऐसी बैठक के लिए एक निश्चित तारीख तय करने की अपील भी की। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि केवल अमेरिका पर निर्भर रहकर युद्ध समाप्त होने का इंतजार करना सही नहीं होगा।

गुप्त समस्याएं
बचपन की गलतियाँ
धात, स्वपनदोष, नामर्दी, शीघ्रपतन



लिंगदोष, वीर्यदोष, नसों में ढीलापन ल्यूकोरिया, शुक्राणुहीनता, पेशाब रोग
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नुमाईश ग्राउंड के ठीक सामने मेरठ रोड, मुजफ्फर नगर
M-9359406499